

■ ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल - 12



■ पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी - 12



■ कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे - 13



■ संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकते हैं मैच- 14


आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान

19.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.17 | सूर्यास्त 06.18


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी उपरांत 09:41 त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 16 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 204, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे पीएनजी उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने लगाई रोक, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते लिया फैसला

सरकार ने पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों के लिए सब्सिडी वाला एलपीजी कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके।

इसके तहत अब पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करना जरूरी हो गया है। संशोधित आदेश में



कहा गया है, वितरक उन उपभोक्ताओं को भरा गैस सिलेंडर नहीं देंगे, जिनके पास पहले से एलपीजी कनेक्शन हैं। इस कदम का मकसद उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देना है जिनके पास पाइप के जरिये गैस की आपूर्ति की सुविधा नहीं है।

## ईरान ने सऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी देशों पर मिसाइल-ड्रोन दागे


- पहली बार ईरान ने दी खुली धमकी, यूएई के लोगों से तीन बंदरगाह खाली करने को कहा

काहिरा, एजेंसी

ईरान ने हमलों का दायरा और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच इजराइल और फारस की खाड़ी के आसपास के पड़ोसी देशों पर हमले किए। इस संघर्ष के कारण वैश्विक विमानन सेवाएं अस्त-व्यस्त हो गई हैं, तेल निर्यात बाधित हुआ है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें आशा है कि तेल व गैस के निर्यात पर निर्भर देश हॉर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजेंगे। हालांकि रविवार तक किसी भी देश ने इसके लिए प्रतिबद्धता नहीं जताई, लेकिन कुछ देशों ने कहा कि वे इस पर विचार कर रहे हैं। इजराइल ने कहा कि उसने रविवार को भी ईरान पर हमले जारी रखे। बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कोई साक्ष्य दिए बिना कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में बंदरगाहों, डॉक और ठिकानों का इस्तेमाल किया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात से खार्ग और अबू मूसा द्वीपों पर हमले किए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति खतरनाक है और ईरान कोशिश करेगा कि 'वहां किसी भी आबादी वाले इलाके पर हमला न किया जाए।



ईरानी हमले के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइलों को रोकने के लिए गोलीबारी की।

### भारत का टैंकर यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद सुरक्षित निकला

नई दिल्ली। तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है। सरकार ने रविवार एक अद्यतन सूचना में कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। जग लाडकी नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10 .30 बजे निकला और इस पर सवार सभी सदस्य सुरक्षित हैं, और अब यह भारत के लिए रवाना हो गया है। 'जग लाडकी' चौथा भारतीय ध्वजवाहक जहाज है जो युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के बाहर निकला है।

### ब्रीफ न्यूज

#### रैपर बादशाह को जान से मारने की धमकी, 'टटीरी' पर विवाद बढ़ा

चंडीगढ़। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सहयोगियों से जुड़ी एक अपुष्ट पोस्ट रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें रैपर-संगीतकार बादशाह को जान से मारने की धमकी दी गई है। बादशाह के नाम से लोकप्रिय आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया अपने नए हरियाणवी गीत 'टटीरी' के जारी होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। गीत के अश्लील बोल और अनुचित दृश्यों को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और राज्य महिला आयोग ने उन्हें तलब किया है। फेसबुक पर सामने आई कथित पोस्ट में आरोप लगाया गया कि रैपर ने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है।

#### करूर भगदड़ : सीबीआई ने टीवीके के प्रमुख विजय से सात घंटे पूछताछ की

नई दिल्ली। सीबीआई ने पिछले साल तमिलनाडु के करूर में टीवीके की रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत के मामले में रविवार को यहां अपने मुख्यालय में पार्टी के प्रमुख और अभिनेता विजय से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय पूछताछ और अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शाम करीब छह बजे एजेंसी के मुख्यालय से रवाना हुए। विजय से तीसरी बार पूछताछ की गई है।

## पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु व असम समेत 5 राज्यों में चुनाव घोषित, नतीजे 4 मई को

### चुनाव आयोग ने तारीखों का किया एलान, 23 और 29 अप्रैल को बंगाल में होगी वोटिंग

- तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम और केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बंगाल में दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, गोवा, कर्नाटक, नगालैंड, त्रिपुरा की पांच सीटों पर उपचुनाव 9 अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात व महाराष्ट्र की तीन सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।




नई दिल्ली में चुनाव के बारे में घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

**राज्यों में विधानसभा की संख्या**

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 234 |
| प. बंगाल | 294 |
| केरल | 140 |
| असम | 126 |
| पुडुचेरी | 33 |

### चुनाव के लिए 824 निर्वाचन क्षेत्र तय, 17.4 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17 .4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2.19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के कुल मतदाताओं की संख्या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा की जनसंख्या के बराबर है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 20 देशों के चुनाव निकायों के प्रतिनिधि भारत के लोकतंत्र के उत्सव का अनुभव प्राप्त करने के लिए चुनाव वाले राज्यों का दौरा करेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है। एसआईआर के दौरान अच्छा काम करने के लिए बीएलओ को बधाई भी दी। बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे।

### चुनावी राज्यों में कई मतदान केंद्र होंगे अनूठे

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,500 से कम मतदाताओं वाले तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम को बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होकर गुजरना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। कुमार ने विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों तथा पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अनूठे मतदान केंद्रों पर प्रकाश डाला। सीईसी ने कहा, मतदान टीम असम के माजुली से नौका और सड़क मार्ग से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा करती हैं, ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती हैं और अंत में ट्रैक्टर से 248 मतदाताओं वाले सुदूर धनेखाना मतदान केंद्र पहुंचती हैं।

## आस्था-जाति व संप्रदाय पर अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं : मुख्यमंत्री

- उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा विवाद पर सीएम सख्त, सभी भर्ती बोर्डों को कड़े निर्देश, कहा- आपत्तिजनक प्रश्न बनाने वालों को करें प्रतिबंधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र से जुड़े विवाद पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ या संप्रदाय की आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

योगी ने प्रश्नपत्र के एक सवाल में अवसर के अनुसार बदल जाने वाले विकल्प में पंडित शब्द देने के मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को राजस्थान रवाना होने से पहले उच्चाधिकारी की बैठक की। सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन को निर्देश दिया है कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा, पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि ऐसी कोई भी सामग्री प्रश्नपत्र में शामिल न हो, जिससे किसी की धार्मिक या सामाजिक भावनाएं आहत हों। योगी ने कहा कि जिन पेपर सेटर्स का इस प्रकार के विवादित प्रश्नों से जुड़ा रिकॉर्ड रहा है, उन्हें तत्काल प्रतिबंधित (ब्लैकलिस्ट) किया जाए। साथ ही यह प्रावधान पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



**प्रमुख निर्देश**

- भर्ती परीक्षाओं में आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी पूरी तरह प्रतिबंधित
- सभी भर्ती बोर्ड पेपर सेटर्स को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें
- विवादित प्रश्न बनाने वाले हैबिचुअल ऑफेंडर्स को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए
- प्रावधान को पेपर सेटर्स के एमओयू में शामिल किया जाए

## कई जिलों में तेज आंधी-बारिश बिजली गिरने से 2 की गई जान



बरेली के मीरगंज में आंधी-बारिश के बाद बिछी गेहूं की फसल।

- 35 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी, फसलों के नुकसान की चिंता
- हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत करीब 15 शहरों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई, जबकि लखनऊ और आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी के साथ आंधी चली। मौसम में आए इस बदलाव के बीच आकाशीय बिजली गिरने से सीतापुर और हरदोई में दो लोगों की मौत हो गई। सीतापुर के बिसवां क्षेत्र के झउवा खुर्द गांव में घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठी दो महिलाओं पर बिजली गिर गई। इसमें 55 वर्षीय विमला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

वहीं हरदोई के अरवल क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर गांव में खेत में काम कर रहे किसान अवधेश सिंह पर बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई और उनके दो बेटे झुलस गए। हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिर गई, जिससे अंदर रखी करीब 10 हजार बोरी आलू मलबे में दब गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और कई जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। सोमवार को वाराणसी, प्रतापगढ़ समेत 40 से अधिक जिलों में बादलों की आवाजाही, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई गई है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

### योगी ने पश्चिमी यूपी में बारिश से फसल नुकसान की रिपोर्ट मांगी

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा के बाद किसानों की फसलों को संभावित नुकसान की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड में जाकर किसानों से संवाद करें और फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राहत आयुक्त फील्ड के अधिकारियों से सीधा समन्वय बनाए रखें और नुकसान का आकलन प्राप्त होने के बाद समयबद्ध तरीके से मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके।

## इच्छामृत्युः हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु के फैसले के बाद गाजियाबाद के हरीश राणा को शनिवार को एम्स में शिफ्ट किया गया है। जहां उन्हें पैलिएटिव केयर विभाग में रखा गया है। एम्स के डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हरीश को पैलिएटिव केयर विभाग में भर्ती करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनके हेल्थ का परीक्षण करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस विभाग में हरीश का पेन मैनेजमेंट किया जाएगा। साथ ही उन्हें कोई भी लाइफ सपोर्ट नहीं दिया जाएगा। धीरे-धीरे लाइफ सपोर्ट को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एक्सपर्ट के अनुसार, इस तरह के मामले में पहले कमिटी मरीज का असेसमेंट किया जाता है।

उसके दर्द को कंट्रोल करेगी, ताकि मरीज को किसी भी प्रकार का दर्द न हो। इसलिए इस प्रोसेस में थोड़ा समय लगने की संभावना है। ऐसा नहीं है कि मरीज एडमिट होगा और दूसरे दिन पैसिव यूथेनेशिया दिया जाएगा।



- इच्छा मृत्यु के लिए एम्स के पैलिएटिव केयर में किया गया शिफ्ट

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत

- मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा, 7 घायल

काठमांडू। नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। पुलिस के अनुसार, बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी तभी गोरखा जिले में सड़क से नीचे गिर गई।

गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और ये सभी भारतीय नागरिक हैं। जिला पुलिस कार्यालय प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है। सात अन्य घायल यात्रियों को बचा लिया गया है और उनका आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बस का चालक बाल-बाल बच गया, जबकि सहायक घायल हो गया।

**संज्ञान** | गंगा के पुनर्जीवन और संरक्षण के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन का रिकॉर्ड मांगा, पूछा-अवैध निर्माण हटाने को क्या कदम उठाए

## गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, केंद्र से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने केंद्र को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा।

कोर्ट ने कहा, उपरोक्त अधिसूचना के बेहतर व प्रभावी कार्यान्वयन में प्राधिकरण (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन प्राधिकरण) के सामने कौन-कौन सी बाधाएं या रुकावटें आ रही हैं? पीठ ने कहा, उपर्युक्त सभी राज्यों से होकर बहने वाली गंगा नदी की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नदी के मैदानी क्षेत्र और किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमणों से मुक्त हों, प्राधिकरण क्या कदम उठाने का इरादा रखता है? कोर्ट ने गंगा बेसिन के कई राज्यों को नोटिस जारी किया और कहा कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत मामलों से परे व्यापक जांच की आवश्यकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष कोर्ट पटना निवासी अशोक सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उन्होंने एनजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में पर्यावरण की दृष्टि से बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ याचिका खारिज कर दी गई थी।





### नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना मुख्य मुद्दा

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर 2016 की अधिसूचना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत जारी की गई थी, जिसका उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तय करना है। इसमें नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, प्रदूषण को रोकना और नदी के किनारों तथा फ्लडप्लेन की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। कोर्ट ने कहा कि लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुए इन प्रावधानों की प्रभावशीलता की समीक्षा जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और बिहार सरकार को अगली सुनवाई से पहले अपडेटेड रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल 2026 को होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने डकैती और लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अयोध्या के पूराकलंदर इलाके से पकड़ा गया। उसके खिलाफ दो वर्ष पूर्व डकैती व लूट का मामला दर्ज था। तभी से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी प्रखर रावत उर्फ प्रखर कुमार उर्फ टेनिस है। उसे टीम ने जनौरा स्थित भीमसेन पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूराकलंदर के पुरवा टोनिया, पोस्ट डाभासेमर का रहने वाला है। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, पूराकलंदर इलाके में 2025 में हुए लूट और डकैती से जुड़े मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब चार वर्ष पहले वह नशे का आदी हो गया। पैसों की कमी होने पर दोस्तों के साथ चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल होने लगा।


प्रखर रावत

### इनामी गैंगस्टर को एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शनिवार देर रात को 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ ने यह कार्रवाई कानपुर-इटावा हाइवे स्थित कानपुर देहात के रनिया इलाके में की। आरोपी के खिलाफ चंदौली में गोवध निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कौसर अली उर्फ पहू कौशांबी के कोखराज स्थित पुरानी बाजार भरवारी का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली के सैयदराजा थाने में 2023 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि कौसर अली नेशनल हाइवे-2 पर रनिया स्थित एडविल्स प्रा. लि. मयूर बनस्पति मिल के पास मौजूद था। टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका एक गिरोह है, जो यूपी, हरियाणा, पंजाब और बिहार से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर असम और पश्चिम बंगाल भेजता है। वर्ष 2023 में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह बिहार, हरियाणा, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में छिपकर रह रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी था। उसके खिलाफ कुर्की की भी कार्रवाई की जा चुकी है।


कौसर अली

### सरस महोत्सव में महिलाओं को सौंपे चेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित 'सरस महोत्सव' के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए और उनके स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने रविवार को विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है और ऐसे आयोजन स्थानीय हुनर को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद कुमार विंद सूंम समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# देश की नींव कमजोर कर रही जाति की राजनीतिः योगी

## चित्तौड़गढ़ में आयोजित 'जौहर श्रद्धांजलि समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा- मेरे दादा गुरु इसी भूमि से गए थे गोरखपुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का पता नहीं, महाराणा के वंशज मंच पर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद फैलाने वालों को चित्तौड़गढ़ की धरती से आगाह किया कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति फिर से गुलामी की तरफ धकेल रही है। इससे बचने के लिए हमें एकजुटता के भाव से बढ़ना होगा।

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ किले में रविवार को आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह की पुस्तक का विमोचन भी किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां सुनाईं कि, "मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का-वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का। पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर, क्रूर।" मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें कुछ नहीं करना है, वे जातिवाद के आधार पर सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का पाप कर रहे हैं। जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया था, इसलिए देश कमजोर हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं – "एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है..."। खिलजी के नाम पर भारत में आज कोई नमूना दिखाई नहीं देता। बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का अतापता नहीं है, लेकिन महाराणा प्रताप की वंशावली महाराजा साहब मंच पर उपस्थित हैं।

रानी पद्मिनी की वंशावली सैकड़ों वर्ष बाद आज भी है। सनातन की मर्यादा सदैव अमर है और रहेगी।

### नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता

सीएम योगी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था।


चित्तौड़गढ़ किले में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े

योगी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि समारोह प्रेरित कर रहा है कि आने वाले समय में किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े। 1303, 1535 और 1568 में तीन बड़े जौहर यहां देखने को मिले। शत्रु हमेशा धोखे से ही वीरों का मुकाबला कर पाए। आमने-सामने की लड़ाई में वे कहीं नहीं टिके। माता सीता ने धरती मां से कहा था कि अगर मेरा सतीत्व अखंड है तो मुझे अपनी गोद में समाहित करो। माता सीता का जो संकल्प था, वही संकल्प धर्म जौहर के नाम पर महारानी पद्मिनी ने यहां दिखाया था। यह संकल्प नारी गरिमा का प्रतीक था। यह भारत माता को विधर्मियों से मुक्त करने का संकल्प था।


बच्चे के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### ... और पूरी हो गई स्कूली बच्चे की इच्छा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे बच्चे को मंच पर बुलाया और उसके मोबाइल से सेल्फी ली। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में थे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया।

# सत्ता की मास्टर चाबी जरूरी : मायावती

## कांशीराम जयंती पर बसपा से जुड़ने का किया आह्वान, अन्य पार्टियों को बताया अवसरवादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने बहुजन समाज के लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वे सच्चे, ईमानदार और मिशनरी अंबेडकरवादी बनें। कहा कि सत्ता की "मास्टर चाबी" हासिल करके ही संविधान में बहुजनों के हित, कल्याण और उत्थान के लिए दिए गए अधिकारों को जमीन पर लागू किया जा सकता है। इससे समाज के कमजोर वर्गों को गरीबी और मजबूरी से मुक्ति मिल सकेगी और उन्हें बेहतर जीवन मिलेगा।

बसपा प्रमुख ने रविवार को पार्टी संस्थापक काशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा, कांशीराम ने बीआर आंबेडकर की विचारधारा और आंदोलन को पूरे देश में आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। पार्टी की ओर से मायावती के जारी बयान में कहा गया कि कांशीराम के "सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति" के आंदोलन को मजबूत बनाने और चुनावी सफलता हासिल करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही दावा किया कि बहुजन समाज के हितों के लिए वही "असली पार्टी और आंदोलन" है। पार्टी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी समेत अन्य विरोधी दलों की कथनी और करनी में अंतर है, जिससे बहुजन समाज की एकता और सत्ता प्राप्ति के मिशन को नुकसान होता है।


लखनऊ : मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने भारी संख्या में पहुंचे बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की जयंती, दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** बामसेफ, डीएस-4 और बसपा के संस्थापक काशीराम की 92वीं जयंती रविवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित मान्यवर काशीराम मेमोरियल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि समारोह में बुद्ध वंदना के बाद अतिथियों द्वारा भन्तेगणों को चीवर दान दिया गया। कार्यक्रम में बसपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने कांशीराम साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री ज्ञान चरण दिनकर, सूरज सिंह जाटव, एमएलसी नौशाद अली समेत डॉ. विजय प्रताप समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे ।

### कांशीराम ने वंचितों और शोषितों को किया संगठित : तनुज पुनिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र .अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष और बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि कांशीराम ने समाज के वंचित, शोषित और दलित वर्गों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। सांसद रविवार को बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की जयंती के अवसर पर कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ .अमरनाथ पासवान व मनीश हिन्दवी समेत पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# बहुजन समाज के लिए कांशीराम ने जीवन भर किया संघर्ष : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने प्रदेशभर में मनाई कांशीराम की 92वीं जयंती

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को सपा कार्यालयों में बहुजन नेता कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जारी संदेश में कहा कि कांशीराम एक प्रमुख भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजन समाज को सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर दलित समाज में आत्मसम्मान की भावना जगाई और उन्हें राजनीति में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कांशीराम और मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में हुए गठबंधन से राज्य में साझा सरकार बनी थी। प्रदेश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्गों के बीच नए संबंध बने। यही नहीं, सपा ने कांशीराम को इटावा से लोकसभा पहुंचाने का काम किया और उन्हें हमेशा सम्मान दिया।


सपा मुख्यालय पर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते पार्टी नेता।


कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

### कांशीराम जयंती पर कांग्रेस ने लगाए चिकित्सा शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन नेता काशीराम की जयंती के अवसर पर उप्र. कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में 'स्वास्थ्य सृजन अभियान' के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। लखनऊ के दुबग्गा स्थित काशी राम कालोनी में संपन्न चिकित्सा शिविर का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कांशीराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किये।

# बीसी सखी योजना में देश में अव्वल रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्तर प्रदेश की बीसी सखी योजना देश में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला के अनुसार, प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 40 हजार महिलाएं गांवों में बिजनेस कॉरेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी) के रूप में कार्य कर रही हैं। ये महिलाएं माइक्रो एटीएम और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से कैश निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाएं ग्रामीणों तक पहुंचा रही हैं। इस योजना के माध्यम से अधिकांश बीसी सखियां औसतन 10 से 15 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं, जबकि कई महिलाएं कमीशन के जरिए 40 से 50 हजार रुपये तक कमा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय जुड़ रहा है। बीसी सखी योजना में प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को गांवों में तैनात किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध हो रही हैं।

### विवादित प्रश्न पर मंत्री ने जताई आपत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज जताया है। मंत्री ने कहा कि प्रश्न के विकल्प में "पण्डित" शब्द का शामिल होना न केवल अनुचित है, बल्कि इसका कोई औचित्य भी नहीं है। उच्च शिक्षा मंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखते हुए बताया कि इस प्रकार के प्रश्न और विकल्प सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकते हैं और किसी विशेष जाति, वर्ग या परंपरा की भावनाओं को आहत करते हैं। उन्होंने इसे पेपर सेटर की जानबूझकर की गई असंवेदनशील हरकत बताया और दोषी की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# फूड लाइसेंस के नवीनीकरण की बाध्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएसएसएआई में अब स्वतः पंजीकृत माने जाएंगे स्ट्रीट वेंडर
- छोटे खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत, एक अप्रैल से लागू होंगे नए प्रावधान

**अमृत विचारः** खाद्य कारोबारियों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। नए प्रावधानों के तहत अब हर साल खाद्य लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य नहीं होगा। नियमों का गजट प्रकाशन हो चुका है और इन्हें एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

नए नियमों के अनुसार, नगर निगम या स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत पंजीकृत ठेले-खोमचे और फेरीवाले स्वतः ही एफएसएसएआई में पंजीकृत माने जाएंगे। इससे छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को दोबारा पंजीकरण कराने और लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य रहेगा।

नए प्रावधानों के तहत छोटे खुदरा विक्रेता, स्ट्रीट फूड विक्रेता, अस्थायी स्टॉल संचालक, फूड ट्रक संचालक और कुटीर स्तर के खाद्य उद्योग भी इस व्यवस्था में शामिल होंगे। जरूरी दस्तावेज पूरे होने पर अब पंजीकरण प्रमाणपत्र तुरंत जारी किया जा सकेगा। यदि कोई कारोबारी वार्षिक शुल्क या खाद्य सुरक्षा अनुपालन से जुड़ा रिटर्न जमा नहीं करता है तो उसका लाइसेंस या पंजीकरण स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके अलावा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अब जोखिम आधारित प्रणाली के तहत किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर थर्ड पार्टी से फूड सेफ्टी ऑडिट भी कराया जा सकेगा। पहले 12 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक के कारोबारियों को पंजीकरण मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह पहले 5 करोड़ रुपये तक के कारोबारियों को राज्य स्तर से लाइसेंस मिलता था और इससे अधिक टर्नओवर पर केंद्र से लाइसेंस लेना पड़ता था। अब यह सीमा बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई है। जिन कारोबारियों के लाइसेंस या पंजीकरण की वैधता 31 मार्च तक है, उन्हें फिलहाल नवीनीकरण कराना होगा। इसके बाद नए नियम पूरी तरह लागू हो जाएंगे।

### नए नियम

- पंजीकरण की टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़
- राज्य लाइसेंस की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़
- जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू

**एसआई भर्ती परीक्षा** | दो दिन व चार पालियों में कुल 10 .77 लाख ने दी परीक्षा, ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही नहीं किया डाउनलोड


# परीक्षा से 4 .98 लाख अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दूसरे दिन रविवार को 5,45,721 अभ्यर्थी ही पहुंचे परीक्षा देने

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा 14 व 15 मार्च को आयोजित की गई थी। परीक्षा प्रदेश के 75 जिलों के 1090 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। दो दिन के अंदर चार पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 68.33 प्रतिशत अभ्यर्थी यानी कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। करीब 4,98,357 ने परीक्षा छोड़ दी। इसमें ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। रविवार को दोनों पालियों में 7,87,880 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 5,45,721 ही पहुंचे। कड़ी सुरक्षा में परीक्षा सकुशल संपन्न करा दी गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा का आयोजन शनिवार व रविवार को किया गया। बोर्ड ने कुल उपनिरीक्षक व समकक्ष 4,543 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिन पदों पर भर्ती होनी है, उनमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के 4,242, महिला प्लाटून कमांडर (पीएसी बटालियन) के 106, पुरुष प्लाटून कमांडर के 135 तथा पुरुष प्लाटून कमांडर (उप्र विशेष सुरक्षा बल) के 60 पद शामिल हैं। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए दो दिन में चार पलियों में आयोजित की थी। कुल 15,75,760 अभ्यर्थियों में कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। इसमें बोर्ड की सख्ती व सुरक्षा को देखते हुए 4,98,357 ने छोड़ी परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड के अधिकारी के मुताबिक इसमें से करीब 2,49,179 अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। पहले दिन 14 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,939 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इनमें 2,63,839 ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पाली में कुल 3,93,941 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी और 2,67,843 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। 15 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,940 अभ्यर्थियों में 2,70,803 ही परीक्षा केंद्र पहुंचे। जबकि दूसरी पाली में 3,93,940 में 2,74,918 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान लगभग 16 हजार सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रही। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने हुसैनगंज कोतवाली में सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स, टेलीग्राम, व्हाट्सएप व यू-ट्यूब पर भ्रामक सूचना फैलाकर धन उगाही व ठगी करने वालों के विरुद्ध सात से अधिक मुकदमे भी दर्ज कराए। एसटीएफ इन मामलों में कई आरोपियों की तलाश कर रही है।




# जून तक पूरा होगा बुद्धवनम पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती में बन रहा पार्क अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार की सतत पर्यटन नीति के तहत जनपद श्रावस्ती में विकसित किया जा रहा बुद्धवनम पार्क इस वर्ष जून के अंत तक पूरा होने की संभावना है। परियोजना के पूरा होने से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है और यह स्थल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

श्रावस्ती विश्व में बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। यहां श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान सहित कई देशों से बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप इस क्षेत्र को बौद्ध पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना के तहत पार्क के लैंडस्केप क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाओं का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। धर्मचक्र से संबंधित आठ संरचनाओं के आरसीसी फाउंडेशन तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा म्यूरल वॉल के लिए आरसीसी स्ट्रक्चर बन चुका है, जिस पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। सेंटर पाथ-वे और स्टेप गैलरी के लिए ब्रिक वर्क का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है।



### विकसित हो रहीं आधुनिक सुविधाएं

पार्क में आने वाले पर्यटकों को बौद्ध धर्म और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देने के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जा रहा है। इसके कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही पर्यटकों के ठहरने के लिए डॉर्मेट्री का निर्माण अंतिम चरण में है, जहां आंतरिक प्लास्टर और फ्लोरिंग का कार्य चल रहा है।

न्यूज ब्रीफ

### आज से भाजपा का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को राम जानकी महाविद्यालय बैरी सवाई में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम सात सत्रों में होगा। इसमें राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला सहित जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक बबलू शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, राजेश तिवारी, मदन पांडे, श्याम सिंह सिसोदिया, मनोज शुक्ला, मलखान सिंह चौहान, रागिनी भदोरिया आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने दी।

### प्रखर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे वीरसेन

**मुंगीसापुर।** पारस गार्डन के संचालक प्रखर निरंकारी की शोक सभा में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय नेता वीरसेन यादव पहुंचे शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रखर निरंकारी के पिता राजेंद्र कटियार (पारस) से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर कैप्टन रामशंकर प्रजापति, पूर्व प्रमुख राधाकृष्ण कटियार, पवन कटियार, पूर्व प्रधान राजाराम कटियार, युवा नेता रोहित कटियार सहित अनेक लोग शोक सभा में शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दो हादसों में महिला समेत तीन घायल

**रसूलाबाद।** दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोग घायल हुए। अचानक बाइक से उछलकर गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट लग गई, परिजन सीएचसी ले गए। वहां इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया गया। इसी प्रकार, अकबरपुर बन्नाखजा निवासी बाबू 30 पुत्र आदिल व माधवपुर तिर्वा कन्नौज निवासी मनीष कुमार 45 भी अलग-अलग जगह बाइक से गिरकर घायल हो गए।

### दो युवकों ने खाया जहर, हालत नाजुक

**रसूलाबाद।** अलग-अलग गांव में दो युवकों ने जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां इलाज किया गया। कछवाहेन निवादा निवासी सुधीर 40 पुत्र रतीराम व केशव नगर निवासी दीपक 22 पुत्र राजेश कुमार ने घरेलू कारणों से दुखी होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। वहां ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने दोनों का इलाज किया।

### बाइकों में टक्कर से महिला घायल

**रसूलाबाद:** कस्बे में बेला रोड स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा के समीप आगे जा रही एक बाइक के पीछे आ रहे बाइक सवार टक्कर मार दी। इसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी रसूलाबाद ले जाया गया है। वहां उसकी गंभीर दशा के चलते उसे हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया है। जिंदपुर थाना बेला औरैया निवासी राजेश अपनी मां फूलन देवी व पुत्री पूनम सात के साथ बाइक से भगवंतपुर कहिंजरी जा रहे थे। रसूलाबाद बेला रोड स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा के समेत पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे फूलन देवी सड़क पर सिर के बल गिर गई और उन्हें गंभीर चोटे आई हैं।

## डिजिटल हैरेस्टमेंट पर साइबर पुलिस ने संदिग्धों को दिया नोटिस

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** 14 मार्च रात्रि को दिल्ली साइबर पुलिस की एक टीम ने दिल्ली महिला एसपी के साथ साइबर ठगी के मामले में दर्ज मुकदमे के सिलसिले में रसूलाबाद नगर के 15 लोगों को हिरासत में लेकर उन्हें डिजिटल हैरेसमेंट करने के नाम पर नोटिस थमाया है। 15 तारीख को दिल्ली न्यायालय में पेश होने को कहा है।

थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि दिल्ली की एक महिला एसपी को एक साइबर ग्रुप ने एआई के जरिए पॉर्न वीडियो बनाकर डिजिटल हैरेसमेंट कर दो लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर उक्त रकम अपने अकाउंट में डलवा ली। इस पर उक्त महिला एसपी ने डिजिटल हैरिसमेंट करने के विरुद्ध दिल्ली साइबर विभाग में अभियोग पंजीकृत कराया। थाना प्रभारी ने बताया के उक्त मामले में साइबर गिरोह ने ठगी का पैसा डिजिटल यूपीआई के माध्यम से रसूलाबाद के कुछ दुकानदारों के अकाउंट में डाला था। ऐसे लोगों को हिरासत में लेकर डिजिटल हैरिसमेंट करने के नाम पर उन्हें नोटिस थमाया। आगामी 15 तारीख को दिल्ली न्यायालय में पेश होने को कहा गया है। दिल्ली साइबर पुलिस टीम के विनोद कुमार, प्रिंस, कुलदीप ने बताया है कि डिजिटल हैरेस्टमेंट करने के आरोप में साइबर गिरोह की तलाश है।

# 1 अप्रैल से दो सौ फेरों वाले सालाना पास की फीस बढ़ेगी

हनुमान गुप्ता, कानपुर देहात

**75** रुपये बढ़ेंगे, 3000 रुपये अभी है फीस

- फास्टैग की खामी पर नकद टैक्स भुगतान की व्यवस्था भी होगी खत्म

**अमृत विचारः** टोल टैक्स का यूपीआई पेमेंट अनिवार्य किए जाने की गाइड लाइन के साथ एनएचएआई ने वाहनों के सालाना पास की फीस भी बढ़ाने की तैयारी की है। साल भर के पास के लिए वाहन चालकों को 3075 रूपए चुकाने होंगे। अब तक इसके लिए 3000 रूपए लिए जा रहे थे। नई दर एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएगी। हालांकि ऐसे वाहन, जिनके दो सौ फेरे अभी नहीं हुए हैं या एक साल पूरा होने में समय बाकी है, वह दोनों में से एक शर्त पूरी होने तक नई दर से मुक्त रहेंगे।

एनएचएआई ने साफ किया है कि एनुअल पास की संशोधित दर वैलिड फास्टैग वाले नान-कमर्शियल वाहनों पर लागू होगी। सालाना फीस अदाकर वाहन एनएचएआई और नेशनल एक्सप्रेस-वे के लगभग साढ़े 11 सौ टोल प्लाजा से गुजर सकते हैं। बीते साल 15 अगस्त को लांच किए गए फास्टैग पास सिस्टम के लिए अभी 3000 रूपए लिए जा रहे हैं। एक अप्रैल से इसे बढ़ाकर 3075 रूपए किया जा रहा। पास साल भर के लिए अधिकृत है। वाहनों के लिए तय टोल प्लाजा से दो सौ बार गुजरने की सीमा निर्धारित है। दो सौ बार से अधिक गुजरने की स्थिति में पास का रिन्यूवल होगा या फिर निर्धारित टोल टैक्स चुकाना होगा। सूत्रों ने बताया कि एनुअल पास की दर बढ़ने के साथ जल्द सामान्य टोल दरें भी बढ़ सकती हैं।

दूसरी तरफ, एक अप्रैल से ही टोल को पूरी तरह कैशलेस करने की भी तैयारी है। टैक्स की राशि नकद नहीं दी जा सकेगी। सिर्फ यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) से टोल टैक्स कलेक्शन होगा। नई व्यवस्था के लिए आपरेटिंग सिस्टम तैयार हो चुका है। साफ्टवेयर कंपनी मेट्रो ने ट्रांजैक्शन सिस्टम फीड करा दिया है। टोल के बूथ पर क्यूआर कोड वाली स्क्रीन लगाई गई है।

### अभी छह फीसदी वाहनों पर नहीं फास्टैग!

- कानपुर-इटावा हाईवे के बारा टोल से गुजरने वाले ज्यादातर वाहनों के फास्टैग एक्टिव हैं। करीब 32 हजार गाड़ियां रोज टोल से गुजरती हैं। लगभग दो हजार वाहन ऐसे हैं, जिन पर फास्टैग नहीं है या फिर फास्टैग इनैक्टिव है। गुजरते वाहनों से अभी करीब 90 लाख रूपए का टैक्स रोज प्राप्त हो रहा है। नई व्यवस्था के बाद टोल प्लाजा का ऑन लाइन राजस्व छह फीसदी और बढ़ जाएगा।

### यूपीआई पेमेंट में बाधा बन सकता मोबाइल

एनएचएआई ने एक अप्रैल से टोल कलेक्शन कैश लेस करने की तैयारी की है मगर कुछ व्यवहारिक दिक्कतें आड़े आ सकती हैं। मसलन, वाहन चालक के पास ऑन लाइन पेमेंट के लिए जरूरी एंड्राइड या आईफोन नहीं है तो भुगतान संभव नहीं होगा।

### टोल प्रबंधन ने 12 बिंदुओं पर भेजी चिट्ठी

बारा टोल प्लाजा के एजीएम मनोज शर्मा ने बताया कि एनएचएआई का पत्र मिला है। 1 अप्रैल से कैशलेस व्यवस्था चालू करने की बात कही गई है। व्यवहारिक दिक्कतों के बारे में उन्होंने बताया कि एनएचएआई को 12 बिंदुओं पर चिट्ठी भेजी है।

# ट्राले की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल

## रूरा-शिवली रोड पर हुआ हादसा, तिंगाई से निमंत्रण कर लौट रहे थे युवक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद के रूरा थाना क्षेत्र में रूरा-शिवली रोड पर बीती रात बड़ा हादसा हुआ। यहां शादी समारोह से लौटते समय बाइक सवार तीन युवक सामने से आते 22 टायर वाले ट्राले की चपेट में आ गए। इसमें दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक घायल हुआ। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां उसका इलाज जारी है। घटना को लेकर मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। उधर, हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया और फिर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के जुगराजपुर गांव निवासी रूपेंद्र पाल 32 वर्ष पुत्र रजपाल सिंह, अनुराग पाल 32 वर्ष पुत्र स्व. गया प्रसाद



ट्राले के नीचे पड़ी हादसे का शिकार युवकों की बाइक। अमृत विचार

और सुमित कुमार पाल 30 वर्ष पुत्र सुभाष चंद्र एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए तिंगाई गांव आए थे। यहां से वापसी के दौरान रात करीब साढ़े 11 बजे वह हादसे का शिकार हुए। रूरा-शिवली रोड पर सामने से आते ट्राले ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे तीनों बुरी तरह घायल हुए। दुर्घटना के बारे में सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद तीनों घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से रूपेंद्र पाल को जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाकी दो घायलों को रूरा सीएचसी में भर्ती कराया गया।

वहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान अनुराग पाल ने दम तोड़ दिया। तीसरे घायल सुमित का उपचार अभी जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी सुधीर भारद्वाज ने बताया कि घायल को उपचार के लिए कानपुर भेजा गया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# डेरापुर के डूडीबरी गांव में मिला युवक का अधजला शव, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद के डेरापुर थाना क्षेत्र के डूडीबरी गांव के पास खेत में रविवार को एक व्यक्ति का अधजली अवस्था में शव मिला है। शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव के शिनाख्त व मामले की छानबीन में जुट गई है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी है। चर्चा रही कि हत्या कर पहचान मिटाने की कोशिश हुई है। हालांकि कुछ लोगों का यह भी कहना है कि संभव है कि मृतक का अधूरा अंतिम संस्कार किया गया हो, जिसकी लाश मिली।

शव मिलने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही, प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों से शिनाख्त के प्रयास कराया लेकिन



घटना स्थल पर जानकारी लेते सीओ। अमृत विचार

शव की शिनाख्त नहीं की जा सकी। जांच और जानकारी एकत्र करने के साथ पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। मौके पर शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। शव के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस क्षेत्र में दो-चार दिन पहले हुए अंतिम संस्कारों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस का मानना है कि किसी युवक की मौत के बाद उसका आधा-अधूरा ही शव दाह किया गया हो।



परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं जांचते डीएम व एसपी। अमृत विचार

## दरोगा भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी भ्रमण पर रहे अधिकारी

**कानपुर देहातः** पुलिस विभाग में दरोगा तथा अन्य पदों की भर्ती परीक्षा रविवार को संपन्न हो गई। अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर चाक-चौबंद इंतजामों के बीच शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र, स्ट्रांग रूम व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय द्वारा श्री कृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज, मुहम्मदपुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, कक्ष निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित स्ट्रांग रूम तथा कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था भी देखी।

# सोने का लालच देकर थमाते थे पीतल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली पुलिस ने ऐसे शातिर गैंग का पर्दाफाश किया है जो खुदाई में मिला सोना बताकर लोगों को नकली जेवरात थमा कर चपत लगाते थे। पुलिस ने गिरोह के पांच ठगों को पकड़ा है। इनमें एक महिला शामिल है। महिला के बारे में पता लगा कि वह साल 2014 में अपने ही पति की हत्या में शामिल रही। दिल्ली की तिहाड़ जेल में सजा काट चुकी है।

तीन दिन पहले शिवली कस्बे के शिवाजी नगर मोहल्ला निवासी कपड़ा व्यापारी फैयाज अली ने अकबरपुर थाने में शिकायत की । बताया कि सितंबर 2025 में उनकी दुकान पर एक महिला और दो पुरुष आए। कपड़े खरीदने के दौरान उन्होंने फैयाज को विश्वास में लिया और बताया कि उन्हें मजदूरी के दौरान खुदाई में सोने-चांदी के जेवरात मिले हैं, जिन्हें वे सस्ते में बेचना चाहते हैं। ठगों ने असली सोने का एक मनका निकालकर फैयाज को जांच के लिए



कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में ठगों का गैंग। अमृत विचार

दिया। जब व्यापारी ने मनके की जांच कराई तो वह असली निकला। लालच में आकर फैयाज उनके झांसे में आ गए। इसके बाद ठगों ने उन्हें अकबरपुर पुल के पास बुलाया और असली सोने की जगह पीतल की माला थमाकर 10 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब माला की जांच कराई तो वह पीतल की निकली। इस पर शनिवार को पुलिस ने बनार अलीपुर बंबा पुलिया के पास से पांच संदिग्धों को टोका। पकड़े जाने के भय से संदिग्ध हड़बड़ा गए और भागना शुरू कर दिया। कुछ दूर दौड़ा कर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम लखनऊ निवासी पपिया उर्फ प्रभु, बुलंदशहर निवासी मोहन और लाल सिंह और उन्नाव निवासी किशन व शांति देवी बताए हैं। आरोपियों से ठगी के बचे हुए 21 हजार रुपये नकद, 1.724 किलोग्राम वजनी पीतल बरामद की।

## महिलाओं की पर्स उड़ाने वाली पॉकेट मार पकड़ी

**रसूलाबाद।** लाला भगत स्थित कौमारी देवी मंदिर स्थल पर चल रहे मेले में रविवार को मेला देखने गई कुछ महिलाओं में एक महिला की पर्स जेबकतरी महिलाओं ने साफ कर दी। पर्स में उसका आधार कार्ड और ढाई हजार रुपए थे। इसमें एक महिला को महिलाओं ने पकड़ लिया और उसकी आवभगत करके उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित महिला द्वारा कोई तहरीर न देने के कारण पुलिस ने उसे शांति भंग में निरूद्ध किया है। जेब कतरी महिला शराब के नशे में थी।

रविवार को मेघजाल निवासी कुछ महिलाएं लाला भगत मेला देखने आई थी इसी दौरान राम किशोरी पत्नी प्रेम बाबू का पर्स एक महिला ने उड़ा दिया उसमें उसके 2500 रुपए और आधार कार्ड था लेकिन चोरनी महिला शराब के नशे के कारण पकड़ी गई जबकि उसकी अन्य साथी महिलाएं मौके से फरार हो गई। महिलाओं ने जेबकतरी महिला को पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़ी गई महिला ने अपना नाम सोनी, निवासी ईदगाह थाना नजीराबाद कानपुर नगर बताया है।

पीड़ित महिला ने उसके पैसे और आधार कार्ड मिल जाने के कारण कार्रवाई से इंकार कर दिया। असालतगंज चौकी प्रभारी केशव देव ने बताया कि पीड़ित महिला ने कोई तहरीर नहीं दी है इसके चलते पकड़ी गई महिला को डाकरी परीक्षण के उपरांत उसे शांति भंग की धारा में निरुद्ध किया गया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



समारोह को संबोधित करते जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान। अमृत विचार

## नई उम्मीदों और नई फसल का उत्सव है होली: जितेंद्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** किसान का पसीना और होली के रंग, दोनों ही जीवन में समृद्धि और आनंद का प्रतीक हैं। ग्रामीण भारत में होली केवल त्योहार नहीं, बल्कि नई उम्मीदों और नई फसल की खुशियों का उत्सव भी है। यह बात वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने पतारी मोड़ पर एक गेस्ट हाउस में भारतीय किसान संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कही। इसमें विशिष्ट अतिथि अकबरपुर नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह गुड्डन रहे। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष अधिवक्ता विवेक त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, गौरव अवस्थी, अनुज कुमार, महेंद्र पाल, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सतर्कता

खानचंद्रपुर सहित चार गांवों में 14 मवेशियों की खून का सैंपल लिया

# क्रोमियम संक्रमण का पता लगाने को इंसानों के साथ मवेशियों की भी जांच

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** औद्योगिक क्षेत्र रनियां से सटे क्रोमियम प्रभावित गांवों में अब पालतू मवेशियों की भी जांच शुरू हो गई है। खानचंद्रपुर सहित चार गांवों में 14 मवेशियों की खून का सैंपल लिया गया है। इसके बाद उसका सीरम निकालकर रिपोर्ट तैयार की गई है। जल्द रिपोर्ट बरेली के इज्जतनगर भेजी जाएगी।

क्रोमियम प्रभावित गांव खानचंद्रपुर के अलावा निकटवर्ती शिवनाथपुरवा, घारमपुर और उमरन गांवों के पालतू मवेशियों की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा मवेशियों का खून लेकर सीरम सैंपल तैयार किए जाने थे। जिन्हें जांच के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली)



पशु की जांच करते डाक्टर। अमृत विचार

भेजा जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र रनियां के खानचंद्रपुर गांव में बड़ी मात्रा में क्रोमियम कचरा जमा होने के कारण मिट्टी के साथ-साथ भूगर्भ जल भी प्रदूषित हो गया है। दूषित पानी पीने से खानचंद्रपुर के अलावा शिवनाथपुरवा, घारमपुर, उमरन, यादवपुरवा और पालनपुरवा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों के शरीर में भी क्रोमियम, मरकरी, फ्लोराइड का असर पाया गया है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम इन गांवों में हर माह स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच कर रही है। संदिग्ध लोगों के खून के नमूने लेकर जांच कराई जा रही है, जिसमें कई लोगों में क्रोमियम की मात्रा अधिक पाई गई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ब्यूनल दिल्ली में विचाराधीन मामले के चलते डीएम कपिल सिंह के निर्देश पर अब पशु चिकित्सा विभाग ने भी मवेशियों में क्रोमियम संक्रमण का पता लगाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया है। सरवनखेड़ा पशु चिकित्साधिकारी अंकुर प्रियदर्शी ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर खानचंद्रपुर से तीन, घारमपुर से आठ और उमरन से तीन मवेशियों के खून के नमूने लिए गए हैं।

### रनियां के चार वार्डों में फिर लिए जाएंगे खून के नमूने

**रनियां :** खानचंदपुर उमरन घारमपुर सहित रनियां नगर पंचायत के चार वार्डो में रहने वाले लोगों के एक बार फिर खून के नमूने संकलित किए जाएंगे। एनजीटी के निर्देश व डीएम कपिल सिंह की संस्तुति पर सीएमओ डॉ ए के सिंह ने आदेश जारी किया है। सोमवार से इसकी शुरुआत होगी। स्वास्थ्य विभाग की तीन टीमें जिसमें 27 सदस्य शामिल हैं गांव गांव जाकर प्रतिदिन 30 घरों को चिन्हित कर नमूने संकलित करेंगे। औद्योगिक क्षेत्र रनियां के खानचंदपुर में करीब 95 हजार मीट्रिक टन क्रोमियम कचरा डंप रहने से भूजल दूषित हो गया है। इससे नगर पंचायत रनियां से जुड़े खानचंदपुर व इसके मजरों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। एनजीटी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग खानचंदपुर के तीनों मजरों में



तैयारियों का जायजा लेते सीएमओ डॉ. एके सिंह।

नियमति निगरानी कर रही है। बीते जनवरी माह में रनियां नगर पंचायत के चार वार्डों क्रोमियम, मरकरी और फ्लोराइड सहित 120 लोगों के यूरिन व खून के नमूने संकलित कर राम मनोहर लोहिया मेडिकल साइंसेज लखनऊ को भेजा गया था। अब सोमवार 16 मार्च से 25 मार्च तक लगातार खानचंदपुर के पालपुरवा, यादव पुर्वा, चौहान पुर्वा, सहित उमरन, घारमपुर, शिवनाथ पुरवा तथा रनियां नगर पंचायत के वार्ड 1 आंबेडकर नगर, वार्ड 10 श्यामसुंदर नगर, वार्ड 12 केशव नगर और वार्ड 14 बजरंग नगर सहित कुल 10 जगहों पर प्रत्येक वार्ड या गांव में 30 घरों को चिन्हित कर खून व यूरिन के नमूने संकलित किए जाएंगे। सरवनखेड़ा ब्लाक प्रभारी डॉ. राकेश यादव ने बताया कि जांच के निर्देश मिले हैं, तैयारी पूरी हो चुकी है। सोमवार से अभियान चलेगा।

**5 से 18 वर्ष के लोगों की नहीं होंगी जांच :** नगर पंचायत रनियां के वार्ड एक आंबेडकर नगर, वार्ड 10 श्यामसुंदर नगर, वार्ड 12 केशव नगर और वार्ड 14 बजरंग नगर सहित उक्त सभी गांवों में रहने वाले 5 वर्ष से 18 साल के बीच की उम्र वाले लोगों की जांच नहीं होगी।

# अरौल में ज्वैलरी शॉप का शटर काटकर लाखों की चोरी

## बिल्हौर, चौबेपुर और घाटमपुर में हुईं चोरी की घटनाएं, लोगों में दहशत का माहौल, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस, खंगाल रही कैमरे

संवाददाता, बिल्हौर


- सोते रहे परिजन और चोरों ने पार किया माल
- चोरियों का जल्द खुलासा किया जायेगा : पुलिस

**अमृत विचार।** बिल्हौर के अरौल कस्बे में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक बर्तन और ज्वैलरी की दुकान को अपना निशाना बनाया। चोर दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह तब हुई जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचा।

अरौल थाना क्षेत्र के सरैया दस्तम गांव निवासी हरिकिशन कुशवाहा की अरौल कस्बे के आंकिन रोड पर बर्तन और आभूषणों की दुकान है। हरिकिशन शनिवार शाम को दुकान बंद कर घर आ गए थे। रविवार सुबह जब वे दुकान पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकानदार के अनुसार, चोरों ने दुकान की तिजोरी और रैक खंगालकर लगभग 850 ग्राम चांदी के जेवर और दो ग्राम



घाटमपुर में चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार



चौबेपुर में दुकान में चोरी के बाद बिखरे पड़े ज्वैलरी बाक्स। अमृत विचार

के जेवरात समेत करीब 28,700 रुपये की नकदी पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी होते ही ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

दुकानदार ने पुलिस को जानकारी दी और चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया कि पुलिस की टीमें कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं, ताकि संदिग्धों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

**सोते रहे परिजन लाखों की जेवर सहित नकदी चोरी : घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव चौकी के खुजकीपुर गांव में होमगार्ड लक्ष्मी नारायण के घर रविवार की रात चोरी हो गई। परिजनों ने नकदी के साथ लाखों के जेवरात चोरी होने की जानकारी दी है। बताया गया कि लक्ष्मी नारायण अपनी पत्नी और एक बेटी के साथ कमरे में सोए हुए थे। अंदर की तरफ दो और कमरे बने थे। अंदर जाने के लिए दरवाजे पर ताला लगा हुआ था।

और कमरे के दरवाजे में भी ताला लगा हुआ था। सुबह जब नींद खुली तो बाहर जाने के लिए दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो दरवाजा बाहर से बंद था। पड़ोसी को बुलाकर दरवाजा खुलवाया तो अंदर जाने के दरवाजे और कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। दरवाजे के ताले भी गायब थे। कमरे के अंदर बक्से खुले पड़े थे। अंदर का सामान भी बिखरा हुआ पड़ा था। कमरे में रखे दस हजार रुपये नकद और लाखों के जेवरात गायब थे। पीड़ित के द्वारा चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो स्थानों पर वारदात कर चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के रौतापुर कलां गांव में शनिवार रात चोरों ने दो स्थानों पर धावा बोलकर नकदी समेत करीब 3 लाख का माल पार कर दिया। सुबह घटना की जानकारी पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तमाम प्रयास के बावजूद चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की है। रौतापुर गांव निवासी बलराम वर्मा खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने अपना नया मकान गांव से करीब 500 मीटर दूर अपने खेतों के नजदीक बनवा रखा है। रोजाना की तरह शनिवार रात भोजन आदि के पश्चात वह परिवार के साथ घर की छत पर सोए थे। तभी देर रात मौका पाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे चोरों ने कमरे में रखे बक्शे का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण व नकदी पार कर दी। घर वालों को घटना की जानकारी सुबह सोकर उठने के बाद हुई। दूसरी वारदात इसी गांव के सिद्धनाथ उर्फ छन्नन बाजपेई का घर तो गांव के मध्य बना है। लेकिन पशुओं आदि के लिए उन्होंने गांव से थोड़ा दूर खेतों पर एक कमरा बनवा रखा है। शनिवार रात वह कमरे के बाहर सोए थे, तभी देर रात चोरों ने उनका मुंह बंद कर उन्हें कमरे के अंदर बंद कर दिया और बाहर बंधी भैंस खोल कर ले गए। पशुपालक द्वारा शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे चोर वहां से फरार हो चुके थे। घटनाओं की जानकारी पर सुबह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गृह स्वामी बलराम वर्मा ने बताया कि चोर बक्से में रखे लगभग 2 लाख रुपये कीमत के आभूषण व करीब 20 हजार की नकदी उठा ले गए। जबकि पशुपालक के बतायेनुसार चोरी में करीब 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने मौका मुआयना कर छानबीन की, लेकिन चोरों का कुछ पता न लग सका। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश ने बताया कि जांच के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है। जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा हो जाएगा।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मैनावती मार्ग पर गबड़हा गांव के निकट शनिवार रात दो बाइकों में हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

गबड़हा गांव निवासी किसान सियाराम (72) शनिवार शाम गांव के ही महेश कनौजिया के साथ बाइक द्वारा अपने खेतों पर गए थे। बताया गया है कि रात करीब 8:30 बजे घर वापसी के दौरान गांव से करीब 500 मीटर पहले मैनावती मार्ग पर पीछे से आ रही रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। राहगीरों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंचे परिजन आनन फानन घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों में लेकर गए। जहां सियाराम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनो बाइकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम के आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड चार के वार्ड सभासद ने सरकारी जमीन पर मकान निर्माण किए जाने की शिकायत थाना दिवस सहित एसडीएम सदर से की थी। जिसमें काम रोकने के निर्देश पुलिस को दिया गया था। लेकिन रोक लगाने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है। कस्बा के वार्ड चार निवासी सभासद आशा सोनकर ने थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया था कि भगत तालाब के पास वार्ड आठ निवासी हल्लू उर्फ रामरतन के द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है। इस पर रोक लगाए जाने की मांग की गई थी। तब एसडीएम के आदेश से थाना पुलिस व लेखपाल ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। लेकिन उनके जाने के बाद हल्लू द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### बोलेरो की टक्कर से वृद्ध हुआ घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे में हाईवे किनारे घर के बाहर बैठे वृद्ध को तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वृद्ध को गंभीर चोटें लगी है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बस स्टाफ के निवासी राजकुमार उर्फ कारेलाल ने बताया कि वह घर के दरवाजे में सुबह 7 बजे बैठा था तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के सिवनी गांव के पास सड़क के किनारे खड़े 15 वर्षीय किशोर को बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारने पर घायल के दादा ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी रमेश सिंह पुत्र शिवराज सिंह ने थाने मे दी तहरीर मे बताया कि बीते 10 मार्च को रात 8 बजे मेरा नाती अमन सिंह (15) गांव के बाहर सड़क के किनारे खड़ा था। तभी मिश्रीपुर गांव निवासी प्रवीण उर्फ कल्लू कबीर पुत्र शिव प्रसाद ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए मेरे नाती को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

### बारातियों की आपस में कहासुनी के बाद चले लात-घूसे

**हमीरपुर।** शादी समारोह में शामिल होने गए बारातियों की आपस में कहासुनी के बाद जमकर लात घूसे चले। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि किसी भी पक्ष द्वारा अभी तक कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। सदर कोतवाली क्षेत्र के अमिरता गांव निवासी नितेश निषाद पुत्र रामखेलावन का विवाह शहर के कजियाना मुहाल निवासी रोशनी निषाद पुत्री स्व. राजेंद्र निषाद के साथ बीते शनिवार को होना था। नितेश की बारात समय पर शहर के अमन शहीद मुहाल स्थित पूजा गेस्ट हाउस पहुंच गई थी। गेस्ट हाउस के बाहर कुछ बाराती आपस में कहासुनी करने लगे, तभी विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में लात घूसे चलने लगे।कुछ बारातियों को चोटें भी आई है। लड़ाई झगड़े का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।



काशीराम के चित्र पर पुष्पअर्पित करते सपाई। अमृत विचार

### सपा ने पीडीए दिवस के रूप में मनाई काशीराम की जयंती

**घाटमपुर।** रविवार को घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र के एक निजी गेस्ट हाउस में काशीराम की जयंती को समाजवादी पार्टी घाटमपुर के द्वारा पीडीए दिवस के रूप में मनाया गया। उनके द्वारा दिए गए विचारों एवं आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन महासचिव अमर सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंद्रजीत कोरी, विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा, अनिल सोनकर वारसी, शिव सिंह पाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मीना संखवार, विजय पटेल, शैलू सोनकर, प्रवीण पंकज, राजकुमार कुशवाहा, मनोज यादव, मुखिया उमराव, शिवकरण निषाद, गुलाब यादव, लवकुश, विरजन बाबू सचान, कल्लू, जीतू यादव, शिव सिंह, अभिषेक यादव, राजू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## घाटमपुर में डंपर व लोडर की टक्कर में दो लोग हुए घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में कानपुर सागर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। हिरनी मोड़ के सामने घाटमपुर की ओर से आ रहे लोडर और कानपुर की ओर से आ रहे डंपर में आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में लोडर चालक और पल्लेदार गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोडर जैसे ही हिरनी मोड़ के पास पहुंचा, तभी ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि लोडर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक राज कुमार उम्र 40 वर्ष निवासी



दुर्घटना के बाद खड़े डंपर और लोडर। अमृत विचार

घाटमपुर तथा पल्लेदार राजेश उम्र 35 वर्ष निवासी दुड़वा थाना बिल्हौर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षतिग्रस्त लोडर बीच सड़क पर खड़ा होने से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब एक घंटे तक वाहन रुक रुककर निकलते रहे और जाम जैसे हालात बने रहे। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## सजेती में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

- किरांव गांव के पास ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा
- जानकारी होते ही परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र में रविवार शाम को दर्दनाक हादसा हो गया। किरांव गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सजेती थाना क्षेत्र के कोहरा गांव के रहने वाले रोशन नामदेव उम्र 24 वर्ष पुत्र रज्जन नामदेव रविवार को किरांव गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रही इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना घाटमपुर रेलवे स्टेशन से पुलिस को दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की और शव की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सजेती थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना घाटमपुर रेलवे स्टेशन से मिली थी। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## वार्षिकोत्सव: बच्चों की प्रतिभा देख लोगों ने बजाई तालियां

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** साढ़ क्षेत्र के कुन्दौली में स्थित आवासीय सीपीसीके इंटर कॉलेज कुंदौली में रविवार को 17वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

सीपीसीके इंटर कॉलेज कुंदौली में रविवार को बड़े ही धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा तमाम सांस्कृतिक और मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों की प्रतिभा देखकर वहां पर मौजूद लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गये।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बच्चों




कार्यक्रम पेश करते बच्चे। अमृत विचार

- सीपीसीके इंटर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव

को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए उन्हें प्रतीक चिह्न दिया गया। साथ ही विद्यालय के मेधावी छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक सुधीर सिंह परिहार, प्रधानाचार्य सूरज पाण्डेय, निदेशक राजकुमार सचान, विशिष्ट अतिथि रामदेव शुक्ला, अजय गुप्ता, , गोविंद शुक्ला, नितिन मिश्रा, अवनीश सिंह, हरिओम पाण्डेय, विनय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### पावर प्लांट कर्मी की डंपर से कुचलकर मौत

**घाटमपुर।** कानपुर के सजेती में डंपर ने ड्यूटी जा रहे स्टोर कीपर को टक्कर मार दिया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा किया।

बिहार के बक्सर निवासी 52 वर्षीय मनोज सिंह घाटमपुर के नेयवेली पावर प्लांट में एलएनटी की सब वेंडर एमएससी कम्पनी में स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत थे। रविवार देर शाम वह ड्यूटी करने के लिए पैदल पावर प्लांट जा रहे थे। वह कानपुर सागर हाईवे पर स्थित दुर्गा देवी मोड़ के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी कानपुर की ओर से आए तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें रौंदते हुए भाग निकला। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाइवे पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी समझा बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। इस दौरान हमीरपुर की ओर यमुना पुल तक और घाटमपुर की ओर अनूपपुर मोड़ तक जाम लगा रहा।

### शिवराजपुर में जानवर बांधने को लेकर जमकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के प्रधानपुर गांव निवासी विमल पुत्र रामेश्वर ने मारपीट के मामले में अपने भतीजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गांव निवासी विमल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि शशिकांत व छोटू पुत्र गण श्याम बाबू से जानवर बांधने के मामले में कहा सुनी हुई थी। इसके बाद इन लोगों ने मुझे अकेला पाकर ईद पत्थरों से जमकर मारा, जिससे मेरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। थाना पुलिस ने जांच पड़ताल करके आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


**कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव।**

पत्रांक: 355/न0प0नवा0/2025–26 दिनांक:– 12.03.2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत नवाबगंज में कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डर निविदा प्रतिषत दर पर आमत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है। कार्यो का विवरण आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.03.2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 16.03.2026 11:00 बजे से |
| (c) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 06.04.2026 12:00 बजे तक |
| (d) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 06.04.2026 14:00 बजे |
| (e) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज–उन्नाव। |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें व निविदा डाउनलोड करें।

**नोट– निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में, निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी।**

**अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत–नवाबगंज, उन्नाव।** **अध्यक्ष नगर पंचायत–नवाबगंज, उन्नाव।**


सेवा कार्य

### सेवा भारती के सिलाई केंद्र का हुआ उद्घाटन

## संघ का उद्देश्य व्यक्ति को स्वावलंबी बनाना भी है : गजेंद्र



फीता काटकर सिलाई केंद्र का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, बिल्हौर

- आगामी वर्ष के लिए सेवा कार्यों का खाका तैयार किया गया
- मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री रहे मौजूद

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिल्हौर जिले के सेवा भारती की महत्वपूर्ण वार्षिक कार्य योजना बैठक रविवार को संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी वर्ष के लिए सेवा कार्यों का खाका तैयार किया गया और समाज के वंचित वर्गों तक सहायता पहुंचाने हेतु विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक के उपरांत बिल्हौर खंड के सिंघोली गांव में सेवा भारती के तत्वावधान में 'अवंती बाई स्वावलंबन सिलाई प्रशिक्षण केंद्र' का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। सिंघोली गांव में स्थापित यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री (सेवा भारती) गजेंद्र ने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं, बल्कि व्यक्ति को स्वावलंबी बनाना भी है। उन्होंने जोर दिया कि सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, जिससे पूरे परिवार और समाज का उत्थान होगा।

वार्षिक कार्य योजना बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार केंद्रों के विस्तार पर सहमति बनी। विभाग सेवा प्रमुख विशंभर लाल ने सेवा कार्यों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान अवधेश (सह जिला संघ चालक),

धीरेंद्र (जिला प्रचारक), राकेश (जिला कार्यवाह), संदीप (जिला सेवा प्रमुख), जयप्रकाश (जिला प्रचार प्रमुख), सुधीर (सह सेवा प्रमुख) उदय शंकर मिश्रा (जिला अध्यक्ष, सेवा भारती) अमित श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव।**

पत्रांक: 354/न0प0नवा0/2025–26 दिनांक:– 12.03.2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि 15 वां वित्त आयोग के अन्तर्गत सामान्य बुनियादी अनुदान 2025–26 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि से नगर पंचायत नवाबगंज में कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डर निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है। कार्यो का विवरण आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.03.2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड़ की तिथि | 16.03.2026 11:00 बजे से |
| (c) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की तिथि व समय | 06.04.2026 12:00 बजे तक |
| (d) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 06.04.2026 14:00 बजे |
| (e) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज–उन्नाव। |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें व निविदा डाउनलोड करें।

**नोट– निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में, निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी।**

**लिपिक नगर पंचायत–नवाबगंज, उन्नाव।** **अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत–नवाबगंज, उन्नाव।** **अध्यक्ष नगर पंचायत–नवाबगंज, उन्नाव।**

- 10 हजार परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा-II
- दिलों में तीर जैसा चुभ रहा सवाल -III
- होली मिलन में गले लगे, फूल उड़े, दिल मिले -IV




अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| सोमवार शाम | मंगलवार सुबह |
| सुन्नी : 6.21 | सुन्नी : 4:53 |
| शिया : 6.31 | शिया : 4:45 |

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : लैलतुल कद्र को रमजान की आखिरी 10 रातों की ताक रातों में तलाश करो।

पहले चरण के 26 भूखंडों में 11 उद्यमियों के साथ वेयर हाउस के लिए भी हुआ आवंटन

# प्रदेश के पहले फुटवियर पार्क में बिकने लगे भूखंड

**75** कुल औद्योगिक भूखंडों का होगा आवंटन।

**03** वेयर हाउस के लिए भी दिए जाएंगे प्लॉट।

**15** हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

**80** करोड़ रुपये से विकसित हो रहा है पार्क।

विकास पथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमईपुर में मेगा लेदर क्लस्टर का सपना भले ही अभी दूर हो, लेकिन इसकी बाउंड्रीवाल से सटी भूमि पर उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की ओर से विकसित किए जा रहे फुटवियर पार्क में एक वेयरहाउस के अलावा 11 उद्यमियों ने भूखंड आवंटित करा लिए हैं। यहां औद्योगिक भूखंड आवंटन के 6-7 अन्य प्रस्ताव पाइप लाइन में हैं। 131 एकड़ भूमि पर 80 करोड़ रुपये से विकसित की जा रही इस परियोजना में उद्यमियों को कुल 75 भूखंड आवंटित किए जाने हैं, जिसमें पहले चरण में 26 भूखंडों की बिक्री हाल ही में शुरू की गई थी।

प्रदेश का पहला समर्पित फुटवियर पार्क रमईपुर में जमीन पर उतरने के साथ एमएसएमई को बढ़ावा देता नजर आ रहा है। यहां निवेश करने वाली कंपनियों को रियायतों के साथ कई सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। इसमें भूखंड आवंटन के साथ लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर सहयोग शामिल है। प्लग एंड प्ले मॉडल पर बन रहे पार्क में अबाध बिजली आपूर्ति, चौड़ी सड़कें, जल निकासी के साथ ठोस कचरा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। फुटवियर पार्क में बनने वाले उत्पादों से न सिर्फ घरेलू मांग पूरी करने में मदद मिलेगी, बल्कि जिन देशों के साथ भारत ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है, वहां निर्यात का लाभ मिलेगा।

इस पार्क के पूरी तरह विकसित होने से 15 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यहां लेदर व नॉन लेदर से फुटवियर और उससे जुड़े सहायक उत्पादों को बनाया किया जाएगा। लेकिन लेदर, स्पोर्ट्स, कैजुअल शूज और सैंडल निर्माण पर मुख्य फोकस रहेगा।




फुटवियर पार्क में रौनक आने लगी है। अमृत विचार

- रमईपुर में मैन्युफैक्चरिंग हब बनने से जूता एवं फुटवियर उद्योग को नई दिशा के साथ मिलेगा रोजगार
- 131 एकड़ भूमि पर 80 करोड़ रुपये से विकसित की जा रही है परियोजना

### 7.76 एकड़ में ग्रीन एरिया होगा

- फुटवियर पार्क के ब्लाक ए में 23.78 एकड़, ब्लाक बी में 75.71 एकड़ भूखंड औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए आरक्षित है, जबकि ग्रीन एरिया के रूप में 7.76 एकड़ भूमि छोड़ी गई है। प्लॉट का आकार 1000 वर्ग मीटर से 1800 वर्ग मीटर तक तय किया गया है।

### डिजाइन होंगे आरामदायक जूते

- फुटवियर पार्क में एक आधुनिक कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाया जाएगा, जिसमें उद्यमियों को डिजाइनिंग, पैकेजिंग, परीक्षण प्रयोगशाला और प्रशिक्षण केंद्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध मिलेंगी। इससे न केवल उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा की क्षमता भी बढ़ेगी।

# 30 प्रतिशत बच्चों में पाए गए अस्थमा और एलर्जिक राइनाइटिस जैसे लक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की ओर से रविवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कहा कि शोध के अनुसार 20 से 30 फीसदी बच्चों में किसी न किसी प्रकार की एलर्जी जैसे अस्थमा व एलर्जिक राइनाइटिस जैसे लक्षण मिलते हैं।

कार्यशाला की शुरुआत आईएपी कानपुर के अध्यक्ष डॉ. जेके गुप्ता ने की। इस दौरान डॉ. शैलेन्द्र गौतम, डॉ. वीएन त्रिपाठी, डॉ. सुनील तनेजा व डॉ. धीरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञ फैकल्टी के रूप में डॉ. घनश्याम चौधरी, डॉ. मोहम्मद आरिफ अहमद व डॉ. शैलेन्द्र गौतम ने बाल्यावस्था में एलर्जी की पहचान, जांच और आधुनिक उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी। डॉ घनश्याम चौधरी ने बताया कि एलर्जी आज विश्व और भारत में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या बन रही है। भारत में लगभग 20 से 30 फीसदी बच्चों में किसी न किसी प्रकार की एलर्जी जैसे अस्थमा, एलर्जिक राइनाइटिस, त्वचा एलर्जी या फूड एलर्जी पाई जाती है। डॉ आरिफ मोहम्मद ने बताया कि अध्ययनों के अनुसार भारत में बच्चों में एलर्जिक राइनाइटिस 20 से 30 फीसदी तक और अस्थमा के करोड़ों मरीज पाए जाते हैं, जो अक्सर समय पर पहचान न होने के कारण लंबे समय तक परेशान रहते हैं। डॉ शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि उत्तर प्रदेश में भी वायु प्रदूषण, बदलती जीवनशैली, धूल-मिट्टी और प्रोसेस्ड फूड के बढ़ते उपयोग के कारण एलर्जी के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। अध्यक्ष डॉ जेके गुप्ता ने बताया कि सही समय पर पहचान और उचित उपचार से अधिकांश एलर्जी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है तथा बच्चों की जीवन गुणवत्ता बेहतर की जा सकती है। डॉ. जया अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की अकादमिक कार्यशालाएं बाल रोग विशेषज्ञों को नवीनतम ज्ञान से अपडेट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

- एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स की कार्यशाला में डॉक्टरों ने दी जानकारी
- वायु प्रदूषण, जीवनशैली, धूल मिट्टी और प्रोसेस्ड फूड से बढ़ रहे एलर्जी के मामले

### एलर्जी की आम भ्रांतियों पर चर्चा

- कार्यशाला में बताया गया कि बार-बार छींक या खांसी को सामान्य सर्दी समझ लेना परेशानी खड़ी कर सकता है। इसी तरह त्वचा पर बार-बार दाने को केवल मौसम का प्रभाव मान लेना भ्रांति है। फूड एलर्जी को 'खाना सूट नहीं करता' कहकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## सिटी ब्रीफ

### शिक्षक व बच्चे हुए सम्मानित

**कानपुर।** निपुण भारत मिशन के तहत निपुण लक्ष्यों को 2027 तक प्राप्त करने के लिए शिक्षा चौपाल आयोजित हुई। न्याय पंचायत बंसठी उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई शिक्षा चौपाल में अभिभावकों को बच्चों की नियमित,उपस्थिति वालवाटिका और बुनियादी साक्षरता गणित पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान संरक्षक धनीराम कुशवाहा, स्वर्णिमा शर्मा, मीनाक्षी एआरपी तथा संकुल प्रभारी मनोज कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और अच्छा कार्य कर रहे शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजन लाल को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित उच्च प्राथमिक विद्यालय दयालपुर के 12 बच्चों एवं प्रधानाध्यापक अब्दुल मजीद उच्च प्राथमिक विद्यालय बंसठी के पांच बच्चों व उनकी इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पूनम लता को भी सम्मान हासिल हुआ।

### सोच से मिलती सफलता व्याख्यान माला का आयोजन

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला में विभाग के पूर्व छात्र दीपक अग्रवाल (उद्योगपति एवं पूर्व सचिव, रोटरी क्लब ऑफ कानपुर) ने स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के वर्तमान छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सफलता हमेशा संसाधनों या परिस्थितियों से नहीं, बल्कि सही सोच से शुरू होती है। जब हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक होता है, तब हम कठिन परिस्थितियों में भी अवसर खोज पाते हैं। जरूरी है कि छात्र जीवन से ही लक्ष्य तय कर लें और उसे पाने में जुट जाएं।

होली मिलन




श्री महाराजा अग्रसेन जयंती समिति द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन कृष्णा धाम पार्वती बागला रोड में किया गया। श्रद्धालुओं ने बांके बिहारी के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर सांसद रमेश अवस्थी, वीरेंद्र जाखोदिया, समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, महामंत्री मनीष दर्पण, ओम प्रकाश डालमिया, कैलाश नाथ, अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र विश्नोई आदि रहे। अमृत विचार

# वाया दिल्ली नवी मुंबई को कनेक्टिंग उड़ान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से मुंबई के लिए एक और फ्लाइट 29 मार्च से शुरू होने जा रही है। ये फ्लाइट कानपुर से पहले दिल्ली जाएगी, वहां 6 घंटे से अधिक रुकेगी और फिर मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। इस लिहाज से इस फ्लाइट को कानपुर से मुंबई पहुंचने में 9 घंटा 35 मिनट का समय लगेगा। इस फ्लाइट का बुकिंग सिस्टम खुल गया है।

फ्लाइट संख्या 6 ई 5192 **कानपुर से मुंबई :** कानपुर से ये विमान दोपहर 12.30 बजे उड़ान भरेगा, दिल्ली के टर्मिनल 3 पर दोपहर 1.40 बजे पहुंचेगा। ये फ्लाइट 6.20 घंटे बाद रुकेगी उसके बाद फ्लाइट का नंबर बदल जाएगा। फ्लाइट नंबर 6 ई 955 रात 8 बजे उड़ान भरेगी और रात 10.05 बजे नवी मुंबई पहुंचेगी। इस विमान का किराया 8657 रुपये है और 15 किलो लगेज ले जा सकते हैं।

फ्लाइट नंबर 6 ई 2090 नवी **मुंबई से कानपुर:** नवी मुंबई से ये विमान प्रातः 7.05 बजे उड़ान भरेगा। दिल्ली के टर्मिनल नंबर 2 पर प्रातः 8.55 बजे लैंड करेगा। उसके बाद दिल्ली से विमान का नंबर बदल जाएगा और फ्लाइट संख्या 6 ई 5396 दिल्ली के टर्मिनल 3 से दोपहर 2.55 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 3.35 बजे कानपुर पहुंचेगी। इस फ्लाइट में नवी मुंबई से कानपुर का किराया 8506 रुपये है और 15 किलो लगेज ले जा सकते हैं।

# घरेलू गैस में राहत, सड़क के पकौड़े अब भी उदास

गैस संकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे भीषण युद्ध के चलते पिछले सात दिनों से शहर में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की लड़खड़ाई आपूर्ति एक सप्ताह बाद रविवार को सामान्य होने से लोगों को बड़ी राहत मिली। गैस सिलेंडरों की भारी खेप आने के बाद सिलेंडर की आपूर्ति लगभग सामान्य हो चली है। जिससे गैस एजेंसियों के बाहर लगने वाली लंबी लाइन कम हो गई हैं लेकिन कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी है जिससे हजारों पकौड़ा, चाय, समोसा, होटल, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड ठेलों पर अभी बहार नहीं लौटी है।

रविवार को अधिकतर गैस एजेंसियों पर भीड़ नहीं थी। शनिवार इन्हीं एजेंसियों पर मारपीट की नौबत थी जिससे पुलिस की निगरानी में सिलेंडर का वितरण करना पड़ा लेकिन रविवार को गैस की आपूर्ति सामान्य हो गयी। कामर्शियल सिलेंडर की दिक्कत बरकरार है। रेस्टोरेंट, होटल, चाय, पकौड़ा, समोसा, चाउमीन, बर्गर समेत फास्ट फूड की दुकानों के ताले नहीं खुले हैं और जगह जगह हजारों स्थानों पर दिखने वाली पूड़ी, कचौड़ी, छोला, चावल, कढ़ी चावल की दुकानें बंद पड़ी हैं। गैस वितरक संघ के महामंत्री भारतीस मिश्रा का कहना है कि घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य हो गयी है लेकिन कामर्शियल सिलेंडर की थोड़ा दिक्कत है जो दो एक दिन में दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आपात काल सेवाओं के लिए कामर्शियल सिलेंडर सप्लाई दी जा रही है।



गैस एजेंसियों के बाहर भीड़ कम होने लगी है। अमृत विचार

- कामर्शियल सिलेंडर की दिक्कत बरकरार, आपात के लिए आपूर्ति शुरू
- हजारों चाय-समोसा-पकौड़ा होटल, स्ट्रीट फूड ठेलों की संख्या बहुत घटी

### गैस किल्लत पर प्रदर्शन

- **कानपुर।** रसोई गैस की किल्लत को लेकर रविवार को सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सपा नेताओं ने कहा कि भीषण रसोई गैस किल्लत से आम लोग परेशान हैं। यह जुलूस गोविंद नगर सहित दक्षिण क्षेत्र में घूमा। जूलूस में हाजी फजल महमूद, विनय गुप्ता, नितेंद्र यादव, शैलेन्द्र यादव, रजत मिश्रा, महिंद्र सिंह, अमरजीत सलूजा, अर्पित त्रिवेदी, अजय श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


### ट्रेनों में रेडी टू ईट खाना परोसेंगे

- **कानपुर।** ट्रेनों में यात्रियों को खाना, नाश्ता आईआरसीटीसी उपलब्ध कराती है लेकिन कामर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से जिम्मेदार परेशान हैं। प्रतिदिन देश में लाखों रेल यात्रियों का खाना परोसा जाता है। आईआरसीटीसी ने अब रेडी टू ईट खाना परोसने की तैयारी की है। आईआरसीटीसी के निदेशक ने अपने बेस किचन में यात्रियों के लिए खाना परोसने वाले प्वाइंटों को निर्देशित किया है कि वे इंडक्शन, इलेक्ट्रिक बर्तन का प्रयोग करें। भोजन रेलवे स्टेशनों पर चलने वाले फूड प्लाजा एवं ट्रेनों में उपलब्ध कराया जाएगा। कानपुर में प्रतिदिन लगभग 4000 हजार यात्रियों के भोजन, नाश्ता की व्यवस्था की जाती है। खाना बनाने में बड़ी संख्या में कामर्शियल सिलेंडर की जरुरत पड़ती है लेकिन कामर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। रेडी टू ईट खाना पैक रहेगा। स्वर्ण शताब्दी, कानपुर शताब्दी, तेजस, वंदेभारत समेत विभिन्न ट्रेनों के यात्रियों के लिए सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं रात का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

# ठग को पकड़ महिलाओं ने जड़े थप्पड़, पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी में प्लॉट दिलाने, लोन कराने समेत अन्य झांसा देकर ठगी करने वाले को लोगों ने पकड़ लिया और पैसे वापस मांगे। आरोपी ने अभद्रता की तो महिलाओं ने पीटना शुरू कर दिया। थप्पड़ जड़ने के बाद आरोपी को पुलिस के हवाले किया। आरोप है कि पुलिस उल्टा पीड़ित पर मारपीट का मुकदमा लिख देने का दबाव बना रही है। वहीं एक महिला के थप्पड़ जड़ने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।

सनिगवां निवासी रवि श्रीवास्तव, कैंट का विपिन राजपूत, मीरपुर की शारदा देवी, पटकापुर की अनीता, खपरा मोहाल की संगीता राजपूत समेत अन्य पीड़ितों के अनुसार चकेरी के ओमपुरवा निवासी आरोपी ने कई साल पहले उन लोगों से लोन करवाने, प्लॉट दिलाने, मकान दिलाने समेत अन्य झांसा देकर किसी से आठ लाख तो किसी से 10 से 15 लाख रुपये लिए थे। इसके बाद आरोपी कोई न कोई बहाना बनाकर टरकाता रहा। काफी समय बीतने के बाद जब पीड़ितों ने अपनी रकम मांगना शुरू किया तो आरोपी ने धमकी दी। पीड़ितों ने बताया कि रविवार शाम को आरोपी कार से सनिगवां में मिल गया। इसके बाद लोगों ने रोककर रुपये मांगे। इस पर उसने अभद्रता की। नशे में भी था। लोगों ने पीटना शुरू कर दिया। एक महिला ने कार में घुसकर उसे थप्पड़ जड़ने शुरू कर दिए। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस आरोपी पर कार्रवाई करने के बजाय उल्टा पीड़ितों पर मुकदमा लिखने की बात कह रही है।

# रिक्शा चालक ने फंदे से लटककर दी जान

**कानपुर।** पनकी में घरेलू कलह के बाद ई-रिक्शा चालक ने फंदे से लटककर जान दे दी। सुबह पत्नी ने शव पलटा देखा तो चीख-पुकार मच गई।

रतनपुर निवासी 46 वर्षीय हरिओम पांडेय ई-रिक्शा चलाते थे। परिवार में पत्नी मनोरमा और दो बच्चे रिशू व श्रैया हैं। हरिओम चार भाइयों में बीच के थे। बड़े भाई शिवमोहन ने बताया कि पता चला कि शनिवार शाम पति-पत्नी में घरेलू कलह हुई थी। खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य सो गए तो हरिओम ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पत्नी सोकर उठीं तो फंदे से लटका देखा। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी एकत्र हुए। शव नीचे उतारने के बाद परिजनों व पुलिस को खबर दी।

आगे बढ़ी बात

भूमि अधिग्रहण की धारा 3-डी के प्रकाशन के साथ जल्द शुरू होगी मुआवजा वितरण प्रक्रिया

# कबरई फोरलेन हाईवे के भूमिअधिग्रहण में हिस्साकशी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** कानपुर से बुंदेलखंड को तेज रफ्तार कनेक्टिविटी से जोड़ने वाले 112 किमी लंबे कानपुर-महोबा-कबरई फोरलेन हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण का काम अपने अंतिम मुकाम की तरफ बढ़ गया है। जिन लोगों की भूमि इस हाईवे निर्माण के लिए ली जानी है, उनकी हिस्साकशी का काम पूरा कर लिया गया है। अब भूमि अधिग्रहण की धारा 3-डी का प्रकाशन जल्द ही किया जाएगा। इसके बाद मुआवजा वितरण प्रक्रिया के साथ निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। 5700 करोड़ रुपये लागत से बनने वाला यह हाईवे कानपुर में रिंग रोड के पास से शुरू होकर हमीरपुर और महोबा जिलों से होकर गुजरेगा।

रमईपुर-महोबा-कबरई फोरलेन हाईवे निर्माण के लिए कानपुर नगर और देहात के 49 गांव, हमीरपुर के 35 और महोबा-कबरई क्षेत्र के नौ गांवों में भूमि अधिग्रहण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर चिह्नांकन के बाद हिस्साकशी का काम पूरा किया गया है।

यह फोरलेन 93 उन गांवों से होकर गुजरेगा, जहां अभी मजबूत सड़क व्यवस्था का अभाव है। इसका एलीवेटेड स्वरूप शहरी इलाकों से दूर खुली जमीन से होकर गुजरने के कारण सुगम, सुरक्षित और तेज यात्रा प्रदान करेगा। यह हाईवे बीओटी (बिल्ड-आपरेट-ट्रांसफर) माडल पर तैयार किया जाना है। इसके तहत निजी कंपनी की पूर्ण रूप से भागीदारी होगी। इस माडल में निजी कंपनी सड़क का निर्माण कर उसे निर्धारित अवधि तक संचालित करेगी। इसके बाद परियोजना सरकार को हस्तांतरित कर दी जाएगी। परियोजना के निर्माण की निगरानी की जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) करेगा।

**5700** करोड़ रुपये से बनने वाला यह हाईवे पूरी तरह एलीवेटेड होने से देगा तेज रफ्तार

**03** जिलों के 93 उन गांवों से होकर गुजरेगा, जहां अभी नहीं है मजबूत सड़क व्यवस्था



### तेज रफ्तार के साथ सड़क सुरक्षा

- वर्तमान में नौबस्ता से हमीरपुर की टू-लेन सड़क पर अधिक ट्रैफिक लोड होने से आए दिन न सिर्फ जाम लगता है, बल्कि बड़ी संख्या में दौड़ने वाले मौरंग के ट्रकों के कारण हादसों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी सड़क के समानांतर बनने वाला नया फोरलेन मार्ग तेज रफ्तार विकल्प बनने के साथ सड़क सुरक्षा में सुधार करेगा।
- **क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावा :** यह हाईवे कानपुर, कानपुर देहात, हमीरपुर और महोबा से होते हुए छतरपुर-भोपाल-मुंबई आर्थिक कारिडोर से जुड़ेगा। इससे बुंदेलखंड क्षेत्र को देश के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्रों से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इस हाईवे को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा, जिससे दिल्ली और बुंदेलखंड के अन्य शहरों के लिए कनेक्टविटी बेहतर होगी।

## सिटी ब्रीफ

### खुन्नस में दबंगों ने युवक को पीटा

**कानपुर।** ग्वालटोली में पुरानी खुन्नस में दबंगों ने युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। आरोप है कि हमलवार कट्टे की बट सिर पर मारकर रुपये लूट ले गए। पुलिस के टरकाने पर पीड़ित ने डीसीपी सेंट्रल के आदेश पर 15 दिन बाद छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट कराई। बेनाझाबर निवासी शाहब आलम की तहरीर के अनुसार 24 फरवरी की रात वह ग्वालटोली मकबरा अपने दोस्त से मिलने गए थे। तभी मकबरे के पास जफर उर्फ बंटी, इकराम, फैज रैनी, शोएब नाटी, ओसामा व निशांत कनौजिया समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए अचानक लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में बंटी ने तमंचे की बट सिर पर मारकर घायल कर दिया। आरोप है कि जब होश आया तो 1800 रुपये व चांदी की अंगूठी गायब थी। हमलावरों पर लूट का आरोप लगाया है। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव से न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की रही है।

### रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का बार पर छापा

**कानपुर।** कोतवाली में एटमॉस्फियर व द चिलम रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार में पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने हुक्का, फ्लेवर, चिलम व पाइप समेत अन्य सामान बरामद किया। चौकी इंचार्ज की तहरीर पर मालिक समेत मैनेजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि जेएस टॉवर के आठवें तल स्थित एटमॉस्फियर रेस्टोरेंट में काफी समय से हुक्का बार संचालित हो रहा था। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और लोगों को चेतावनी दी। वहां से तीन हुक्का सेट, 85 फ्लेवर समेत अन्य सामान बरामद किया। चौकी प्रभारी अनीस कुमार सिंह की तहरीर पर मैनेजर आदित्य कुमार सिंह व सिविल लाइंस निवासी मालिक वली सोलेजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसी तरह मधुवन टॉवर में द चिलम्स रेस्टारेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार में छापेमारी की गई। वहां से पुलिस ने नौ हुक्का सेट, 13 फ्लेवर सेट, पाइप समेत अन्य सामान जब्त किया है। एकता चौकी प्रभारी अमिनेष शर्मा की तहरीर पर पटकापुर निवासी मालिक अकबर, परेड निवासी तनवीर व मैनेजर अरसान अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** नौबस्ता पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध हालत में ऑटो में बैठा एक युवक मिला, जो जांच में वाहन चोर निकला। उसके पास मिला ऑटो के कागजात मांगे गए तो वह भी चोरी का निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात पुलिस गश्त कर रही थी। विजय चेस्ट अस्पताल के सामने खाली मैदान के पास एक ऑटो खड़ा मिला, जिसमें युवक बैठा था। देर रात वहां उसके होने का कारण पूछा तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। ऑटो पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। जांच में पता चला कि ऑटो बर्रा-8 निवासी फखरुद्दीन की है और उसकी चोरी की रिपोर्ट नौबस्ता में दर्ज है।

# 10 हजार से अधिक छात्रों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

## शहर में 53 परीक्षा केंद्रों पर 28,333 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में चली दो दिवसीय उपनिरीक्षक (एसआई) व समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। कान की बाली, कंगन, बिछिया, चूड़ी और जूते-मोजे तक उतरवाए गए। प्रतिबंधित वस्तुएं मिलने पर उन्हें जमा कराने के बाद बायोमेट्रिक व रेटीना जांच के पश्चात ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। कहीं कोी अशांति की हालत नहीं रही।



परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से एसआई व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा रविवार को भी शहर के 53 केंद्रों पर आयोजित की हुई। जिसमें पहली पाली में 14029 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 5411 अभ्यर्थी ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह दूसरी पाली में 14304 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 5136 गैर हाजिर रहे। इस दौरान पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और सीसीटीवी व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

### अभ्यर्थियों से बातचीत



पुलिस विभाग में सेवा करना लक्ष्य है। इस बार उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र सामान्य स्तर का था, हालांकि कुछ प्रश्न थोड़े कठिन भी लगे। पिछले समय से की गई तैयारी का इस परीक्षा में अच्छा फायदा मिला।

-भरत यादव, झांसी



मैंने परीक्षा में सभी 170 प्रश्नों के जवाब दिए। हालांकि गणित के सवाल हल करने में थोड़ा ज्यादा समय लग गया। हिंदी का सेक्शन काफी आसान था, जितनी उम्मीद थी उससे भी सरल लगा। कुल मिलाकर पेपर ठीक रहा।

-नवतेश कुमार, प्रयागराज



रीजनिंग और हिंदी के प्रश्न काफी आसान थे, लेकिन गणित और जीएस के सवालों में थोड़ा समय लग गया। इसी वजह से सभी प्रश्न हल नहीं कर पाया करीब 140 सवाल ही कर सका, बीएनएस के भी प्रश्न इस बार आए।

-अभिषेक कुमार, प्रयागराज



गणित और जीएस के कुछ सवालों ने थोड़ा उलझा दिया, जिससे समय ज्यादा लग गया। इसके बावजूद मैंने सभी 155 प्रश्न हल किए हैं, लेकिन लगभग 120 सवाल सही होने की उम्मीद है। रीजनिंग और हिंदी अपेक्षाकृत आसान रहे।

– विशाल मौर्य, जालौन



सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों में भारी भीड़ रही। अमृत विचार

# सेंट्रल पर परीक्षार्थियों की भीड़ देख दरवाजे किए अंदर से लॉक, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन का दरवाजा पीटते रहे यात्री, नहीं खुला
- नीलांचल एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में हंगामा, कोचों में कब्जा

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती के लिए कानपुर आई हजारों की भीड़ देख सेंट्रल स्टेशन पर नेता जी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के यात्रियों ने अंदर के डिब्बा लॉक कर लिया। यात्री दरवाजा पीटते रहे लेकिन अंदर बैठे यात्रियों ने नहीं खोला। गुस्साये यात्रियों ने हंगामा किया और मारपीट की नौबत आई।

रविवार को पुलिस भर्ती के दूसरे दिन सेंट्रल स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ जमा थी। सबसे ज्यादा प्लेटफार्म नंबर 2,3,4,5,6, व 7 पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। स्टेशन पर भारी भीड़ देख कई ट्रेनों के यात्रियों ने साधारण कोच के डिब्बे को अंदर से लॉक कर लिया। कई ट्रेनों के साधारण व स्लीपर कोच पहले से ही फुल थे। नीलांचल एक्सप्रेस के एसी कोच में परीक्षार्थियों की भीड़ अंदर दाखिल हो गयी जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गयी। घटना की जानकारी वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक को दी गई तो जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसएन. पाटीदार की अगुवाई में फोर्स मौके पर पहुंची और किसी तरह परीक्षार्थियों को एसी कोच से नीचे उताकर साधारण कोच में बिठाया। इसी प्रकार कानपुर से प्रतापगढ़ जाने वाली इंटर सिटी एक्सप्रेस, झांसी पैसेंजर, आगरा इंटरसिटी, इटावा पैसेंजर बालामऊ पैसेंजर, रायबरेली पैसेंजर में भारी भीड़ रही।

स्थिति ये रही कि रविवार को दिनभर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ की टीम जूझती रही। आरपीएफ ने माइक के जरिये यात्रियों को सावधान किया और व्यवस्था संभाली। आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी एसएन. पाटीदार का कहना है कि सभी प्लेटफार्मों पर टीम तैनात है।

### कानपुर से प्रयागराज और झांसी तक दौड़ी एग्जाम एक्सप्रेस

**कानपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा की भीड़ को सुविधा देने के उद्देश्य से रेलवे ने कानपुर, प्रयागराज, झांसी समेत विभिन्न स्टेशनों से एग्जाम विशेष ट्रेन संचालित की लेकिन उसके बाद भी कई ट्रेनों के आरक्षित कोचों में परीक्षार्थियों ने कब्जा कर लिया।

रविवार को मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के निर्देशन में व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया। प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर तथा प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं। मंडल स्तर पर स्थापित वार रूम से प्रमुख स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई। अधिकारियों द्वारा भीड़ की स्थिति, यात्री आवागमन तथा प्लेटफॉर्म व्यवस्था का अवलोकन किया जाता रहा।

#### कानपुर से एग्जाम एक्सप्रेस

- कानपुर से प्रयागराज तक एग्जाम स्पेशल सेंट्रल से 22 डिब्बे वाली ट्रेन दोपहर 1.02 बजे रवाना हुई।
- कानपुर से प्रयागराज एग्जाम स्पेशल ट्रेन सायं 6.10 बजे कानपुर सेंट्रल से रवाना हुई।
- कानपुर सेंट्रल से झांसी के लिए 20 कोच वाली एग्जाम स्पेशल सायं 6.45 बजे रवान हुई।
- कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज के लिए सायं 6.50 बजे एग्जाम स्पेशल ट्रेन रवाना हुई।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, तीन चुटहिल

**कानपुर।** चकेरी में पीएसी रोड गंगागंज के पास शनिवार देर रात एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार में बैठे तीन दोस्त मामूली रूप से चुटहिल हो गए। तीनों दोस्त शराब पार्टी कर लौट रहे थे।

प्रयागराज निवासी अमन मिश्रा व आशीष दोनों दरोगा भर्ती परीक्षा देने के लिए शनिवार को कानपुर आए थे। पेपर देने के बाद उनकी अपने दोस्त बर्रा बारा जूही कलां निवासी सार्थक यादव से मुलाकात हुई। फिर तीनों ने शराब पार्टी की। सार्थक देर रात अमन और आशीष को कार से रामादेवी छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान पीएसी मोड गंगागंज के पास पहुंचते ही कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार में बैठे तीन लोग मामूली रूप से चुटहिल हो गए। इलाके के लोगों ने बताया कि कार में शराब पार्टी हो रही थी। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कार क्षतिग्रस्त है।

# मंदिर के महंत ने लगाया अभद्रता का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर के इंद्रानगर में आशादेवी मंदिर के महंत को नोटिस, महंत की ओर से केडीए टीम पर पालतू कुत्ता छोड़ने, त्रिशूल लेकर दौड़ाने व अभद्रता के आरोप पर दूसरा पक्ष भी शनिवर को थाने पहुंचा। मंदिर के महंत आशुतोष गिरी आधा दर्जन से अधिक संतों के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे और आश्रम से जुड़े विवाद की निष्पक्ष जांच कराने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया।



थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देते संत।

- महंत व संतों ने प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की

महंत आशुतोष गिरी ने प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 12 मार्च को केडीए के कर्मचारी आश्रम पहुंचे और उनके साथ अभद्र व्यवहार कर अपमानित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग झूठी शिकायतें कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। महंत ने आरोप लगाया कि रात करीब साढ़े आठ बजे कुछ लोग मंदिर परिसर में पहुंचे और हमला करने का प्रयास किया। वह लोग मंदिर प्रबंधन समिति के नाम पर विवाद खड़ा कर रहे हैं। महंत का आरोप है कि वर्ष 2017 में फर्जी तरीके से समिति का पंजीकरण कर मंदिर पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। महंत आशुतोष गिरी ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि जांच की जाएगी।

### दो किशोरियां लापता अपहरण की रिपोर्ट

**कानपुर।** जाजमऊ व चकेरी क्षेत्र में दो किशोरियां संदिग्ध हालात में लापता हो गईं। दोनों के परिजनों ने युवकों पर अपहरण का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। जाजमऊ के ओमपुरवा निवासी टेनरी कर्मी अनुसार उनकी 15 वर्षीय बड़ी बेटी बीती नौ मार्च की सुबह दुकान से सामान लाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद वापस घर नहीं लौटी। काफी देर होने पर जब परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। फिर जानकारी हुई कि बेटी की कल्यानपुर निवासी अंकित नामक युवक से दोस्ती थी। आरोप है कि आरोपी बेटी को ले गया है। वहीं चकेरी के संजीव नगर द्वितीय निवासी महिला के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बेटी बीती 10 मार्च की रात करीब 12 बजे से घर से लापता है। जिसके बाद उन्हें पता चला कि इलाके का ही बड़कू उर्फ सोनू गौतम बेटी को ले गया है। जिसके बाद उन्होंने आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बस हादसा: नासिक से आए परिजन घायलों की हालत में हुआ सुधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी बस हादसे की खबर पर घायलों व मृतकों के परिजन रविवार शहर पहुंचे। हादसे में जान गंवाने वाली भागीरथी का अंतिम संस्कार वाराणसी में होगा। जबकि बस मालिक मनोज का शव लेकर परिजन नासिक रवाना हो गए। वहीं मामूली घायल तीर्थयात्री रविवार को परिजनों के साथ अपने घर चले गए। आईसीयू में भर्ती तीर्थयात्रियों की हालत में भी सुधार बताया गया।

पनकी में सरायमीता के पास हाईवे पर शनिवार भोर पहर तेज रफ्तार टूरिस्ट ट्रेलर से भिड़ी थी। हादसे में नासिक की 60 वर्षीय भागीरथी और बस मालिक 45 वर्षीय मनोज जयवंत जाधव की मौत हुई थी। जबकि 56 तीर्थयात्री घायल हो हुए थे। जिन्हें हैलट व कांशीराम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। मृतकों व घायलों के परिजन रविवार सुबह शहर पहुंचे।



भागीरथी।



मनोज।

- वृद्धा भागीरथी का वाराणसी व बस मालिक मनोज का नासिक में होगा अंतिम संस्कार
- पनकी के सरायमीता के पास शनिवार तड़के हुआ था हादसा मामूली घायल घर गए

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे महाराष्ट्र के नासिक ओजर गणेशनगर निवासी भागीरथी के पति शिवाजी जाधव कारोबारी हैं। भागीरथी की चार बेटियां पुष्पा, सारिका, हीराबाई व ताराबाई और दो बेटे सोनेनाथ व ज्ञानेश्वर हैं। ज्ञानेश्वर ने बताया कि मां भागीरथी व बहनें पुष्पा, सारिका, ताराबाई और सारिका के पति रामभाऊ समेत पड़ोस के अन्य लोग बस से वह दस दिन की तीर्थयात्रा पर निकले थे। बताया कि शनिवार सुबह करीब दस बजे उन्हें बहन सारिका के मोबाइल से सूचना मिली कि कानपुर में पनकी हाईवे पर हादसा हुआ है। रविवार सुबह वह सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। जिसके बाद वह हैलट पहुंचकर परिजनों से मिले।

ज्ञानेश्वर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मां का शव लेकर लेकर वह वाराणसी जाएंगे, जहां उनका अंतिम संस्कार करेंगे। वहीं बस मालिक मनोज जयवंत जाधव के भाई अमोल ने बताया कि वह नासिक जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीते माह ही मनोज ने नई बस खरीदी थी। जिससे उनका यह पहला टूर था। तीर्थयात्रा पर वह पत्नी के साथ निकले थे। वहीं अस्पतालों में भर्ती घायलों की हालत में सुधार है। मामूली घायल कई तीर्थयात्री परिजनों के आने पर उनके साथ घर चले गए। कहा वहां पहुंचकर इलाज कराएंगे।

## समस्या

सीएम ग्रिड के तहत करीब 1.50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा

# स्वरूप नगर-मटका तिराहा मार्ग बदहाल, धूल और जाम से परेशानी



मुख्य सड़क खुदी पड़ी है। अमृत विचार



सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थाना से ग्वालीन चौराहा होते हुए मटका तिराहा तक चल रहे सड़क निर्माण और सीवर लाइन बिछाने के कार्य ने राहगीरों और स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट योजना (सीएम-ग्रिड्स) के तहत करीब 1.50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य के चलते फिलहाल सड़क बदहाल हो गई है।

सीवर लाइन डालने के लिए सड़क के दोनों किनारों पर गहरी खुदाई कर दी गई है, जिससे जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। कई स्थानों पर सड़क के बीचों-बीच भी गड्ढे और उखड़ी सतह के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के चलते सड़क के किनारे मिट्टी के ढेर लगे हैं, जिससे मार्ग संकरा हो गया है और दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सुबह और शाम के समय स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जब इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे आसपास के दुकानदारों, अस्पताल आने वाले मरीजों और क्षेत्रीय निवासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, यह निर्माण कार्य नगर निगम की ओर से अर्बन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर एजेंसी (यूआरआईडीए) के माध्यम से कराया जा रहा है।

करीब 16.53 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क में विद्युत लाइनों को भूमिगत करना, विभिन्न केबलों के लिए डक्ट निर्माण, सीवर व वाटर लाइन, फुटपाथ और स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य शामिल हैं। कार्य 26 जून 2025 से शुरू हुआ है और इसे 26 नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि इसी मार्ग पर कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी का आवास भी स्थित है। इसके बावजूद निर्माण कार्य की धीमी गति और अव्यवस्था से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### राहगीरों ने बताई अपनी समस्या



स्वरूप नगर थाना से मटका चौराहा तक चल रही खुदाई से दिनभर धूल उड़ती रहती है, मैं हरदोई से यहां पर इलाज करवाने आया हूं। धूल और जाम के कारण इस रास्ते से आने से बचता हूं पर इलाज के लिए यहां पर आना पड़ रहा, यहां की दूषित हवा में सांस लेने में दिक्कत होती है

– सुदामा लाल, हरदोई



इस मार्ग पर रोजाना जाम की समस्या बनी रहती है। सड़क के दोनों ओर गड्ढे और बीच में खराब सड़क के कारण वाहन धीरे-धीरे चलाने पड़ते हैं। कई बार आधे घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। निर्माण कार्य सही तरीके से कराया जाए तो समस्या कम हो सकती है।

-अशोक ठाकुर, काकादेव



सड़क किनारे गहरी खुदाई होने से रोजाना निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। धूल के कारण सांस लेने में दिक्कत होती है। अगर समय-समय पर पानी का छिड़काव हो जाए और काम तेजी से हो तो लोगों को राहत मिल सकती है।

– भारत प्रसाद, रानीघाट चौराहा



सीवर लाइन डालने का काम जरूरी है, लेकिन इसके साथ व्यवस्था भी होनी चाहिए। अभी हालात ऐसे हैं कि धूल, गड्ढे और जाम से लोग परेशान हैं। अगर प्रशासन और निर्माण कंपनी ध्यान दे तो सड़क पर पानी का छिड़काव और यातायात व्यवस्था बेहतर की जा सकती है।

– अभिषेक शर्मा, मैनावती मार्ग

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाई ने कहा, एक दिन पहले बहन से हुई थी बात, पति ने मांगे थे 20 लाख रुपये

**अमृत विचार।** भाई ससुरालवाले मकान बनवाने के लिए 20 लाख की मांग कर रहे है। आकर ले चलो, नहीं तो मार डालेंगे। मोबाइल पर बहन से यह बातें हुईं। जिसका जिक्र करते भाई रो पड़ा। उसने बताया कि जब वह बहन के ससुराल बर्रा पहुंचे तो बिस्तर पर संदिग्ध हालात में शव पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर परिजनों को शांत कराया।

बर्रा विश्व बैंक निवासी सागर पोरवाल की शादी 10 फरवरी 2020 को औरैया के पनहर गांव निवासी 28 वर्षीय श्रद्धा से हुई थी। जिसके दो बेटियां अक्षिता व यति हैं। श्रद्धा के पिता ज्ञानेंद्र कुमार पेशे से किसान हैं। भाई संदीप कुमार ने बताया धूमधाम से एकलौती बहन की शादी की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही लगातार बहन के ससुरालीजन बहन को दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। प्रताड़ित करने की शिकायत मिलने पर कई बार समझौता हुआ। संदीप ने बताया कि बीते कई दिनों से फिर बहन से अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। 20 लाख रुपये की डिमांग कर चार दिन पहले भी सागर ने बहन को मारापीटा था। इसका पता चलने पर उन्होंने चार लाख रुपये दिए थे। उसके बाद भी लगातार बहन को मारपीट कर पैसे मांगर रहे थे। संदीप के अनुसार शनिवार रात करीब 10 बजे बहन ने फोन करके रोते हुए बताया कि भाई हमको ले जाओ, नहीं तो जिंदा नहीं बचेंगे। यह लोग मार डालेंगे। कह रहे है कि 20 लाख लाओं मकान बनवाना है। इस पर बहन को शांत कराया और कहा कि रविवार सुबह घर आऊंगा। बहन के घर पहुंचते उससे पहले सुबह करीब छह बजे सागर ने फोन करके बताया कि तुम्हारी बहन अब नहीं रही। आकर उसका शव ले जाओ। खबर पाकर तत्काल परिजनों संग कानपुर के लिए रवाना हुए। बर्रा पहुंचने पर बहन का शव बिस्तर पर पड़ा पाया। श्रद्धा का शव देखकर गुस्साए परिजनों ने पति सागर पर हत्या का आरोप लगा हंगामा किया।

## सिटी ब्रीफ

### बामसेफ ने पैदल यात्रा निकाली

**कानपुर।** बामसेफ के संस्थापक सदस्य बहुजन नायक कांशीराम की 92 वीं जयन्ती पर मूलनिवासी बहुजनों ने पैदल यात्रा निकाली जिसमें गोविंद नगर बस्ती के सैकड़ों मूलनिवासी बहुजन समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान बच्चों को पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। महापुरुषों की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस कार्यक्रम में जिला यूनिट कानपुर नगर बामसेफ एवं बामसेफ के आफ सूट संगठनों के साथी शामिल हुए। प्रधान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष छेदी खोटे, मनोज भटनागर बाल्मीकि, रत्नदीप भंते, पूजा यादव, राजेंद्र बौद्ध, बब्लू बक्शी, दीपू यादव, सिद्धार्थ मूलनिवासी, राहुल दिवाकर आदि थे।

### मौलाना के बयान के विरोध में पुतला दहन

**कानपुर।** बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताश्री के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में रविवार को हिंदू युवा वाहिनी न्यास के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। हिंदू युवा वाहिनी न्यास के कानपुर प्रभारी अरुण अरोरा के आह्वान पर कानपुर दक्षिण के जिलाध्यक्ष नवीन तुलसानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कड़ी नाराजगी जताई। कार्यकर्ताओं ने मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला जलाया। इस मौके पर जिला महामंत्री राजीव शुक्ला, अनिल श्रीवास्तव, सुधीर चंदेल, दुष्यंत मिश्रा, राकेश गुप्ता, साहिल अरोरा रहे।

# युद्ध का एफटीए पर असर खरीदारों ने बातचीत की बंद

## वैश्विक बाजार पर संकट के चलते दो महीने का दिया गया समय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईरान, इजराइल व अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर एफटीए 'फ्री ट्रेड एग्रिमेंट' पर भी पड़ रहा है। एफटीए के बाद से ही शहर के निर्यातकों की शुरू हुई विदेशी खरीदारों के बीच बातचीत फिलहाल विराम के दौर पर है। विदेशी खरीदारों ने युद्ध के चलते इसे दो से तीन महीने के लिए टाल दिया है। निर्यातकों का मानना है कि युद्ध का संकट खत्म होने के बाद ही एफटीए के लिए बातचीत शुरू हो सकती है।

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ के दौरान भारत ने कई देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रिमेंट किया था। इनमे यूरोपीय यूनियन, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात व जापान जैसे देश भी शामिल रहे। एफटीए होने के बाद से ही शहर के निर्यातक नए वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे थे। इनमें सबसे अधिक लेदर प्रोडक्ट के निर्यातक सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। युद्ध के बीच ही निर्यातकों को कई तरह की परेशानियां सामने आने लगी। सबसे बड़ी परेशानी उत्पादों को तैयार करने वाले कच्चे माल के रेट में परिवर्तन है। खरीदारों को भी विदेशी बाजार की मांग के बदलने का डर सताने लगा था। इस स्थिति में लेदर प्रोडक्ट के निर्यातकों के साथ उन खरीदारों की बातचीत में फिलहाल विराम लग गया है।निर्यातकों का कहना है कि इससे बाजार हालात बदलने पर खरीदार ऑर्डर व प्रोडक्ट भी बदल सकते हैं।



"युद्ध की स्थिति में वैश्विक बाजार की मांग बदल जाती है। इससे निर्यातकों को संभलने के लिए समय और पूंजी दोनो की ही जरूरत पड़ती है। फिलहाल जो बाजार का दौर चल रहा है उससे निर्यात कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। एफटीए के बाद निर्यातकों को उम्मीद थी कि जल्द से जल्द ऑर्डर मिलना शुरू होंगे लेकिन अब लगता है इसमें समय लगेगा।

-डॉ. जफर नफीस, निर्यातक



युद्ध का असर इस वजह से भी निर्यात कारोबार पर पड़ रहा है क्योकि यह युद्ध मुख्य समुद्री मार्ग के आस-पास चल रहा है। इससे विदेशी खरीदार बुरी तरह से संशय में हैं। इसलिए उन्होंने फिलहाल नए निर्यातकों के साथ बातचीत बंद कर दी है। उम्मीद है कि जल्द ही युद्ध शांत होगा और वैश्विक बाजार पहले की तरह से ही अपनी पटरी पर लौटेगा।"


-मोहम्मद हसीमुद्दीन

### नए निर्यातकों पर संकट

- शहर में अमेरिका में अपने उत्पाद भेज रहे नए निर्यातकों पर सबसे अधिक परेशानी आई है। पहले उनका विदेशी बाजार टैरिफ की वजह से टूटा। इसके बाद जब उन लोगों ने टैरिफ से मुकाबला करने के लिए एफटीए वाले देशों में संपर्क साधा तो वहां से भी अब उन्हें ऑर्डर पर निराशा ही हाथ लग रही है। अब नए निर्यातक बगैर उत्पादन के सिर्फ बाजार हाल को परखने का काम कर रहे हैं।

# देश का स्वाभिमान कमजोर कर रहे मोदी-अजय राय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



तिलक हाल में होली मिलन में आए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुककर देश के स्वाभिमान को कमजोर कर रहे हैं। गैस संकट से कई प्रकार के व्यापार पूरी तरह चौपट हो चुके हैं, प्राचीन मंदिरों में प्रसाद तक नहीं वितरित हो पा रहा है। योगी सरकार को गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर अंकुश लगाना चाहिए।

रविवार को कानपुर महानगर कांग्रेस द्वारा तिलक हाल में आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पत्रकारों से रुबरु थे। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, जनसमस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा कि कानपुर में कितनी विस सीटों पर चुनाव लड़ना है। कानपुर की जनता कांग्रेस के पक्ष में बदलाव करेगी। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष को तलवार और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेसियों ने फूलों की होली खेली। भजन, होली के गीत नारे गूंजे। आलोक मिश्रा, हरप्रकाश अग्निहोत्री, संजीव दरियाबादी, प्रतिभा अटल पाल, सैमुअल सिंह लकी, टिल्लू ठाकुर, प्रभात मिश्रा, विकास अवस्थी, आनंद शुक्ला, बृजेश शर्मा, राजेश गौतम, शंकर दत्त मिश्रा, रामजी दुबे, अमिताभ दत्त मिश्रा, अजय श्रीवास्तव शीलू, विनोद अवस्थी, कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला, मदन मोहन शुक्ला, श्याम देव सिंह आदि रहे।



नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अमृत विचार

### श्याम शर्मा अध्यक्ष और अमित खंडेलवाल महामंत्री

**कानपुर।** श्री आदिशक्ति जीण माता सेवा समिति, कानपुर की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को अग्रसेन स्मृति भवन में संपन्न हुए चुनाव में किया गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी दिनेश बरसिया की देखरेख में पूरी हुई। चुनाव में श्याम शर्मा को अध्यक्ष, अमित खंडेलवाल को पुन: महामंत्री, प्रतीक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं भारत हरी कनोडिया, गंगाधर पोद्दार और सज्जन अग्रवाल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। संयुक्त मंत्री के रूप में नीरज कौशिक, सह कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन मंत्री संजय खेतान और महोत्सव संयोजक पुलक अग्रवाल बनाए गए। इसके अलावा प्रचार मंत्री मयंक कनोडिया, कीर्तन संयोजक वैभव अग्रवाल एवं विवेक गोयनका तथा विशेष सलाहकार के रूप में गोपाल वर्मा, अनिल कनोडिया, दिनेश बरसिया और अंकित पांडे को चुना गया।



शिविर में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

## 41वें शिविर में 40 यूनिट रक्तदान

**कानपुर।** प. सत्यनारायण पारसनाथ दिवाकर प्रसाद शिक्षा एवं सेवा समिति द्वारा 41 वें रक्तदान शिविर का आयोजन हरमिलाप मिशन स्कूल, रतनलाल नगर में किया गया। शिविर स्कूल के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्याम सुंदर भाटिया को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. श्याम सुंदर भाटिया के भतीजे राजीव भाटिया ने अपनी पत्नी कविता भाटिया एवं भाभी ऋचा भाटिया के साथ रक्तदान करके किया। विद्यालय के चेयरमैन प्रेम अरोरा एवं अमरजीत भाटिया जी ने रक्तदाताओं को जूस पिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। शिविर उर्सला ब्लड बैंक की टीम ने सम्पन्न करवाया एवं एकत्रित रक्त उर्सला ब्लड बैंक को समर्पित किया गया। उर्सला ब्लड बैंक की टीम का नेतृत्व डॉ समद ने किया। कार्यक्रम संयोजक जय मिश्रा ने 91वीं बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र दिए गये। कार्यक्रम में राहुल भाटिया, विजय मिश्रा, ऋषभ बाजपेई, ओम शंकर, सुनील भाटिया, भारत भूषण आदि रहे।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**कानपुर।** बिठूर में शराब पीकर पहुंचे युवक को मां ने फटकार दिया। सख्त लहजे में कहा कि आगे से नशा मत करना, वरना ठीक नहीं होगा। मां के सो जाने पर युवक देर रात घर से बाहर निकल गया और ट्रेन के आग कूदकर आत्महत्या कर ली।

बगदौधी बांगर निवासी एकलौता बेटा 27 वर्षीय रवि रावत ने शनिवार देर रात ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। परिवार में मां ममता हैं। दो बहनों की शादी हो चुकी है। मां ने बताया कि बेटा मंधना स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। गलत संगत के कारण शराब का लती हो गया था। आए दिन विवाद होता था। शनिवार रात को वह फैक्ट्री से घर लौटा तो शराब पीकर आया था। इस पर नाराजगी जताई। इसी बात से नाराज होकर बेटा देर रात घर से चला गया। देर रात मंधना चौकी की पुलिस ने बेटे के ट्रेन के आगे छलांग लगाने की खबर दी।

# अन्शिका मिस कानपुर व मिस यूपी में फर्स्ट रनरअप

**कानपुर।** जिले की प्रतिभाशाली बेटी अन्शिका गुप्ता ने सौंदर्य और प्रतिभा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने फॉरएवर स्टार इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिस कानपुर का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही हाल ही में हुए ग्रैंड फिनाले में वह मिस उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप रहीं। अन्शिका की प्रारंभिक शिक्षा डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, अवधपुरी कानपुर से हुई। उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से बीटेक की डिग्री हासिल की। अन्शिका ने प्रेस वार्ता में बताया कि बचपन से ही उनका सपना किसी बड़े मंच पर पहचान बनाने और प्रतिष्ठित ब्यूटी टाइटल हासिल करने का था। फॉरएवर स्टार इंडिया के मंच पर मौका मिलने के बाद उन्होंने विभिन्न राउंड में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले मिस कानपुर नगर का खिताब जीता और बाद में मिस उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप बनकर नई उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय फॉरएवर स्टार इंडिया के संस्थापक राजेश अग्रवाल को दिया।




अन्शिका गुप्ता। अमृत विचार

## फली तोड़ने पेड़ पर चढ़े युवक की हाईटेंशन करंट से मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर में सहजन की फली तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस व दमकल टीम पहुंची। युवक को पेड़ से नीचे उतारकर शव पोस्टमार्टम भेजा। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

दयानंद विहार के फेस वन दीक्षित चौराहा के पास सड़क किनारे लगे सहजन के पेड़ के पास से हाइटेंशन लाइन गुजरी है। पेड़ पर इस समय काफी फलियां लगी हैं, जिसे तोड़ने के लिए लोग पेड़ पर चढ़ जाते हैं। रविवार शाम को भी एक युवक सहजन की फली तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। तभी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देखकर क्षेत्रीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम को दी। बिजली विभाग को खबर देकर आपूर्ति बंद कराई गई।

# अचानक बदला मौसम आज भी रह सकते बादल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शाम को चली ठंडी हवाएं, मौसम विशेषज्ञों ने पश्चिमी विक्षोभ को बताया वजह
- शहर में बूंदाबांदी के आसार, अधिकतम तापमान में आई 3 डिग्री की गिरावट

**अमृत विचार।** शहर में रविवार शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। बादल आए और ठंडी हवाएं चलने लगीं। इससे मार्च में ही तेज धूप और गर्मी से आम लोगों को राहत मिली। अचानक मौसम में आए इस परिवर्तन को मौसम विशेषज्ञों ने पश्चिमी विक्षोभ का असर बताया है। यह संभावना भी जताई है कि शहर में बादल रह सकते हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है।

ठंडी हवाओं से तापमान में भी लगभग 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट मौसम विभाग की ओर से दर्ज की गई। मौसम में बदलाव से छुट्टी के दिन लोग परिवार संग अपने घरों से निकले। यही वजह रही कि गंगा बैराज, आर्य नगर, स्वरूप नगर सहित अप्य इलाकों में भीड़ रही। उधर बदले हुए मौसम पर विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि देश में कई मौसमी सिस्टम बने हुए हैं जिससे पहाड़ों से लेकर मैदानी भागों में बारिश सहित गरज चमक के साथ बादल बने हुए हैं। फिलहाल शहर में एक से दो दिन तक तेज हवाएं चलेंगी व बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। जिससे शहर के बढ़ते हुए तापमान में गिरावट दर्ज हो सकेगी। बावजूद इसके तापमान सामान्य से ही ऊपर ही बने रहेंगे। शहर में फिलहाल बारिश की संभावना कम है, लेकिन बूंदाबादी संभव हो सकती है। आने वाले दिनों में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी तापमान में हो सकती है।




प्रजापति महासभा की ओर से सामूहिक विवाह समारोह हुआ। अमृत विचार

# प्रजापति महासभा के समारोह में 18 जोड़ों की शादी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जोड़ों को गृहस्थी का सामान भेंट किया गया

**अमृत विचार।** प्रजापति महासभा की ओर से रविवार को दिव्यांशी गार्डन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान 18 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। कार्यक्रम में बारात का कई जगहों पर स्वागत हुआ। जोड़ों को महासभा की ओर से घरेलू उपयोगी वस्तुएं भी उपहार स्वरूप प्रदान की गई।

समारोह की शुरुआत मुख्य संख्याक सीताराम प्रजापति व रामपाल प्रजापति ने किया। विवाह के दौरान 18 दूल्हों की बारात आकर्षण का केंद्र रही। यह बारात दिव्यांशी गार्डन से सचान चौराहा होते हुए बर्रा बाईपास चौराहा से होते हुए निकली। रास्ते में कई जगहो पर बारात का फूल बरसाकर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल की पदाधिकारियों ने दूल्हनों को सजाकर स्टेज में पहुंचाया।

समारोह में मंत्री राकेश सचान, विधायक अमिताभ बाजपेयी, विधायक अभिजीत सांगा, पूर्व विधायक अजय कपूर, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, पूर्व विधायक मुनीन्द्र शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष वीरसेन यादव एवं नितेन्द्र यादव ने भी वर-वुधुओं को आशीर्वाद दिया। बताया गया कि प्रजापति महासभा की ओर से वर व वधुओं को घरेलू उपयोग की वस्तुएं भी उपहार में दी गईं। इनमें बेड, गद्दा, तकिया, बेडशीट, गोदरेज अलमारी, अटैची, चांदी की पायल सहित अन्य उत्पाद शामिल रहे। समारोह में उपजिलाधिकारी सत्पात प्रजापति, रामप्रकाश प्रजापति, विनोद कुमार प्रजापति, मदनपाल प्रजापति, रोहित प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।

## महिलाओं ने खेली फूलों की होली

**कानपुर।** सद्भावना ग्रुप की ओर से चित्रगुप्त धर्मशाला गोविंद नगर में महिलाओं ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह में महिलाओं ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। संस्था की अध्यक्ष नीतू सिंह सेंगर ने अतिथियों का स्वागत किया। कल्पना चौहान, गरिमा श्रीवास्तव, निक्की, ऋतु, गीता तिवारी, इस्ता सिंह आदि मौजूद रहीं।

आक्रोश

दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए आपत्तिजनक प्रश्न को लेकर ब्राह्मणों में आक्रोश, गरमाई राजनीति

# दिलों में तीर-सा चुभ रहा सवाल, कुछ तो करो सरकार

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछले दो महीने से जातियों पर बवाल छिड़ा है। पहले यूजीसी, फिल्म घूसखोर पंडित, फिर ठाकुर हूं मैं और अब दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गया एक आपत्तिजनक सवाल लोगों के बीच चर्चा गर्म करने के साथ सोशल मीडिया पर समाज का गुस्सा भड़का रहा है।

दरोगा भर्ती परीक्षा के सामान्य हिंदी के सेक्शन-1 के प्रश्नपत्र में एक सवाल पूछा गया कि..''अवसर के अनुसार बदल जाने वाला''... इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए...। इस सवाल के नीचे चार विकल्प दिए गए। (ए) पंडित, (बी)-अवसरवादी, (सी)-निष्कपट और (डी)- सदाचारी। इसे ही लेकर कड़ी आपत्ति जताई जा रही है। लोग टिप्पणी कर रहे हैं कि अवसर के अनुसार बदल जाने के जवाब में जाति या कर्म के अनुसार किसी को नहीं रखना चाहिए। पंडित शब्द को विकल्प के रूप में अक वर्ग का अपमान है, और ऐसा लगता है कि लक्ष्य बनाकर चिढ़ाने के लिए यह जानबूझकर किया गया है। इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### सांगा बोले साजिश, जांच जरूरी

- विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने इस मुद्दे को साजिश बताते हुए जांच की मांग की है। भाजपा नेता निर्मल तिवारी ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि पंडितों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है, कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। अवसरवादी व्यक्ति हो सकता है, जाति नहीं। किसी भी जाति का व्यक्ति अवसरवादी हो सकता है। ब्राह्मण तो सहनशील और त्यागी है। भाजपा नेता डॉ.शैलेन्द्र दीक्षित का कहना है कि यह संवेदनशील मामला है। हमारी सरकार से मांग है कि तत्काल जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

### पहले भी हुए हैं विवाद

- यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ पहले सोशल मीडिया फिर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। नियमों पर रोक लगने के बाद मामला शांत हो गया था। मनोज वाजपेई की फिल्म 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ ब्राह्मणों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिला था। बाद में फिल्म का टाइटिल बदलने की बात पर बवाल खत्म हुआ था। ऐसे ही कुछ दिन पहले पनकी के एक निजी बैंक की महिला कर्मचारी का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह अपनी एक सहकर्मी पर नाराजगी जताते हुए कह रही थीं, 'ठाकुर हूं मैं...।' इसके बाद मामला ब्राह्मण बनाम ठाकुर हो गया था और सियासत गर्म हो गई थी। घटना पुलिस तक पहुंची थी।

### पुलिस भर्ती बोर्ड को भंग करने की मांग

- **कानपुर।** उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश देखने को मिल रहा है। भगवान परशुराम महासभा की बैठक में प्रश्न को आपत्तिजनक बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई गई और भर्ती बोर्ड को भंग कर 15 दिन के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेश अवस्थी ने कहा कि प्रश्न में 'पंडित' को विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर समाज की भावनाओं को आहत किया गया है। बैठक में श्याम नारायण शुक्ला, विष्णु तिवारी, भारतीश मिश्रा, रवि पांडे, दीपक शुक्ला, हरीश खत्री, दिनेश अवस्थी, शरद मिश्रा, नरेश द्विवेदी, अमित मिश्रा, विनोद मिश्रा, श्याम गर्ग, अजेय शुक्ला, मनोज मिश्रा, नरेंद्र द्विवेदी, ओम नारायण, अभय दुबे, श्याम शुक्ला मौजूद रहे।

### विधायक का सीएम को पत्र

- कानपुर। यूपी एसआई परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न पर उठे विवाद पर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक ने प्रश्न को घोर आपत्तिजनक बताया है। यह भी लिखा कि इस तरह के प्रश्नों से समाज में विवाद की स्थिति बनती है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जांच कराई जाना चाहिए। भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई न जाए इसके लिए जरूरी सावधानी भी बरती जाए।



सतगुरु बाबा का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# ईश्वर शाह के दर्शन को उमड़े भक्त

**कानपुर।** लगभग सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कटनी माधव नगर के जीवन मुक्त सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के कानपुर आगमन पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। रविवार को गोविंद नगर के ब्लॉक-11 स्थित रामलीला मैदान में आयोजित सत्संग में हजारों श्रद्धालु सतगुरु के दर्शन और अमृत वचनों को सुनने के लिए उमड़ पड़े।

विशाल पंडाल में आयोजित सत्संग के दौरान सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब ने अपने प्रवचन में कहा कि सेवा बड़े सौभाग्य से प्राप्त होती है और सेवा के माध्यम से ही जीव अपने कर्मों को पवित्र बनाता है।

उन्होंने कहा कि सच्ची सेवा और भक्ति से ही जीवन में शांति और आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है। सतगुरु के अमृतमय वचनों से उपस्थित संगत भक्ति, श्रद्धा और आनंद से भावविभोर हो उठी। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने सतगुरु के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सिंधी समाज के प्रमुख लोगों में दयाल सिंह, मनोज आडवाणी, संजय टकवानी, सुंदर लाल, मनोहर रामचंदानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सिटी ब्रीफ

### जश्ने तकमील-ए-कुरआन जलसा

**कानपुर।** शनिवार को देर रात हीरामन पुरवा स्थित मस्जिद हाजी दानू में जश्ने तकमील–ए–कुरआन जलसा किया गया। हाफिज मोहम्मद जमन ने तरावीह में कुरआन पाक का दौर मुकम्मल किया। इस मौके पर जशने तकमील कुरआन का जलसा हुआ जिसकी सरपरस्ती मस्जिद के पेशइमाम मुफ्ती सैयद मोहम्मद अकमल अशरफी ने की। पेशइमाम ने अपने खिताब में कहा कि रमजानुल मुबारक का आखिरी अशरा जहन्नुम से आजादी का है। मौलाना मेराज आलम रजवी, मौलाना मोहम्मद एजाज ने नातिया कलाम पेश किया। मस्जिद के सदर मोहम्मद असलम मौलाना अहमद अली, कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी, मौलाना उस्मान अशरफी, मौलाना दिलदार अशरफी, मोहम्मद शफीक, मुन्ना भाई, गौस मोहम्मद, मोहम्मद शाहिद आदि मौजूद रहे।



समारोह में मौजूद लोग।

### डॉ. नंदिनी रस्तोगी को अवॉर्ड दिया

**कानपुर।** फिजिशियन एवं डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. नंदिनी रस्तोगी को 'उत्कृष्ट महिला डायबेटोलॉजिस्ट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान आरएसएसडीआई यूपी चैप्टर के वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। अयोध्या में हुए कार्यक्रम में डॉ. नंदिनी रस्तोगी को यह सम्मान रोगी सेवा के प्रति उनकी दीर्घकालिक समर्पित भावना, मधुमेह उपचार में उत्कृष्ट चिकित्सीय योगदान तथा क्लिनिकल प्रैक्टिस में उच्च मानक स्थापित करने के लिए दिया गया।

### विजय नगर की सड़क संकरी, लगता जाम

**कानपुर।** मेट्रो के काम के कारण विजय नगर फल मंडी की सड़क बहुत संकरी हो गई है। चौपहिया वाहनों का निकलना कठिन हो गया है। दिन भर जाम के हालात रहते हैं और वाहन टकरा भी जाते हैं। मेट्रो की बेरीकेडिंग और निर्माण कार्य के कारण ये समस्या है। संकरी सड़क के एक ओर फलों के ठेलों का अतिक्रमण है।

# होली मिलन समारोह में लगे गले, फूल उड़े और दिल मिले

रविवार को छुट्टी का दिन होने से शहर में होली मिलन समारोहों की धूम रही। समाजसेवी संगठनों, व्यापारी संगठनों ने अलग-अलग जगह होली मिलन समारोह आयोजित किए। जिसमें आए अतिथियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कुछ लोग काफी समय बाद मिले तो एक-दूसरे की कुशलक्षेम पूछी और यादें ताजा कीं। महिलाओं ने सुंदर पोशाक धारण कर समारोह में चार चांद लगा दिए। महिलाओं के कार्यक्रम में राधा-कृष्ण के संग फूलों की होली खेली गई और एक-दूसरे को गुलाल लगाया गया।



महिलाओं ने होली मिलन का आनंद लिया। अमृत विचार

## राधा-कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली, एक-दूसरे को लगाया गुलाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जयतु जगदीश मंडल का यूनियन क्लब में समारोह
- सभी पार्टियों के जनप्रतिधि शामिल हुए

**अमृत विचार।** जयतु जाग्रति परिवार एवं जयतु जगदीश मंडल सेवा समिति के तत्वावधान में रंगों के पर्व होली के उपलक्ष्य में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन यूनियन क्लब में हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में शहर के जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में शहर की महापौर प्रमिला पांडेय, सलिल विश्नोई, विधायक अमिताभ बाजपेयी और वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कपूर शामिल हुए। समारोह का संचालन संयोजक विकास ओमर ने किया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष अनिल गुप्ता और अध्यक्षा मोना ओमर ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। राधा-कृष्ण स्वरूप के साथ फूलों की होली खेलकर आनंद लिया। महामंत्री राकेश, मीनाक्षी, राजकिशोर, राजेश, राशि, सीता, पिंकी, प्रीतिका, अभिलाषा, सुधा, दीपक, आमोद, सोनिका, सुमन, अलका, अनुराग रहे।

### एकता का दिया संदेश

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में भजनों के बीच व्यापारियों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं, जहाँ स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रदर्शन किए। होली खेले रघुवीरा... और बम बम भोले... जैसे भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आईटी मंच के अध्यक्ष रामजी शुक्ला ने बताया की संस्था कई वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने सभी व्यापारियों से ऑनलाइन के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आग्रह किया। कहा कि अपनी दुकानों पर साफ़ सफाई रखें। पार्किंग के लिए जगह रखें जिससे की अधिक से अधिक ग्राहक आ सके। कार्यक्रम में आईटी मंच महामंत्री सचिन शुक्ला, आईटी मंच के चेयरमेन अंगद सिंह व अमिता गुप्ता, सुनील बनाज, संत मिश्रा, कृपा इतर त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता, आशीष, राहुल वर्मा, अमन गुप्ता, सचिन पाण्डेय, ऋषा वर्गा अचल गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में सांसद रमेश अवस्थी भी पहुंचे। अमृत विचार

## होली की दी बधाई, शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ

**कानपुर।** कानपुर इलेक्ट्रिक कान्ट्रैक्टर्स एण्ड मर्चेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समारोह में कृष्ण व राधा रानी की मनमोहक झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में राजीव मेहरोत्रा (अध्यक्ष), मोहित अरोरा (महामंत्री), श्याम कुकरेजा (कोषाध्यक्ष), प्रवीण आनन्द (चेयरमैन), अशोक मेहरोत्रा, अशोक तिवारी, मनोज मेघानी, राहुल जैन, संतोष गुप्ता, दीपक शास्त्री, गुड्डन शुक्ला, ललित पाण्डेय, नवीन गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रमेश अवस्थी, प्रदेश के बिजली बाजार के महामंत्री संजीव चांदना और कोषाध्यक्ष संजीव बंसल मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने खेली फूलों की होली

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की ओर से रंगोली गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के दौरान राधा कृष्ण की फूलों की होली सभी के आकर्षण केंद्र रहीं। इस दौरान व्यापारियों ने भी फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पांडे, महिला आयोग की सदस्य पूनम कपूर, पूर्व विधायक सतीश निगम, विधायक नीलिमा कटियार, कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील बजाज, महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी, व्यापार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष विनोद गुप्ता, कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी कपिल सब्बरवाल ने की। मुख्य संरक्षक विजय कपूर और अध्यक्ष ऋषि कत्याल ने व्यापारियों को एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रणजीत सिंह बिल्लू, सौरव गुप्ता, अजय श्रॉफ, सौरभ गोसाई, भारत त्रिवेदी, अनुज जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



### होली के रंग उड़े

समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में गोल्ड स्टोन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और पर्व की बधाई दी। इस अवसर प्रभात कटियार, अर्चना रावल, प्रतिभा कटियार, डॉ. मनो कटियार, सुमन, पवन हिंदुस्तानी आदि रहे।



छावनी विधानसभा के समारोह में पहुंचे अतिथि। अमृत विचार

### गले मिले और होली की बधाई दी

**कानपुर।** भाजपा छावनी विधानसभा का होली मिलन समारोह श्याम नगर सिन्हा मोड स्थित कार्यालय पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आने वाले सभी सम्मानित जनता एवं पदाधिकारियों का भव्य स्वागत भी फूल बरसा कर किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह सभी से गले मिले और पर्व की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, मुख्य रूप से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया, गौरव चतुर्वेदी, अदित्य तिवारी, सुमित तिवारी, ओपी आर्या, शनि जायसवाल, आनंद सिंह, सर्वेश सिंह सिसोदिया रहे।

## सीएसजेएमयू में रोबोट दिखाएंगे दम-खम, रक्षा प्रदर्शनी भी लगेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में 'रोबो रम्बल' टेक फेस्ट का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता 16 से 18 मार्च तक होगी। 120 टीमें शिरकत करने आ रहीं है। प्रतियोगिता में रोबोट अपना दम दिखाएंगे। इसके साथ ही रक्षा प्रदर्शनी भी आयोजित होगी।

प्रतियोगिता के बारे में यह जानकारी यूआईईटी के निदेशक डॉ. आलोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के इवेंट कोऑर्डिनेटर इंजीनियर मोहम्मद शाह आलम व डॉ. अजय तिवारी होंगे।

बताया कि इस टेक फेस्ट में कुल 1,5 लाख रुपये का पुरस्कार पूल रखा गया है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों से लगभग 120 टीमें भाग लेने के लिए आ रही हैं। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण डिफेन्स एक्सपो होगा, जिसमें अत्याधुनिक रक्षा तकनीक और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा।

इसके साथ ही डिफेन्स टॉक के माध्यम से रक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञ अपने अनुभव और विचार प्रतिभागियों के साथ साझा करेंगे।

### ये प्रतियोगिताएं होंगी

प्रतियोगिताओं में रोबो वॉर, रोबो सॉकर, रोबो ऑब्स्टेकल रेस, आरसी फ्लाइंग, पिक एंड प्लेस, लाइन फॉलोइंग बॉट तथा शोकेस एवं एग्जीबिशन शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागी अपनी तकनीकी क्षमता और नवाचार का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही ई–स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोकप्रिय गेम बीजीएमआई और फ्री फायर की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए गो–कार्टिंग और पेंटबॉल जैसी रोमांचक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

## अध्यात्म, ध्यान, योग और आल्हा सुनकर वृद्ध प्रसन्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दामोदर नगर वृद्धाश्रम में किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** भारत सरकार और समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत कलम एक स्वैच्छिक संस्था ने दामोदर नगर स्थित सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्था वृद्धाश्रम में एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के अंतिम यानी सातवें दिन रविवार को वृद्धजनों के लिए अध्यात्म, ध्यान, योग और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायकों ने आल्हा सुनाया, जिसे सुनकर वृद्धजन प्रसन्न हुए और उन्हें पुराने दिनों की याद आ गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संस्था की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. विशाल गुप्ता ने जरूरत के अनुसार वृद्धजनों को दवाएं और फल वितरित किए। योग प्रशिक्षक रेखा शुक्ला और संगीत प्रशिक्षक सुनील शुक्ला ने योग, ध्यान और भजन कराया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव डॉ. विपिन शुक्ला और उपाध्यक्ष डॉ. सारिका त्रिवेदी ने गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल पनकी से आए प्रबंधक भानु प्रताप और डांस टीचर वंदना झा को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बच्चों को भी प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कुल 72 प्रतिभागी शामिल हुए।

## देहदान अभियान की वेबसाइट शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युग दधीचि देहदान अभियान के तहत रविवार को वेबसाइट की शुरुआत की गई। इस दौरान वेबसाइट के कार्यों को भी बताया गया। जानकारी भी दी गई कि अब देहदान अभियान से जुड़ने वालों को ऑनलाइन फॉर्म भरने की सेवा भी मिल सकेगी।

बेबसाइट की शुरुआत मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। जीएसवीएम मेडिकल कालेज में युग दधीचि देहदान अभियान की वेबसाइट के लोकार्पण पर अभियान प्रमुख मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर ने बताया कि अबतक प्रदेश के 21 राजकीय मेडिकल कालेजों को 319 मृतदेह अध्ययन के लिए दान की गई हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुये गोल्डी मसाले के निदेशक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सन्तोष कुमार अग्रवाल एडवोकेट अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वेबसाइट निर्माण का जो सपना उन्होंने देखा था आज साकार हो गया है। अभियान के संरक्षक राजीव महाना, डा. उमेश पालीवाल, विशिष्ट अतिथि डा. प्रदीप दीक्षित शेषनारायण त्रिवेदी अनिल दीक्षित संजय भारती, उत्कर्ष मिश्रा, रिमझिम मिश्रा एवं प्रकाश धवन एनाटमी विभागाध्यक्ष डा सुनीति पाण्डेय, राम सेवक पाल, प्रताप साहनी, सुरभि आर्या आदि रहे।



उद्घाटन करते सतीश महाना। अमृत विचार

## ईस्टर डॉन सर्विस को सफल बनाएंगे 300 कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूनाइटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर की गोविंद नगर में विशेष बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मत से तय हुआ कि 5 अप्रैल को रात 2 बजे क्राइस्ट चर्च इंटर कालेज माल रोड में भव्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए 300 कार्यकर्ताओं की टीम का गठन किया गया है।

यूनाइटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर के प्रमुख पादरी जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस बार 61 वीं ईस्टर डॉन सर्विस होगी जिसमें देश के विभिन्न स्थानों के कलाकार प्रभु यीशु के जी उठने की झांकियां प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ईस्टर डॉन सर्विस को एतिहासिक बनाने के लिए एक टीम का गठन किया गया है और प्रमुख लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 300 कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की गयी है। डॉ सी डैलियल, मिसेज हैलिना सिंह, पादरी अभिषेक लायल, पादरी विक्की लॉरेन्स, पादरी अनिल गिल्बर्ट, पादरी संजय आल्विन, भाई नोएल जॉर्ज, पादरी संतोष पाण्डेय, पादरी पप्पू यादव, भाई विनय मैसी पादरी अनिल ज्ञान प्रकाश आदि थे।



पादरी जितेंद्र सिंह। अमृत विचार

कविताओं की बहार

सनशाइन पब्लिक स्कूल एवं श्री मां पीतांबरा रॉयल सोसाइटी की ओर से कवि सम्मेलन का आयोजन

## पंडित किसी की कृपा से नहीं बड़ा है, बुद्धि-विवेक, समन्वय से खड़ा है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सनशाइन पब्लिक स्कूल एवं श्री मां पीतांबरा रॉयल सोसाइटी के तत्वावधान में ब्रह्मदेव चौराहा स्थित शिवम पैलेस आयोजित ''''अखिल भारतीय कवि सम्मेलन'''' में कवियों ने अपनी रचनाओं से हर किसी का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूंज उठा। सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

काव्य संध्या की शुरुआत कवयित्री शबीना अदीब की मखमली गजलों से हुई। उन्होंने अंधेरों के हर एक साज़िश यहां नाकाम हो जाए उजाले हर तरफ हो रोशनी का नाम हो जाए, मेरी कोशिश तो नफ़रत को दिलों से दूर करना है, मेरा मक़सद है दुनिया में मोहब्बत आम हो जाए सुनाया तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हेमन्त पाण्डेय ने एक फूल तुझे देने के लिये सस्ते में ले लिया। देखे न कोई इसलिए बस्ते में ले लिया सुनाकर वाहवाही लूटी। अखिलेश द्विवेदी ने संकट में काम आये जो मीत वही है, पहली नजर में भाये जो प्रीत वही है सुनाकर महफिल लूट ली। निर्मल तिवारी ने पंडित किसी की कृपा से नहीं बड़ा है, वो बुद्धि विवेक और समन्वय से खड़ा है, धनानंद सा जब कोई इतिहास गढ़ेगा, मजबूरी में छाती पर चाणक्य चढ़ेगा सुनाकर यह बताने की कोशिश की ब्राह्मण समाज को आजकल जो बदनाम करने की कोशिश हो रही है उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कवि धीरज सिंह चंदन ने मुझे सोच कर मुस्कराने लगी है, मेरे नाम को गुन गुनाने लगी है और मनु व्रत वाजपेयी ने आग में तप कर लोहा तीर बनता है। हिमशिखर गल कर पावन नीर बनता है सुनाकर वाहवाही लूटी तो वेदव्रत वाजपेयी ने नफरत के अम्बार लगे हैं जातिवाद के डेरों में। लेकिन अपनी शक्ति छिपी है मां शबरी के बेरों में सुनाया। इस दौरान हर कोई मंत्रमुग्ध नजर आया।

सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में हिंदी साहित्य और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। काव्य पाठ के समापन के बाद सभी आमंत्रित अतिथियों ने प्रीतिभोज का आनंद लिया। आयोजक मंडल के सदस्य एवं सन शाइन पब्लिक स्कूल के संस्थापक निर्मल तिवारी, राजेश सिंह और जगदीश शुक्ला ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। केके अग्निहोत्री, चन्दन राय, विवेक मिश्रा ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।



कवि सम्मेलन में कवियों के साथ मौजूद निर्मल तिवारी। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**न्यूज ब्रीफ**

### ई-रिक्शा पलटा, चालक समेत तीन घायल

उन्नाव, अमृत विचार : असोहा थाना क्षेत्र के गुरबक्श खेड़ा गांव निवासी रंजीत कुमार (30) पुत्र प्रेम ई रिक्शा चालक है। रविवार दोपहर वह ई रिक्शा लेकर सहरावां से लालाखेड़ा चौराहा जा रहा था। तभी सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरावां-लालाखेड़ा मार्ग पर एक निर्माणाधीन गोदाम के समीप कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे कार व ई रिक्शा कर सड़क किनारे खंती में पलट गए। हादसे में कार सवार दो लोग मामूली चोटिल हुए। वहीं ई रिक्शा चालक रंजीत घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी घायलों को सीएचसी नवाबगंज लायी। जहां से रंजीत को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### खेल प्रतियोगिताओं की हुई शुरुआत

उन्नाव, अमृत विचार : जिला खेल कार्यालय द्वारा कबड्डी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए कबड्डी मैट उपब्लध कराई गई है। खिलाड़ियों को समर्पित करने से पहले रविवार को जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल, निशि सब्बरवाल और जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव डा. अश्वनी कुमार शुक्ल, कृष्ण प्रताप सिंह, आनंद मोहन, कुशमेश पटेल ने कबड्डी खिलाड़ियों सहित पूजा अर्चना की। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला स्तरीय एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबाल और हैंडबाल की बालक और बालिका वर्ग में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज से शुरू होगी। खिलाड़ी प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए बाईपास स्थित जिला खेल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# दरोगा भर्ती की परीक्षा में 1369 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

## दूसरे दिन पहली पाली में 2400 परीक्षार्थियों में से 1695 वहीं दूसरी पाली में 2400 में से 1736 अभ्यर्थी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के 8 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की मौजूदगी में दरोगा भर्ती परीक्षा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

दूसरे दिन पहली पाली में 2400 परीक्षार्थियों में से 1695 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 705 परीक्षार्थियों गैर हाजिर रहे। वहीं दूसरी पाली में 2400 में से 1736 परीक्षार्थी उपस्थित व 664 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में पंजीकृत 4800 अभ्यर्थियों में से 3431 ने लिखित परीक्षा दी। शासन के निर्देशों के अनुसार सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में परीक्षा कराई गई। एडीएम सुशील कुमार, एएसपी अखिलेश सिंह, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी लगातार सभी केंद्रों की निगरानी करते रहे। केंद्रों के आसपास फोटो कापी की दुकान बंद रहीं। साथ ही परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रत्येक केंद्र पर कक्ष निरीक्षकों की संख्या से करीब दोगुना पुलिस बल तैनात किया गया था। महिला परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण उनकी तलाशी के लिए महिला पुलिसकर्मियों लगाया। शहर



परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

के डॉ. जी नाथ जी बालिका इंटर कॉलेज, अटल बिहारी इंटर कॉलेज, श्याम कुमारी सेठ बालिका इंटर कॉलेज, डीएसएन कॉलेज (ब्लॉक ए व बी), जीजीआईसी मोती नगर, पॉलिटेक्निक कॉलेज दही तथा जीआईसी सिविल लाइंस को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त के साथ कई खंड शिक्षा अधिकारियों को भी ड्यूटी पर लगाया गया था। कक्ष निरीक्षकों को सुबह सात बजे ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करा दिया गया था। जिन्हें परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिका का मिलान कर उन्हें केंद्र से बाहर आने दिया गया।

### ट्रक से टकराई बाइक, दो परीक्षार्थी हुए घायल

उन्नाव : कानपुर नगर के सजेती थानाक्षेत्र के उसूपुर गांव निवासी शाहरुख खान (27) पुत्र अजमत खान अपने दोस्त शशांक पुत्र दिनेश सचान के साथ रविवार को सुबह बाइक से लखनऊ में दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा देने जा रहा था। तभी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाइवे पर नवाबगंज नहर पुलिया के पास लखनऊ की ओर से ईंट लादकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक जैतीपुर मार्ग पर मुड़ने लगी। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सीधे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने शाहरुख खान की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कोतवाली में खड़ा कराया है।

### प्रदर्शन करने वाले आप नेताओं पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : कलक्ट्रेट स्थित झाड़ी शाह बाबा की मजार के पास गैस सिलेंडर की किल्लत व महंगाई के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों सहित 42 पर निषेधाज्ञा उल्लंघन, सड़क जाम करने सहित अन्य आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई है। बता दे कि गैस की किल्लत व महंगाई को मुद्दा बना शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने 6 पदाधिकारी व तीन दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट के बगल में झाड़ी शाह बाबा की मजार के पास धरना दिया। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक 19 मार्च तक निषेधाज्ञा लागू होने के बाद भी सभी ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया था। इससे आवागमन प्रभावित हो गया। सिविल लाइंस चौकी प्रभारी की तहरीर पर जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव समेत 42 पर निषेधाज्ञा के उल्लघंन समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# चैत्र नवरात्रः मंदिरों में शुरू हुई साफ-सफाई

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** आगामी चैत्र नवरात्र को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के माता के मंदिरों में साफ सफाई और रंग रोगन का कार्य शुरू हो गई हैं। इसके अलावा नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भव्य सजावट का कार्य कई दिनों से चल रहा है। इसके अलावा मंदिरों के बाहर चुनर, फूल के अलावा श्रंगार की दुकानें सज गई हैं।

राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में नवरात्र को देखते हुये पिछले कई दिनों से साफ सफाई और रंग रोगन का कार्य चल रहा है। रविवार को मंदिर परिसर में सजावट और साफ सफाई का कार्य कराया गया। खास बात यह देखी गई कि इस बार पिछले वर्षों की अपेक्षा मंदिर में भव्यता लाने के लिए झालर, ऑर्टिफिशियल फूल और कपड़े के जालीदार लेस से सजावट कराई जा रही है। मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं 19 मार्च को पहले दिन कलश स्थापना के साथ ध्वजारोहण किया जायेगा। 21 मार्च को रामचरित मानस का पाठ होगा



नवरात्र को लेकर प्राचीन दुर्गा मंदिर में होती साफ सफाई।

और अगले दिन राज्याभिषेक कराया जायेगा। पंचमी को पंचाग पूजन, अष्टमी को पूर्णाहुति दी जायेगी। नवमी को कन्या पूजन कराया जायेगा। वहीं नवरात्र में सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा नगर के गायत्री मंदिर, कंचना माई मंदिर, सिद्धदात्री मंदिर, काली मंदिर, शंकरपुर काली मंदिर, झंडेश्वर दुर्गा मंदिर, सोमा गौरी मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, दुर्गा मंदिर, पोनी रोड में दुर्गा मंदिर में भी साफ सफाई कराई गई।

# टेट के विरोध में शिक्षक 4 अप्रैल को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देश पर 4 अप्रैल को अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को लेकर रविवार को एक गेस्ट हाउस में फेडरेशन से संबद्ध संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद से शिक्षक 3 अप्रैल को रैली प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दिल्ली के लिए कूच करेंगे।

बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिलामंत्री गजेन्द्र वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ के जिला



प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए संकल्प लेते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

**● टीचर्स फेडरेशन से संबद्ध संगठनों ने बैठक कर बनाई रणनीति**

संरक्षक राघवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र, महामंत्री रामजनम सिंह तथा कोषाध्यक्ष सरल कुमार की उपस्थिति में आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पहले घोषित रामलीला मैदान में धरने की अनुमति न देकर शिक्षक एकता को दबाने का प्रयास किया गया है, लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि 4 अप्रैल को शिक्षक वहीं महारैली और धरना प्रदर्शन करेंगे, चाहे अनुमति मिले या न मिले। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को जनपद से दोनों संगठनों के शिक्षक 20 से अधिक बसों के साथ दिल्ली के लिए रवाना होंगे। जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र ने कहा कि अब सभी संगठन एकजुट हो चुके हैं और उनकी एकता को तोड़ना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षक इस काले कानून को वापस कराकर ही दम लेंगे। बैठक में तहसील प्रभारी अरविंद सिंह, महेन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, नूतन मिश्र, विकास सिंह, रज्जू प्रसाद, अविनाश तिवारी, संजय सिंह, योगेंद्र मिश्र, सत्य नारायण पटेल, अजय पाठक, मंत्री फूलचंद, सहदेव, विवेक शुक्ला, तौसीफ अली खान, संदीप कुमार, योगेश कुमार, नीरज यादव, अनूप कुशवाहा, गोविन्द मिश्र, अरुणेंद्र मिश्र और आदित्य मिश्र सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# शातिर मवेशी चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, लोडर व कार बरामद


**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचारः** मौरावां पुलिस ने पशु चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी कर स्लॉटर हाउस ले जाई जा रही दो भैंस बरामद हुई। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त लोडर व एक कार को भी सीज किया है।

मौरावां थाना के दरोगा सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को वह फोर्स के साथ गश्त पर थे। थे। तभी थाना क्षेत्र के बसहा चौराहे के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक लोडर को रोका। जिसमें दो भैंसे लदी थी। लोडर में बैठा व्यक्ति संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। इसी दौरान संदिग्ध खड़ी कार सवार लोगों से भी पूछताछ की गई तो सभी साथी निकले। पूछताछ में उन्होंने मवेशियों को चोरी करने की बात कबूल की। पकड़े युवकों ने अपना नाम विनोद यादव निवासी शिवदीन खेड़ा पुरवा, उमेश पासी निवासी पिण्डुरी मौरावां व पंकज पाल निवासी सहाय खेड़ा मजरा गौनामऊ मौरावां बताया। जांच में सामने आया कि इनका एक साथी छोटू पासी निवासी मलिहागाढ़ा थाना असोहा भी है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। लोडर व कार को सीज करने के साथ पुलिस ने सभी पर पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज किया। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी जेल भेजा गया।

# सपा ने पीडीए दिवस के रूप में मनाई कांशीराम जयंती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दलित-वंचित वर्ग की प्रखर आवाज और सामाजिक न्याय के पुरोधा कांशीराम की जयंती सपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में पीडीए दिवस के रूप में मनाई गई। अखिलेश यादव के निर्देश पर गार्डन ग्रीन लॉन लोकनगर में आयोजित कार्यक्रम में होली मिलन समारोह भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने अपनी विचारधारा के माध्यम से दलितों और वंचितों के अधिकारों को मजबूती दी और संवैधानिक मूल्यों को नई ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व विधायक उदय राज यादव, सुंदरलाल कुरील, बदलू खा, सुधीर रावत, राधेलाल रावत, पूर्व एमएलसी सुनील साजन सहित कई पूर्व विधायक और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने समाज में समानता, सम्मान और अधिकार की स्थापना के लिए कांशीराम के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### कांग्रेस ने सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाई जयंती

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव :** नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर रविवार को इंदिरा नगर में सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर कांशीराम की जयंती सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी ने कहा कि कांशीराम ने दलितों और पिछड़ों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक सत्ता में भागीदारी दिलाने का कार्य किया। उनका मूल मंत्र जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी रहा। उन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में दयाशंकर शुक्ला, दूधनाथ वर्मा, बाबूलाल गुप्ता, रामकिशोर पाल, संजय सिंह, विश्वनाथ दास, महेश मिश्रा, मो. हनीफ, पिंटू तिवारी, अर्जुन बाजपेयी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया कांशीराम का जन्मोत्सव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** पीतांबर नगर स्थित काशीराम पार्क में संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में बहुजन नायक




कांशीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समिति के पदाधिकारी।

कांशीराम का जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति अध्यक्ष चेतराम भारती ने कांशीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने त्रिशरण पंचशील बुद्ध वंदना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देशराज भारती, सुरेश चंद्र वर्मा, सौरभ राज भारती, महेंद्र प्रताप, संतोष कुमार गौतम, हेमराज गौतम, अनूप कुमार गौतम, श्रीराम, अनिल कुमार भारती, बसंत लाल, अंकित और सोनू सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत



वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटिका के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और उसकी लत में फंसते बच्चों की समस्या पर आधारित एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसे देखकर मौजूद अभिभावकों ने खूब तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, सुरेश शुक्ला और गोल्डी गुप्ता भी पहुंचे। विद्यालय प्रबंधक संतोष तिवारी, प्रधानाचार्या सुधा तिवारी और अभिषेक तिवारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह, सूरज, प्रद्युम्न, अंशु और हरि सहित सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# बालिकाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** अभेद्य कायस्थ महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गुलाल के रंगों और सांस्कृतिक सौहार्द के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा उपस्थित रहे।

उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज में एकता प्रेम और सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया। ऐसे आयोजन न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि आपसी रिश्तों में मिठास भी घोलते हैं। समारोह का मुख्य आकर्षण बच्चों



होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं। ● अमृत विचार

**● कायस्थ महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह**

द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। अन्य प्रतिभागियों ने भी अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। महासभा के अध्यक्ष शिशिर अस्थाना, महामंत्री डॉ. नमन निगम, कार्यकारी अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव मोहन वर्मा (साजू), कोषाध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव तथा सह-मंत्री कुशाग्र निगम आदि उपस्थित रहे।

# एसआई परीक्षा के प्रश्न पर जताई आपत्ति

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न को लेकर रविवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र में परीक्षा के एक प्रश्न पर आपत्ति जताते हुए संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

बताया गया कि परीक्षा में पूछा गया प्रश्न 'अवसर देखकर बदल जाने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?' था, जिसके विकल्पों में 'पंडित' शब्द भी शामिल किया गया। इस पर आपत्ति जताते हुए कहा गया कि 'पंडित' शब्द भारतीय समाज में एक सम्मानित पहचान से जुड़ा है और इस प्रकार के संदर्भ में उसका प्रयोग समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि ऐसे प्रश्न न केवल अभ्यर्थियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न करते हैं, बल्कि समाज में अनावश्यक विवाद की स्थिति भी पैदा कर सकते हैं। इसी मामले को लेकर अधिकारियों



प्रश्न पर आपत्ति जताते हुए ज्ञापन देते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि।

से मिलकर दोषियों और इस कृत्य के पीछे संभावित साजिशकर्ताओं के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। अधिकारियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### डॉ. प्रभात अध्यक्ष व सियाराम बने महामंत्री

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति और कला के संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित अग्रणी संस्था संस्कार भारती की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन रविवार को संपन्न हुआ। शहर के कृष्णा नगर



अध्यक्ष और मंत्री के साथ मौजूद संस्था के लोग।

स्थित पार्क व्यू पैलेस में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. प्रभात सिन्हा को अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र शंकर त्रिपाठी ने की। बैठक के मुख्य चरण में उपस्थित सदस्यों के प्रस्ताव और अनुमोदन के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा, महामंत्री सिया राम पांडे, कोषाध्यक्ष संजीव निगम नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी संभालते ही कला और भारतीय मूल्यों के संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताई। बैठक में डॉ. मनोज श्रीवास्तव, संजीव सिंह चौहान, डॉ. मनिता सिंह सेंगर, अजय सिंह, भरत कुमार, इंदु लेखा कनौजिया, आल्हा गायिका नैना गौतम, इंजीनियर शालिनी बाजपेई व डॉ. विनय तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मेले में 61 मरीजों का हुआ परीक्षण

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 61 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई।

**भ्रष्टाचार**


**बेसिक शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों पर 20 प्रतिशत तक कमीशन मांगने का आरोप**

# पीएम-श्री व स्मार्ट क्लास के बजट पर कमीशनबाजों की नजर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग में इन दिनों विकास कार्यों के नाम पर कमीशनखोरी का खेल चरम पर है। मार्च का महीना खत्म होने से पहले करोड़ों की धनराशि ठिकाने लगाने के चक्कर में अधिकारी और चहेते ठेकेदार सक्रिय हो गए हैं। पीएम श्री विद्यालयों से लेकर स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब तक हर जगह शिक्षकों को कार्यवाही का डर दिखा मोटी रकम वसूली जा रही है। यह वसूली कार्य के लिए जारी बजट की 20 प्रतिशत तक हो रही है। हालांकि, जिम्मेदार इन आरोपों को उनके विरुद्ध साजिश करार दे रहे हैं।

बता दें कि जनपद के 29 विद्यालयों को पीएम श्री घोषित किया गया है। जिसके तहत निर्माण और मरम्मत के लिए 1 करोड़ 90 लाख 82 हजार 624 रुपये की राशि जारी हुई है। आरोप है कि इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को जांच का भय दिखा उनसे 20 प्रतिशत तक कमीशन की वसूली की जा रही है। यह कह कर डराया जा रहा है कि यदि पैसा नहीं दिया तो सामग्री की गुणवत्ता खराब बता हरी झंडी नहीं दी जाएगी। वहीं, 39 विद्यालयों में लैब बनाने हेतु प्रति विद्यालय 1.33 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। यहां भी खेल वही है, निर्धारित फर्मों से ऑर्डर दिलाने के नाम पर अग्रिम कमीशन वसूला जा रहा है। 332 विद्यालयों में इन्वर्टर और स्टेबलाइजर खरीदने के लिए प्रति स्कूल 38 हजार रुपये भेजे गए हैं। यहां शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे केवल खास सप्लायरों से ही खरीदारी करें। 17 विद्यालयों में प्रति कक्ष





शिक्षक भवन। ● अमृत विचार

11.51 लाख रुपये का बजट आया है। जहां प्रधानाध्यापकों को सस्पेंशन और जांच का डर दिखा कमीशन सेट किया जा रहा है। भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण सफीपुर के पू.मा. विद्यालय के नवीन भवन निर्माण में देखने को मिल रहा है। यहां 29.44 लाख रुपये का बजट आया है लेकिन कार्य प्रधानाध्यापक के बजाय विभाग के चहेते ठेकेदार कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो निर्माण की अधिकांश धनराशि का भुगतान एक ही व्यक्ति या विशेष फर्म को किया गया है। जिसकी निष्पक्ष जांच होने पर बड़े घोटाले की पुष्टि हो सकती है। मरम्मत कार्य के लिए जिन विद्यालयों में 2 लाख से अधिक की धनराशि भेजी गई है वहां विभागीय अफसरों द्वारा 20 प्रतिशत कमीशन का रेट कार्ड फिक्स कर दिया गया है। जो शिक्षक इस भ्रष्टाचार का विरोध कर रहे हैं उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि और विभागीय कार्यवाही की धमकियां दी जा रही हैं।

> इसे लेकर मैने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। ऐसे सभी आरोप बेबुनियाद हैं। मेरे ऊपर इस प्रकार के आरोप एक सुनियोजित साजिश के तहत लगाए जा रहे हैं।– **शैलेश कुमार पाण्डेय, बीएसए उन्नाव**

### विजेता खिलाड़ियों को बांटे गए पुरस्कार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रजनींद्र दीक्षित अंडर-19 जनपदीय क्रिकेट लीग का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत करें, ताकि उन्नाव जनपद का नाम उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश और दुनिया में रोशन हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत नवीन सिन्हा, निम्मी अरोड़ा और मंजूलता ने किया। वहीं कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी का स्वागत मनीता सिंह, राकेश अस्थाना और साकिर हुसैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन पीके मिश्रा ने किया।



मनुष्यों का अस्तित्व उनकी चेतना से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इसके विपरीत, उनका सामाजिक अस्तित्व ही उनकी चेतना को निर्धारित करता है।
-कार्ल मार्क्स, दार्शनिक



## सुधार के आसार

देश में घरेलू और व्यावसायिक इस्तेमाल की गैस आपूर्ति में सुधार का आसार नजर आने लगा है। सरकार की कालाबाजारियों पर कारगुजारी से इसकी किल्लत की अफवाहों के शीघ्र समाप्त होने के संकेत मिलने लगे हैं। 92 हजार साठ सौ टन एलपीजी ला रहे दो जहाजों के कल तक गुजरात के कांडला तथा मुंद्रा बंदरगाह पर आ लगने की संभावना के साथ 22 दूसरे जहाज, जो हार्मुज स्टेट के पश्चिमी हिस्से में रुके हैं, जिनमें से छह एलपीजी ला रहे हैं, उन्हें भी शीघ्र वहां से निकलने की उम्मीद ने यह आशा बढ़ा दी है कि निकट भविष्य में घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या नहीं आने वाली। इसके अलावा कई अन्य जहाज खाड़ी के क्षेत्र में रुके हुए हैं, उन्हें भी सुरक्षित निकालने के लिए जहाजरानी मंत्रालय और सरकार अपने स्तर पर लगी हुई है। इसके अलावा ऊर्जा सुरक्षा के लिए विदेश मंत्रालय अमेरिका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क के साथ वैकल्पिक स्रोत तथा रास्ते भी देख रहा है।

29 राज्यों में वाणिज्यिक गैस आपूर्ति सुचारू होना भी स्थितियों में सकारात्मक प्रगति का संकेत है। इसी के मद्देनजर पेट्रोलियम मंत्रालय ने 75 लाख से बढ़ाकर अचानक 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई सिलिंडर बुकिंग पर लोगों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, आपूर्ति के प्रति आश्वस्त रहें। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले दो जहाजों की सुरक्षित निकासी केवल एक समुद्री घटना नहीं, बल्कि भारत की सक्रिय कूटनीति और ऊर्जा सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण संकेत है। यह संकेत देता है कि भारत ने क्षेत्रीय शक्तियों, विशेषकर ईरान और खाड़ी देशों के साथ संवाद की ऐसी संतुलित नीति अपनाई है, जिससे संकट की स्थिति में भी भारतीय हितों की रक्षा संभव हो पाती है। हालिया घटनाक्रम से घरेलू और वाणिज्यिक गैस संकट के तत्काल दबाव में कुछ राहत के संकेत अवश्य मिले हैं, लेकिन यदि क्षेत्रीय संघर्ष लंबा खिंचता है, तो स्थिति फिर से अस्थिर हो सकती है। ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता अक्सर कीमतों में तेज वृद्धि, आपूर्ति में देरी और घरेलू स्तर पर कालाबाजारी जैसी समस्याओं को जन्म देती है। यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि ईरान शेष भारतीय जहाजों को भी स्वतः निर्बाध मार्ग प्रदान कर देगा। होर्मुज का समुद्री मार्ग वैश्विक भू-राजनीति से गहराई से जुड़ा है और वहां की परिस्थितियां तेजी से बदलती रहती हैं, इसलिए भारत को निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखना होगा।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्पष्ट है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित निकासी तत्काल राहत का संकेत अवश्य है, लेकिन यह ऊर्जा सुरक्षा की बड़ी चुनौती का स्थायी समाधान नहीं। भारत को अपनी कूटनीति, ऊर्जा नीति और समुद्री क्षमता तीनों को समान रूप से मजबूत करना होगा, साथ ही घरेलू स्तर पर वितरण प्रणाली की निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, तभी कालाबाजारी और जमाखोरी को रोका जा सकेगा और भविष्य में ऐसे संकटों का सामना अधिक आत्मविश्वास से किया जा सकेगा।

# भारत को घटानी होगी ऊर्जा आयात पर निर्भरता





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल उन देशों तक सीमित नहीं है, जो सीधे युद्ध में शामिल हैं, बल्कि उन सभी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने भारत की आर्थिक वृद्धि, महंगाई और चालू खाता घाटे (CAD) को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है, कि क्या यह ऊर्जा संकट भारत की जीडीपी वृद्धि को धीमा कर सकता है और क्या सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2026 में लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, लेकिन इस आर्थिक विकास की एक बड़ी कमजोरी यह है कि भारत ऊर्जा के मामले में अभी भी आयात पर अत्यधिक निर्भर है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो उसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

एलपीजी के मामले में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। भारत में एलपीजी की मांग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में देश में एलपीजी की कुल वार्षिक खपत लगभग 31 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। इसमें से लगभग 20 से 21 मिलियन टन एलपीजी आयात के माध्यम से आती है, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 12 से 13 मिलियन टन के आसपास है। इसका अर्थ है कि भारत की एलपीजी जरूरत का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आयात पर निर्भर है।

एलपीजी की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण पिछले वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या में हुई तेजी है। वर्ष 2014 में भारत में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 32 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच को बढ़ाया है, जिससे इसकी मांग में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि भारत की ऊर्जा निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है।

भारत के एलपीजी और तेल आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होती है, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है।

हाल के दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमतें 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं, यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष और बढ़ता है, तो यह कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं। तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था पर कई तरह से असर डालती है। सबसे पहला प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। जब तेल और गैस महंगे होते हैं, तो परिवहन, बिजली और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इससे खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है। महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है और मांग कमजोर पड़ने लगती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव जीडीपी वृद्धि दर पर पड़ता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 0.3 से 0.5 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका कारण यह है कि ऊर्जा लागत बढ़ने से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है और निवेश तथा उत्पादन दोनों प्रभावित होते हैं।

तीसरा और सबसे गंभीर प्रभाव चालू खाता घाटे (CAD) पर पड़ता है। भारत पहले से ही अपने ऊर्जा आयात के कारण भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि होती है, तो भारत के आयात बिल पर लगभग 12 से 15 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और रुपये की कमजोरी भी बढ़ सकती है।

भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा खपत लगातार बढ़ेगी। ऐसे में यदि भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

सरकार ने इस जोखिम को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए हैं, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में कुछ समय तक ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखा जा सके। इसके अलावा सरकार ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बनाने और अमेरिका, रूस तथा अन्य देशों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है।

इसके साथ-साथ भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से निवेश कर रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य में भारत की ऊर्जा निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका-इज़राइल-ईरान संघर्ष केवल एक भू-राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

## आमने सामने



बीजेपी अपना मूल स्वरूप और विचारधारा छोड़ती जा रही है। जो पार्टी कभी समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी कहलाती थी, उसमें अब उन्हीं लोगों को किनारे किया जा रहा है, जिन्होंने दशकों तक जमीन पर काम किया। मौजूदा हालात देखकर कई बार उनका मन राजनीति से संन्यास लेने का होता है।
-अजेंद्र अजय
बीजेपी नेता, उत्तराखंड

पार्टी के खिलाफ इस तरह की बातें सार्वजनिक मंचों पर रखना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो व्यक्ति ऐसी सोच रखता हो, वह बीजेपी का कार्यकर्ता कहलाने का अधिकारी नहीं है।
-महेंद्र भट्ट
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उत्तराखंड



# सुंदरता सचमुच प्राकृतिक और शाश्वत सत्य है!



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

इतिहास बताता है कि अलग-अलग समय और स्थानों पर सुंदरता के पैमाने बिल्कुल अलग रहे हैं। यूरोप में एक समय पतली कमर को स्त्री-सौंदर्य का आदर्श माना गया और कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे, कि स्त्रियों को सांस लेने में कठिनाई होने लगती थी। चिकित्सा इतिहासकारों ने दर्ज किया है कि लंबे समय तक कॉर्सेट पहनने से सांस लेने में समस्या, पाचन संबंधी दिक्कतें और पसलियों के आकार तक में बदलाव देखे गए। चीन में सदियों तक छोटे पैरों को सुंदरता, शिष्टता और विवाह-योग्यता से जोड़ा गया। बच्चियों के पैरों को बचपन से ही कसकर बांधा जाता था, ताकि वे छोटे बने रहें। इतिहासकार डोरोथी को के शोध बताते हैं कि इस प्रथा ने लाखों स्त्रियों की गतिशीलता सीमित कर दी।

दुनिया के कुछ हिस्सों में सुंदरता का अर्थ भरा-पूरा शरीर रहा है। अफ्रीका के कई समुदायों में शरीर पर बने विशेष चिह्न, अलंकरण या आभूषण सुंदरता और पहचान का हिस्सा रहे हैं। भारत में भी समय और क्षेत्र के अनुसार सुंदरता के मानक बदलते रहे हैं। कहीं गोरी त्वचा को सुंदरता का प्रतीक माना गया, कहीं बड़ी आंखों और लंबे बालों को, कहीं पतले शरीर को आधुनिक आकर्षण का संकेत बनाया गया, तो कहीं भरे-पूरे शरीर को स्वास्थ्य और समृद्धि से जोड़ा गया। औपनिवेशिक दौर और उसके बाद के विज्ञापन इतिहास पर हुए अध्ययनों से यह भी सामने आता है कि गोरी त्वचा को वरीयता देने वाली प्रवृत्तियां आधुनिक बाज़ार और उपनिवेशवादी सौंदर्य-राजनीति से भी जुड़ी रहीं।

इन सभी उदाहरणों से एक बात साफ़ होती है, सुंदरता कोई स्थायी सत्य नहीं है। वह समय, समाज और संस्कृति के साथ बदलती रहती है, लेकिन इन मानकों के अनुसार खुद को ढालने का सबसे अधिक दबाव लगभग हर समाज में स्त्रियों पर ही पड़ा है। धीरे-धीरे यह दबाव इतना सामान्य बना दिया जाता है कि वह नियम जैसा लगने लगता है।

कई घरों में यह शिक्षा डांट की तरह नहीं, सलाह की तरह आती है। धूप में कम खेलो, रंग दब जाएगा। बाल ठीक रखो। ज़रा सलीके से बैठो। लड़की हो, अपने ऊपर ध्यान देना सीखो। ऐसे ही जाओगी क्या, थोड़ा तैयार हो लो। इन वाक्यों में कोई एक बड़ा अत्याचार दिखाई नहीं देता, पर इन्हीं से वह लंबी मानसिक रचना शुरू होती है, जिसमें लड़की अपने आप को व्यक्ति से पहले प्रस्तुति के रूप में देखना सीखती है।

यही वह जगह है, जहां सुंदरता पसंद नहीं रहती, वह एक सामाजिक अभ्यास में बदल जाती है। लड़की को केवल पढ़ना, काम करना, विनम्र रहना और संबंध निभाना ही नहीं सिखाया जाता, उसे अपने चेहरे, त्वचा, बाल, चाल, देह, कपड़ों और गंध तक पर चौकन्ना रहना भी सिखाया जाता है। बहुत-सी लड़कियां बहुत जल्दी सीख जाती हैं कि उन्हें कमरे में मौजूद होने भर से काम नहीं चलेगा; उन्हें 'ढंग से' मौजूद होना होगा। यह ढंग कोई निजी खोज नहीं होता; उसे परिवार, विद्यालय, बाज़ार, परदा, साथियों की राय और अब सामाजिक माध्यम मिलकर गढ़ते हैं।

देह-छवि पर हुए समकालीन अध्ययनों ने भी यही दिखाया है कि साथियों का दबाव, पारिवारिक टिप्पणी, मीडिया और विद्यालयी वातावरण मिलकर युवाओं की देह-धारणा बनाते हैं। ब्रिटेन की मेंटल हेल्थ फ़ाउंडेशन की रिपोर्ट में पाया गया कि 54 प्रतिशत लड़कियों ने कहा कि सामाजिक माध्यमों की छवियों ने उन्हें अपने शरीर को लेकर चिंतित किया। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा 2023 में प्रकाशित विश्लेषणों में संकेत मिला कि सामाजिक माध्यमों का उपयोग सीमित करने पर किशोरों और युवाओं में अपने रूप और वज़न को लेकर बेहतर महसूस करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यहीं बाज़ार अपना सबसे चतुर काम शुरू करता है। वह स्त्री से यह नहीं कहता कि तुम गलत हो; वह उससे कहता है कि तुम और बेहतर हो सकती हो। यह भाषा सुनने में प्रेरक लगती है, पर उसका पूरा ढांचा एक स्थायी कमी पर टिका होता है।

मनोविज्ञान में इस अनुभव को समझाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं दी गई हैं। उनमें से एक हैस्व-वस्तुकरण (Self-Objectification)। इसका अर्थ है कि व्यक्ति स्वयं को एक जीवित अनुभव की तरह नहीं, बल्कि दूसरों की नज़र से देखी जाने वाली वस्तु की तरह देखने लगता है। इसके साथ जुड़ी होती हैदेह-निगरानी (Body Surveillance) यानी लगातार यह देखना कि हम कैसे दिख रहे हैं। इससे रूप-संबंधी चिंता (Appearance Anxiety) बढ़ती है और व्यक्ति दूसरों से लगातार अपनी तुलना करने लगता है, जिसे मनोविज्ञान में सामाजिक तुलना (Social Comparison) कहा जाता है। इन प्रक्रियाओं पर अमेरिकी मनोवैज्ञानिक बारबरा फ्रेडरिकसन और टोमी-ऐन रॉबर्ट्स के प्रसिद्ध 'ऑब्जेक्टिफिकेशन सिद्धांत' में विस्तार से चर्चा की गई है।

अंत में बात बस इतनी है, लड़कियों को सुंदर बनने की नहीं, बिना सुंदर ठहराए भी पूरी तरह मनुष्य माने जाने की ज़रूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> यूरोप में कभी पतली कमर के लिए महिलाओं के कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे कि वह सांस भी मुश्किल से ले पाती थीं।

### प्रसंगवश

## हरियाणा सिविल सर्विस में ट्रांसजेंडर को समान अवसर

समाज में समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा में ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी नौकरियों में आवेदन का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति हरियाणा सिविल सेवा (HCS) सहित अन्य सरकारी पदों के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और संवैधानिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।



धनीश शर्मा
लेखक

जहां एक ओर समाज में आज भी ट्रांसजेंडर समुदाय को भेदभाव की नजरों से देखा जाता है, वहीं न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप आशा की किरण बनकर सामने आया है। लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वीकार्यता के क्षेत्रों में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। सरकारी नौकरियों के आवेदन पत्रों में केवल पुरुष और महिला का विकल्प होने के कारण वे स्वयं को पंजीकृत करने में असमर्थ रहते थे। इससे न केवल उनके अधिकार सीमित होते थे, बल्कि वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा से भी बाहर रह जाते थे। हाईकोर्ट ने इस स्थिति को असंवैधानिक मानते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिए।

कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार और संबंधित आयोगों ने आवेदन फॉर्म में तीसरे लिंग (ट्रांसजेंडर) का कॉलम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में आवश्यक तकनीकी संशोधन किए गए, ताकि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी बिना किसी बाधा के आवेदन कर सकें। प्रशासनिक दृष्टि से यह परिवर्तन भले ही एक तकनीकी सुधार लगे, लेकिन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक है। यह कदम यह संदेश देता है कि शासन व्यवस्था अब समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा सिविल सेवा राज्य की प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इसमें चयनित अधिकारी प्रशासनिक, राजस्व, विकास और कानून-व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे में ट्रांसजेंडर समुदाय को इस सेवा में भागीदारी का अवसर मिलना समानता की भावना को सशक्त करता है। यह न केवल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में उनकी पहचान और सम्मान को भी मजबूती देगा।

वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद देशभर में नीतिगत सुधारों की अपेक्षा की जा रही थी। यह पहल यदि पहले हो जाती तो बेहतर होता, क्योंकि संवैधानिक अधिकारों की स्थापना में देरी भी एक प्रकार की बाधा ही मानी जाती है। फिर भी, देर से ही सही, यह कदम स्वागत योग्य है। न्यायपालिका ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है।

जब तक रोजगार के अवसर समान रूप से उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक वास्तविक सामाजिक सशक्तिकरण संभव नहीं है। सरकारी सेवा में चयन केवल आर्थिक स्थिरता ही नहीं देता, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान भी प्रदान करता है। यदि ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनते हैं, तो वे समाज के विविध वर्गों की समस्याओं को अधिक संवेदनशीलता से समझ सकेंगे और नीतियों के निर्माण में व्यापक दृष्टिकोण ला सकेंगे। यह परिवर्तन केवल कागजों तक सीमित न रहे। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, परामर्श और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पहलवी की दावत और नीलो





साकिब सलीम
ब्लॉगर

जब शाह रज़ा पहलवी की दावत ने एक पाकिस्तानी अभिनेत्री को आत्महत्या की कोशिश तक पहुंचा दिया और इससे हबीब जालिब की बग़ावती नज्म पैदा हुई, जिसका रिश्ता बाद में फ़िलिस्तीन से भी जुड़ा।

नीलो 1960 के दशक में पाकिस्तान की बेहद लोकप्रिय फ़िल्म अभिनेत्री थीं। उनका जन्म एक कैथोलिक परिवार में हुआ था। उनका नाम था, सिंथिया अलेक्ज़ेंडर फ़र्नांडिस। 1956 में उन्होंने फ़िल्मी दुनिया में आते ही अपना स्क्रीन नाम नीलो रख लिया और 1965 तक वे पाकिस्तान की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में गिनी जाने लगीं।

11 फ़रवरी 1965 को उन्हें उस वक़्त के पाकिस्तान के गवर्नर अयूब ख़ान के क़रीबी सहयोगी आमिर मोहम्मद ख़ान ने बुलाया। ईरान के शासक शाह रज़ा पहलवी के सम्मान में एक डिनर पार्टी रखी गई थी और नीलो से उसमें नृत्य करने को कहा गया, लेकिन नीलो के विचार समाजवादी थे। उनका मानना था कि तानाशाहों और शासकों की निजी महफ़िलों में नाचना उनके उसूलों के ख़िलाफ़ है।

उन्होंने उस दावत में प्रदर्शन करने से साफ़ इंकार कर दिया। जैसा कि उम्मीद थी, यह बात गवर्नर को बेहद नागवार गुज़री। पुलिस भेजी गई और नीलो को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें ज़बरदस्ती उस पार्टी में लाया गया, ताकि वे नृत्य करें। इस अपमान और ज़िल्लत से टूटकर नीलो ने नींद की गोलियों की भारी मात्रा खा ली। पुलिस ने जैसे ही उन्हें नाचने पर मजबूर किया, वे बेहोश होकर फ़र्श पर गिर पड़ीं। डॉक्टरों को उन्हें बचाने में कई दिन लग गए।

तानाशाहों के सामने उनके इस साहसिक विरोध के अलावा पाकिस्तान की फ़िल्म इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया भी बेहद मज़बूत और एकजुट थी। फ़िल्मकारों ने नीलो के समर्थन में एक दिन की हड़ताल का एलान किया। मशहूर प्रगतिशील शायर हबीब जालिब, जो फ़िल्मों के लिए भी लिखते थे, उन्हें अस्पताल में देखने जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने एक बेहद ताक़तवर और बग़ावती नज़्म लिखी- 'नीलो'।

-फेसबुक वॉल से



### सामयिकी

## निंदा प्रस्ताव से ज्यादा बड़ी भूमिका में आए यूएन

अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ लाचार और मजबूर है। न तो इसके पास कोई अधिकार है न ही इसकी कोई सुनता है। पूरी शक्ति का प्रयोग यह संगठन सिर्फ छोटे देशों पर ही कर पाता है। बड़ी महाशक्तियां उसकी सुनती नहीं। अपनी आर्थिक, सामरिक ताकत के दम पर इस संगठन को अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों ने बंधक बना लिया है। कई ध्रुवों में बंट चुके देशों को अब एकजुट होना होगा और अपने हितों के लिए दंतविहीन इस संगठन को मजबूत करना होगा।

अब भी अगर सदस्य देश एकजुट नहीं हुए, तो फिर अमेरिका जैसे देशों की दादागिरी चलती रहेगी। आज ईरान में बेनुगाह मारे जा रहे हैं, कल किसी और देश की धरती को बारूद से पाट दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा संघ की फिर से बैठक बुलाई जाएगी। निंदा प्रस्ताव पास किया जाएगा, लेकिन युद्ध नहीं रुकेगा।



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जा जमाने की चाहत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश की धरती को खंडहर में तब्दील कर दिया। बम रूस की धरती पर भी फट रहे हैं। जानें वहां भी जा रही हैं, लेकिन चार साल से संयुक्त राष्ट्र संघ बार-बार निंदा प्रस्ताव पास करने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सका। कई बार वहां युद्ध रोकने का प्रस्ताव भी पास हुआ, पर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों के 10 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट 2026 के अनुसार इस युद्ध में लगभग 325,000 रूसी सैनिक व 140,000 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में की गई थी। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने, भविष्य में युद्धों को रोकने, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से मानव अधिकारों की रक्षा व सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह अपने उद्देश्य को पूरा कर पा रहा है? तो जवाब आता है, नहीं।

1950 के दशक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव डैग हैमरस्कजोल्ड ने मजाकिया लहजे में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र हमें स्वर्ग तक पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि नरक से बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन यह संस्था हमें युद्ध रूपी नरक से बचा नहीं पा रही है, इसलिए अब यह धारणा बनती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र एक संगठन के रूप में तेजी से अक्षम और अप्रभावी होता जा रहा है।

वैसे तो इस संगठन में 193 देश हैं, लेकिन कब्जा सिर्फ वीटो पॉवर वाले देशों अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और ब्रिटेन का ही है। रूस ने यूक्रेन पर यह कहकर हमला किया था कि वह नाटो का सदस्य बनकर उसके लिए खतरा बन रहा है, लेकिन इस युद्ध के पीछे यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जे की योजना थी, जो साफ दिखती है। यूक्रेन-रूस युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावे तो बड़े- बड़े किए थे। रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक भी की थी, लेकिन दुनिया को शांति का संदेश देते-देते वे खुद ही युद्ध करने में जुट गए।

ईरान में सत्ता किसकी रहेगी यह तय करने का अधिकार वहां की जनता का है, लेकिन सत्ता परिवर्तन के नाम पर ट्रंप ने इजरायल के साथ मिलकर इस देश को युद्ध में झोंक दिया और इसकी आग से सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, यूएई जैसे देश भी झुलस रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

# युद्ध ने बढ़ाया संकट मुसीबत में ऑटो सेक्टर

भारत में निर्मित होने वाली कारों के लिए मध्य पूर्व के देश एक बड़ा और प्रमुख बाजार है। लेकिन वहां लगी युद्ध की आग से कार निर्माता कंपनियां मुसीबत में आ गई हैं।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से ... सुरक्षा और बढ़े हुए बीमा शुल्क के कारण टाटा, मारुति और हुंडई जैसी कंपनियों को अपनी शिपमेंट रोकनी या टालनी पड़ रही हैं। हालांकि घरेलू बाजार में कारों की मांग पर अभी कोई असर नहीं पड़ा है, बीते माह यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतें और आर्थिक अनिश्चितता अगर बढ़ती है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तमाम लोग नए वाहन खरीदने का फैसला टाल सकते हैं। देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से गंभीर दबाव में आ गया है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती सप्लाई चेन बनाए रखना और निर्यात की राह में खड़ी बाधाएं हैं। मध्य पूर्व देशों में तनाव और समुद्री रास्तों पर खतरे के कारण भारतीय ऑटो कंपनियों ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ देशों में गाड़ियों की शिपमेंट टाल दी हैं। कंपनियों को डर है कि युद्ध के कारण शिपिंग लागत बढ़ सकती है और सुरक्षा का जोखिम भी है। इसी तरह कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन लागत बढ़ना शुरू हो गई है। इनपुट लागत बढ़ने का असर घरेलू बाजार में कारों की कीमतों और ईवी की मांग पर पड़ सकता है।

- सप्लाई चेन में व्यवधान, दबाव में निर्यात
- लॉजिस्टिक्स और शिपिंग लागत में वृद्धि
- उत्पादन लागत बढ़ने का मंडराता खतरा

### भारतीय कारों व दो पहिया वाहनों के लिए बड़ा बाजार है मध्य पूर्व

- मध्य पूर्व और नार्थ अफ्रीका के करीब 20 देशों का क्षेत्र, जिसे 'मीना' कहा जाता है, भारतीय कारों और दो पहिया वाहनों के लिए अहम बाजार है। ऐसे में वैश्विक तनाव से भारतीय ऑटो कंपनियों के सामने सबसे बड़ी चिंता इन देशों को होने वाले निर्यात तथा माल ढुलाई की लागत बढ़ने को लेकर है। हुंडई इंडिया अपने कुल उत्पादन का लगभग 21 फीसदी इन्हीं देशों को निर्यात करती है। टाटा मोटर्स का भी सबसे ज्यादा कारोबार यहां है। अशोक लेलैंड अपने निर्यात का 35 फीसदी इन देशों को भेजती है, तो बजाज ऑटो भी 15 फीसदी तक निर्यात मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका देशों को करता है। जाहिर है, इस स्थिति में युद्ध लंबा खिंचने से जिन कंपनियों का मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका क्षेत्र में ज्यादा निर्यात है, उनकी बिक्री पर तो सीधा असर पड़ेगा, लेकिन बाकी कंपनियों को भी माल ढुलाई दरें और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से कच्चे माल की लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ेगा।

## टायर उद्योग को सता रहा महंगाई की मार का खतरा



मौजूदा संघर्ष से देश के टायर उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। सप्लाई चेन पर दबाव आ सकता है। वाहन टायर निर्माताओं के संगठन (एटमा) ने केंद्र सरकार को बताया है कि भारत से पश्चिम एशिया को सालाना लगभग 25-26 करोड़ डॉलर के टायरों का निर्यात होता है। होर्मुज स्ट्रेट और स्वेज नहर सहित प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका को होने वाली खेपों को प्रभावित कर सकती है, जिससे माल भेजने में देरी और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। टायर बनाने में कच्चे माल की लागत का 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल से जुड़ा होता है। सिंथेटिक रबर, कार्बन ब्लैक, प्रोसेसिंग ऑयल और टायर कॉर्ड फैब्रिक जैसे मुख्य इनपुट कच्चे तेल से ही आते हैं।



### टोयोटा, हुंडई और मारुति ने पिछले साल किया करोड़ों डॉलर का निर्यात

- सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार भारत से साल 2025 में 8.8 बिलियन डॉलर मूल्य की कारों का वैश्विक निर्यात किया गया था, जिसका एक चौथाई हिस्सा सिर्फ मध्य पूर्व के देशों के लिए था। टोयोटा ने पिछले साल 47 करोड़ डॉलर का निर्यात किया, जिसमें 30 करोड़ डॉलर की कीमत की कारें सिर्फ मध्य पूर्व के देशों में भेजी गई थीं। इसी तरह हुंडई मोटर ने करीब 75 करोड़ डॉलर का निर्यात खाड़ी देशों को किया था, जबकि मारुति सुजुकी की मिडिल ईस्ट के निर्यात में हिस्सेदारी करीब 45 करोड़ डॉलर थी।

### वाहन पुर्जा उद्योग भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान

- वाहन पुर्जा उद्योग ने चेताया है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और लाल सागर में जहाजों के मार्ग में बाधाओं के कारण निर्यात की लॉजिस्टिक लागत बढ़ रही है, खेप भेजने में में देरी हो रही है तथा महत्त्वपूर्ण कच्चे माल का आयात बाधित हो रहा है। इसके साथ ही उत्पादन के लिए जरूरी एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विक्रमपति सिंघानिया का कहना है कि निर्यात के उत्पादन से जुड़े प्रमुख इनपुट का निर्यात और आयात दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

## ऑटो न्यूज



### 42 % स्कूटरों की बिक्री में पिछले माह दर्ज हुआ उछाल

- स्कूटरों की बिक्री में बीते माह फरवरी में 42.3% का बड़ा उछाल आया। देश भर में 7,29,774 यूनिट स्कूटरों की खरीद हुई। इसके मुकाबले मोटरसाइकिलों की बिक्री में 30.8% की वृद्धि दर्ज की गई और 10,96,537 यूनिट बाइक्स बेची गईं। इस तरह फरवरी में टू-व्हीलर की बिक्री में कुल मिलाकर 35.2% की बढ़त सामने आई और 18,71,406 यूनिट लोगों ने खरीदीं। इसके मुकाबले पिछले साल इस माह में 13,84,605 यूनिट टू-व्हीलर की बिक्री हुई थी।



### 74,573 थ्री-व्हीलर की पिछले माह हुई बिक्री

- तीन पहिया यानी थ्री-व्हीलर सेगमेंट में भी मजबूत प्रदर्शन सामने आया। फरवरी में तीन पहिया वाहनों की बिक्री 29% बढ़कर 74,573 यूनिट रही, जबकि पिछले साल यह 57,788 यूनिट थी पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी फरवरी माह में अच्छी वृद्धि देखने को मिली। कुल 4,17,705 यूनिट की बिक्री हुई। यह पिछले साल के 3,77,689 यूनिट के मुकाबले 10.6% ज्यादा रही, जबकि इसमें लग्जरी ब्रांड की बिक्री शामिल नहीं रहे।

## नई कारें : हाईटेक फीचर्स, नए स्टैंडर्ड्स

नई कार खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए नई लॉन्चिग ने नए अवसर और विकल्प दिए हैं। मसलन, पुरानी यादों में खोए रहने वाले खरीदारों को आखिरकार अपनी डस्टर वापस मिल गई है। टाटा सिएरा को हाथोहाथ लिए जाने के बाद अब टाटा सिएरा ईवी धमाल मचाने की तैयारी में है, तो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लिए एबेला भी भरोसेमंद विकल्प बन सकती है, जबकि रफ्तार और परफॉर्मेंस के दीवाने एसक्यू8 को देखकर ललचा सकते हैं।

### रेनॉल्ट डस्टर की पुरानी यादें नए अवतार में

- रेनॉल्ट डस्टर यह एसयूवी साल 2022 में भारत में बंद कर दी गई थी, चार साल बाद अब इसे नए अवतार में फिर से लॉन्च किया गया है। यह कार उन परिवारों के लिए आदर्श है जो सुविधाओं से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी की तलाश में हैं। माना जा रहा है कि नई डस्टर एक परिपक्व डिजाइन और अपडेटेड तकनीक के साथ क्रेटा और सेल्टोस को कड़ी टक्कर देगी। ग्राहकों को इसकी डिलीवरी अगले माह शुरू होने की उम्मीद है।
- नई डस्टर में दो टर्बो पेट्रोल इंजन ऑप्शन होंगे। पहला 1.0 लीटर टर्बो इंजन जो 100बीएचपी की पावर देगा, दूसरा 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 163बीएचपी की पावर पैदा करेगा। सुरक्षा के लिए इसमें छह एयरबैग और 360 डिग्री कैमरा के साथ लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम है। नए मॉडल में लेन कीप असिस्ट और एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल भी होगा। मजबूत बाहरी डिजाइन और अंदर डुअल डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं। टॉप वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें भी मिलेंगी। रेनॉल्ट डस्टर के नए अवतार की कीमत करीब 11 से 20 लाख के बीच रहेगी।





### अब धमाल मचाने आ रही टाटा सिएरा ईवी

- टाटा सिएरा पिछले दिनों लॉन्च हुई चर्चित गाड़ियों में शुमार रही थी। इस कार को ग्राहकों ने कितना पसंद किया, इसका अंदाजा इसकी बुकिंग से लगाया जा सकता है, जिसने वेटिंग पीरियड लंबा कर दिया। अब टाटा सिएरा ईवी की लॉन्चिग आकर्षण के केंद्र में है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक वेरिएंट को भी हाथोहाथ लिए जाने की उम्मीद लगाए है। टाटा सिएरा ईवी को अगले दो माह के भीतर लॉन्च किया जाएगा। यह कार रोज यात्रा करने वालों के लिए उन लोगों के लिए भरोसेमंद होगी, जिनके पास घर में चार्जिंग की सुविधा है और जो अपना मासिक ईंधन खर्च काफी कम करना चाहते हैं। सिएरा ईवी रेट्रो-प्रेरित डिजाइन को आधुनिक ईवी आर्किटेक्चर के साथ जोड़ती है। इसके इंटीरियर में टिकाऊ सामग्री और सिएरा श्रृंखला की खासियत वाला विशाल केबिन लेआउट होगा। एक बार चार्ज करने पर इसकी रेंज लगभग 500 किलोमीटर होने की उम्मीद है। डीसी फास्ट चार्जर से एक घंटे से कम समय में इसे 60 फीसदी तक चार्ज किया जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि सिएरा ईवी ईंधन की लागत को खत्म कर देती है। कम रखरखाव और संचालन लागत इसे समान मूल्य वर्ग में पेट्रोल से चलने वाली कारों के मुकाबले बेहतर दावेदार बनाती हैं। इस कार की अनुमानित कीमत 18 से 24 लाख के बीच होने की उम्मीद है।

### ई-विटारा से अलग है टोयोटा की अर्बन क्रूजर एबेला

- टोयोटा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर एबेला भी मार्केट में आ गई है। इसकी 25 हजार रुपये के साथ दो माह पहले बुकिंग की गई थी। इसकी कीमत 17 से 23 लाख रुपये एक्स शोरूम है। यह मारुति ई विटारा का टोयोटा संस्करण है, लेकिन उससे थोड़ी अलग तथा प्रीमियम है। इसमें 49 किलोवाट घंटे और 61 किलोवाट घंटे की दो बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 543 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करेंगे। इस एसयूवी में छह एयरबैग, डुअल 10.25 इंच की डिजिटल स्क्रीन, जेबीएल साउंड सिस्टम, पैनोरमिक ग्लास रूफ और टॉप वेरिएंट में लेवल 2 एडीएएस मिलेगा। जानकारों के मुताबिक यह हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और महिंद्रा बीई 6 को टक्कर देती नजर आएगी।






### 25 अपडेट्स के साथ आई नई हुंडई वरना

हुंडई इंडिया ने अपनी पॉपुलर सेडान 'वरना' का नया मॉडल पेश किया है, इसके जरिए कंपनी की नजर मिड साइज सेडान सेगमेंट के खरीदारों पर है। कंपनी ने इस लग्जरी सेडान में डिजाइन, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी से जुड़े 25 से ज्यादा बड़े बदलाव किए हैं। एक्सटीरियर में भी कई कॉस्मेटिक और स्टाइलिश बदलाव हुए हैं। इसमें ब्लैक क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डुअल एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर दिए गए हैं। कार को स्पोर्टी लुक देने के लिए 16-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स लगाए गए हैं। 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के कारण इस कार का मुकाबला होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस से माना जा रहा है। इस कार को 25 हजार रुपये की राशि देकर बुक किया जा सकता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11 लाख रुपये है।



### ऑडी एसक्यू 8 में पावर और भव्यता का संतुलन

- जिन लोगों को लगता रहा है कि ऑडी स्टैंडर्ड क्यू 8 में ताकत की थोड़ी कमी है, तो एसक्यू 8 उम्मीदों पर खरी उतरने वाली है। एसक्यू 8 में इंजन तो 4.0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 ही लगा है, लेकिन कम ट्यूनिंग के साथ, जो 507एचपी और 770 एएम का पावर जनरेट करता है। ऑडी का दावा है कि यह कार 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार 4.1 सेकंड में पकड़ लेती है। इस एसयूवी में मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स, स्पोर्टी डिजाइन एलिमेंट्स और प्रीमियम केबिन जैसी सुविधाएं हैं और इसे कस्टमाइज्ड यूनिट के रूप में लाया गया है। यह स्टैंडर्ड क्यू8 और टॉप-रेंज आरएस क्यू8 के बीच सटीक रूप से फिट बैठती है, जिससे खरीदारों को एक आकर्षक मध्य विकल्प मिलता है। इसकी अनुमानित कीमत 1.50 से 1.90 करोड़ एक्स-शोरूम रहने वाली है।

# पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी

## विपणन कंपनियां कर रही हैं रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क पर रोक लगाने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से खुद को हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने की तैयारी कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिस वजह से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है।

यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पाएंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा। सूत्रों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन परिचालन के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं।



### इन रिफाइनरी पर असर

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी एकल रिफाइनरियों का खुदरा बाजार में न के बराबर दखल है, वे अपना अधिकांश उत्पादन ओएमसी को बेचती हैं। ऐसे में उनके मार्जिन पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी रिफाइनरी भी प्रभावित होंगी। ये दोनों अपने उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा ओएमसी को बेचती हैं।

### युद्ध के बीच उचित कीमत पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा कोल इंडिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता रहेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है। सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की मुख्य वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि गर्मियों में बिजली की मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त कोयले का भंडार है।

### अदाणी-टोटल गैस ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटाई

कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम प्रति मानक घन मीटर 119 .90 से घटाकर 82 .95 रुपये कर दिए हैं। कहा है कि यह संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### एल्युमिनियम ढलाई बंद होने का हिंडाल्को ने खंडन किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज धातु विनिर्माता कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने रविवार को एल्युमिनियम ढलाई व्यवसाय बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि कंपनी के इस व्यवसाय की बिक्री या संचालन को नहीं रोका गया है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में ग्राहकों को भेजी गई सूचना केवल संभावित आपूर्ति व्यवधान के संबंध में सामान्य व्यावसायिक जानकारी थी। वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कंपनी के समग्र परिचालन या वित्तीय प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

### पंजाब : मान का उद्योग जगत से पूर्ण सरकारी सहयोग का वादा

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उद्योगपतियों को पूर्ण सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य को एक प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केंद्र बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर मान ने कहा कि इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी ने औद्योगिक विकास के लिए सही माहौल तैयार किया है और यह राज्य की आर्थिक प्रगति को तेज करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन के दौरान आए निवेश प्रस्तावों और तय परियोजनाओं की प्रगति का छह माह बाद फिर मूल्यांकन किया जाएगा।

# आईआईए ने केंद्र से एमएसएमई इकाइयों में गैस संकट के समाधान की उम्मीद जताई

- एमएसएमई इकाइयों में प्रभावित हो रही हैं विनिर्माण गतिविधियां

## आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- वास्तविक कमी से ज्यादा ये रसद-आपूर्ति श्रृंखला का मामला

**बरेली, अमृत विचारः** एलपीजी और औद्योगिक गैस की आपूर्ति में रुकावट के कारण कई एमएसएमई इकाइयों ने विनिर्माण गतिविधियों के प्रभावित होने की बात कही है, जिस पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भी चिंता जताई है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा है कि वर्तमान स्थिति गैस की वास्तविक कमी से कहीं अधिक रसद और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित है। उन्होंने इसके समाधान के लिए केंद्र सरकार और संबंधित आपूर्ति एजेंसियों के हस्तक्षेप और समन्वय की उम्मीद जताई है।

आईआईए अध्यक्ष ने कहा है कि संस्था को इस समस्या के कारण बंद हुई औद्योगिक इकाइयों की संख्या के संबंध में पुष्ट आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। हालांकि, उसने देश भर में अपने सदस्यों से गैस संकट के कारण हो रही परिचालन संबंधी कठिनाई, उत्पादन में व्यवधान या बंद होने की सूचनाएं मांगी हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित मंच पर रखा जा सके। दिनेश गोयल ने कहा, गैस की कमी से भट्ठियों, हीटिंग सिस्टम और प्रसंस्करण इकाइयों में गैस का उपयोग करने वाले उद्योग भी काफी प्रभावित होते हैं। इंडक्शन-आधारित भट्ठियां और हीटिंग सिस्टम जैसे इलेक्ट्रिक विकल्प कुछ औद्योगिक प्रक्रियाओं में आंशिक समाधान ही प्रदान कर सकते हैं। उनकी व्यवहारिकता तकनीकी उपयुक्तता और बिजली लागत पर भी निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, संस्था स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और हितधारकों के साथ संपर्क में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएसएमई के संचालन में गंभीर रूप से बाधा न आए।



### ये उद्योग सबसे ज्यादा संकट में

पैकेजिंग सामग्री निर्माण, प्लास्टिक घटक और एक्सट्रूजन इकाइयां, ऑटो पार्ट्स निर्माण इकाइयां, मशीनरी निर्माण और फेब्रिकेशन इकाइयां, रखरखाव और इंजीनियरिंग कार्यशालाएं, बिस्कुट और बन बनाने वाली बेकरी यूनिट और कांच और चूड़ी ढलाई इकाइयां, विशेष रूप से फिरोजाबाद में।

### भविष्य में गैस पर निर्भरता कम करने की भी कोशिश

आईआईए गैस आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर भी काम कर रहा है। बताया गया कि इस दिशा में उसने आईआईटी रुड़की, आईआईटी वाराणसी और आईआईटी धनबाद सहित प्रमुख तकनीकी संस्थानों के साथ परामर्श शुरू किया है। ताकि औद्योगिक गैस खपत कम करने की तकनीक, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए वैकल्पिक ऊर्जा विकल्प और टिकाऊ उत्पादन प्रणालियों जैसी संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

# आयकर विभाग की मुकदमा प्रणाली में बदलाव किया जाए

- संसदीय समिति ने की विशेषज्ञ मुकदमा समिति बनाने की संस्तुति

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की एक समिति ने आयकर विभाग से उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने से पहले कर विवाद के मामलों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ मुकदमा समिति गठित करने को कहा है। समिति ने मुकदमेबाजी के प्रति विभाग के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का आह्वान भी किया है।

वित्त मामलों की स्थायी समिति ने 2024-25 में उच्च न्यायालय के स्तर पर आयकर विभाग की सफलता दर महज 12.07 प्रतिशत और आईटीएटी स्तर पर 14.50 प्रतिशत रहने पर चिंता जताई है। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार आने वाले प्रतिकूल परिणाम प्रणालीगत कमजोरियों की ओर इशारा करते हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसलिए केवल यांत्रिक तरीके से अपील दायर करने के मुद्दे को हल करने की आवश्यकता है। अक्सर व्यक्तिगत जिम्मेदारी या सतर्कता जांच से बचने के लिए ऐसा किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के समक्ष 3.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विवादित राशि वाले 23,230 मामले लंबित हैं। इसी तरह, उच्च न्यायालय में 5.65 लाख करोड़ रुपये के 41,321 मामले और उच्चतम न्यायालय में 25,403 करोड़ रुपये की मांग वाले 6,880 मामले लंबित हैं।

## स्थाई लाइसेंस देने का एफएसएसएआई का निर्णय परिवर्तनकारी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाने-पीने की चीजों को व्यवसायियों को स्थायी लाइसेंस देने के निर्णय को परिवर्तनकारी बताया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इससे व्यवसायियों को बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराना होगा और अनुपालना का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि ये बड़े सुधार सरकार के उस विजन के अनुरूप हैं जिसके तहत नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाकर व्यापारियों, छोटे उद्यमियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।

# यात्रा नीति के दुरुपयोग में फंसे एयर इंडिया के 4,000 कर्मचारी

- अब भारी जुर्माने के साथ वसूली जा रही है हड़पी गई धनराशि

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई हैं। इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारियों को चिह्नित किया गया है जिसके बाद एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने के साथ सुधारात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है।

### मुफ्त टिकट लेकर ऊंचे दाम पर दूसरों को बेचे

ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके परिजनों को मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है। एयर इंडिया ने संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिए ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 6 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

# उपभोक्ता आयोग का आदेश असफल एटीएम लेनदेन पर मुआवजा देगा बैंक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी के मामले में एक्सिस बैंक को फटकार लगाते हुए उसे एक ग्राहक को राशि वापस करने और 10,000 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। ग्राहक को आठ वर्ष पहले एक असफल एटीएम लेनदेन में 5,000 रुपये का नुकसान हुआ था।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एटीएम में ग्राहक के बैंक खाते से राशि डेबिट होने के बाद नकदी नहीं मिलने को गंभीर मामला बताया। कहा कि ऐसे लेनदेन की जांच करना और ग्राहक को तत्काल राहत देना बैंक की जिम्मेदारी है। आयोग ने पाया कि बैंक ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, न लोकपाल के माध्यम से निष्पक्ष सुनवाई प्रदान की। यह असफल लेनदेन 19 अगस्त, 2018 का है। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष सतीश सप्रे और सदस्य मिलिंद केदार ने एकपक्षीय रूप से की, क्योंकि कानूनी नोटिस दिए जाने के बावजूद एक्सिस बैंक आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।



मेरठ में रविवार को एक गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर रिफिल कराने के लिए लगी लोगों को लंबी कतार।

# देश में एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से यह दावा करते हुए बताया गया है कि बुकिंग की स्थिति 13 मार्च को यह 88 .8 लाख थी।

**सरकार ने किया दावा डीजल-पेट्रोल एलपीजी की कोई कमी नहीं**

सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज्यादा खरीदारी करने से रोकने वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं। सरकार ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग पूरी करने के लिए इन ईंधनों का कोई आयात आवश्यक नहीं है।

# नए वित्तीय वर्ष में नए नियम

## कुछ आसानी और कुछ मुश्किल

नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के साथ एक अप्रैल से इस बार भी कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं। ये बदलाव मुख्य रूप से आयकर, बैंकिंग लेनदेन और सेवानिवृत्ति बचत से जुड़े हुए हैं। दावा किया गया है कि इन बदलावों से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों पर सकारात्मक असर पड़ेगा और उनके हाथ में अधिक बचत आएगी। इसके अलावा छोटे बैंकिंग लेनदेन सरल होंगे, हालांकि बड़े ट्रांजैक्शन और शेयर बाजार के सौदों पर सरकारी निगरानी और टैक्स का बोझ बढ़ सकता है।




### आयकर और टैक्स स्लैब

- नई टैक्स व्यवस्था अब डिफॉल्ट व्यवस्था होगी, इसके तहत 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- पुराने कानून की जगह इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू होगा, जिसमें धाराओं को 500 से घटाकर 333 कर दिया गया है।
- बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को भी उन शहरों में जोड़ा गया है जहां 50% छूट का दावा किया जा सकता है।
- नए नियमों में संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

कंपनियों की ओर से शेयर बायबैक से मिलने वाले पैसे पर डिविडेंड के बजाय कैपिटल गेन्स के रूप में टैक्स लगेगा।

### पैन कार्ड और लेनदेन के नियम

- बैंक या पोस्ट ऑफिस से साल भर में 10 लाख तक के नकद लेनदेन पर अब पैन अनिवार्य नहीं होगा।
- पांच लाख तक के वाहन, 20 लाख तक की संपत्ति की डील में अब पैन देना जरूरी नहीं होगा।
- एक लाख तक के बिल के लिए पैन डिटेल्स की जरूरत नहीं, पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी।

### बचत और निवेश

- पीएफ निकासी के नियमों को सरल कर तीन श्रेणियों में सीमित किया गया है। एटीएम/यूपीआई के जरिए पीएफ निकासी की सुविधा शुरू होगी।
- ग्राहक अपने रिटायरमेंट कॉर्पस का 80% हिस्सा एकमुश्त निकाल सकेंगे, पहले यह 60% था। सिर्फ 20% का एन्युइटी लेना अनिवार्य होगा।

### अन्य बड़े बदलाव

- विदेश यात्रा पैकेज और पढ़ाई/इलाज के लिए विदेश पैसे भेजने (एलआरएस) पर टीसीएस की दरों को घटाकर 2% कर दिया गया है।
- 1.5 करोड़ तक टर्नओवर वाले खाद्य व्यापारियों के लिए अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन काफी, 50 करोड़ से ऊपर टर्नओवर पर सेंट्रल लाइसेंस।
- फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में ट्रेडिंग करने वालों के लिए सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स 0 .02% से बढ़ाकर 0 .05% कर दिया गया है।

### एनएचएआई का वार्षिक पास 75 रुपये महंगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने वार्षिक पास का शुल्क 75 रुपये बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया है।

- अब देने होंगे 3,075 रुपये, एक अप्रैल से लागू होगा नया शुल्क

एनएचएआई ने रविवार को बताया कि वार्षिक पास सुविधा 15 अगस्त, 2025 को शुरू की गई थी ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत मिल सके। अब यह शुल्क वर्तमान के 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया गया है। यह संशोधन एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। एनएचएआई के अनुसार, यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरें तय करने और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। एनएचएआई ने कहा कि देश में 56 लाख से अधिक वाहन मालिक फास्टैग वार्षिक पास का लाभ उठा रहे हैं और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है। नया शुल्क वैध फास्टैग वाले गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगा।

# प्रवासी भारतीयों ने डीएलएफ की 5,250 करोड़ की संपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में प्रवासी भारतीयों को 5,250 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं।

यह कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग 16,176 करोड़ रुपये रही। इनमें से विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रवासी भारतीयों को 5,247 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची गईं। इस तरह कुल बिक्री में प्रवासी भारतीयों की हिस्सेदारी बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गई है।

# शीर्ष 10 कंपनियों का पूंजीकरण 4,48,478 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट से बीएसई की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 4,48,478 करोड़ रुपये कम हो गया है।

सबसे अधिक 89,306 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को हुआ। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के एमकैप में 61,715 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 59,082 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस को 53,314 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 42,205 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 38,689 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 33,290 करोड़ रुपये घट गया है।

सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 31,245 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 24,230.96 करोड़ रुपये कम हुआ। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 15,402 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,68,293 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 12,57,392 करोड़ के साथ दूसरे और एयरटेल 10,28,432 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

**विश्लेषकों की राय** | कच्चे तेल की कीमतों के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले का भी पड़ेगा प्रभाव

# ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों के मुताबिक इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। इसी कारण भूराजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा है कि इस संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी से भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है।



### उथल-पुथल से भरा रहा पिछला सप्ताह

- पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354 .98 अंक या 5 .51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299 .35 अंक या 5 .31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723 .27 अंक या 8 .27 प्रतिशत नीचे आ चुका है।
- पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के प्रभाव को देखते हुए विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वियतनाम में नेशनल एसेंबली को मतदान

**हनोई।** वियतनाम में मतदाताओं ने रविवार को नई नेशनल एसेंबली के चुनाव के लिए मतदान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा नेता तो लाम को देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर पुन: निर्वाचित किए जाने के दो महीने बाद यह मतदान हुआ। देश भर में लगभग 7.90 करोड़ मतदाता नेशनल एसेंबली के लिए 864 उम्मीदवारों में से 500 प्रतिनिधियों को चुनने के पात्र हैं। सभी उम्मीदवारों को कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले ही मंजूरी दे दी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एसेंबली पार्टी की राजनीतिक दिशा के अनुरूप बनी रहे। कम्युनिस्ट पार्टी राजनीतिक गतिविधियों को यह दलील देते हुए सख्ती से नियंत्रित करती है कि केंद्रीकृत नेतृत्व देश को बिना किसी बाधा के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार मरे

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक के उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट राहत सेवा ने कहा कि अली और वाएद ओदेह और उनके चार बच्चों में से दो को सिर में गोली लगी थी। समूह ने कहा कि ओदेह परिवार के दो जीवित बच्चों को छर्रे के घाव लगे थे, जिनका उपचार बचाव दल ने घटनास्थल तक पहुंचने की अनुमति मिलने के बाद की। समूह ने आरोप लगाया कि इजराइल ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस देरी से भेजी।

### किम ने देखा रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने शनिवार को पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा।

# यूएई के तीन शहरों के लिए एयर इंडिया ने रद्द कीं उड़ानें

- अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह के लिए संचालित की जा रही थीं विशेष उड़ानें

नई दिल्ली, एजेंसी

एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह को जाने वाली विशेष उड़ानों को रद्द किया गया है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में खेद व्यक्त करते हुए बताया गया है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आगे की तारीखों के लिए टिकट बुक करा सकते हैं या पूरा रिफंड पा सकते हैं। इनके अलावा, दिल्ली से दुबई की एयर इंडिया की पांच में से चार और एयर इंडिया एक्सप्रेस की छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज नियमित और विशेष के रूप से कुल 72 उड़ानों के परिचालन की सूचना दी थी। नियमित उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान की राजधानी मस्कट के लिए उपलब्ध हैं। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी दुबई से परिचालन पर प्रतिबंध बढ़ाये जाने की सूचना दी है।

# ताइवान द्वीप के करीब चीनी सैन्य विमानों से हड़कंप

**हांगकांग।** ताइवान ने द्वीप के निकट बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य विमानों की मौजूदगी देखी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ताइवान के मुताबिक पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों की गतिविधि में आई भारी गिरावट के बाद यह वृद्धि देखी गई है।

इसने कहा कि शनिवार को मंत्रालय ने द्वीप के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया, जिनमें से 16 विमान उसके मध्य और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। विमानों की संख्या में यह वृद्धि से विश्लेषक यह समझने में असमंजस में पड़ गए कि चीन की सेना आखिर क्या कर रही है।

# वीटो के चलते सुरक्षा परिषद संघर्ष रोकने में असमर्थ

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संरा प्रमुख गुतारेस बोले-सुरक्षा परिषद की व्यस्था में समस्या



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि यह स्वीकार करना आवश्यक है कि सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या है और यह वर्तमान दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती तथा स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो का इस्तेमाल किए जाने के कारण संघर्षों को रोकने में असमर्थ है।

गुतारेस ने शनिवार को बेरूत में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक समस्या है।

आज सुरक्षा परिषद मौजूदा विश्व का प्रतिनिधित्व नहीं करती। यह दरअसल 1945 के बाद के विश्व का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि 15 देशों की परिषद में तीन स्थायी सदस्य यूरोप से, एक एशिया से और एक अमेरिका से हैं, जबकि अफ्रीका या लैटिन अमेरिका से कोई स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए, वीटो के कारण परिषद को वैधता और दक्षता दोनों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमने बार-बार देखा है कि जब भी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है और उसे रोकना आवश्यक होता है, तो कोई देश वीटो का इस्तेमाल कर लेता है और सुरक्षा परिषद कार्रवाई नहीं कर पाती। गुतारेस ने कहा कि दुर्भाग्य से, यह एक ऐसी चीज है जिसे हम बार-बार देख रहे हैं और मुझे उम्मीद नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति में कोई बदलाव आएगा।

बता दें कि पिछले दिनों से सुरक्षा परिषद की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान और यूक्रेन-रूस संघर्ष से लेकर पिछले कई संघर्षों में उसकी भूमिका लगभग निष्प्रभावी रही है। ऐसे में कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र सहित सुरक्ष परिषद के क्रियाकलाप पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका सहित कई देशों ने तो संयुक्त राष्ट के होने को लेकर सवाल उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की जरूरत ही क्या है। भारत सहित कई देशों ने सुरक्षा परिषद में स्थायी देशों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

### पांच स्थायी सदस्य

सुरक्षा परिषद में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका वीटो शक्ति वाले पांच स्थायी सदस्य हैं, जबकि 10 अस्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित होते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने के प्रयासों में दशकों से अग्रणी रहा है जिसमें इसकी स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग शामिल है।

# कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में व्याप्त था भ्रष्टाचार


- कहा-भाजपा ने अपने10 साल के शासन में व्यवस्था को बदल दिया

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है।

शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा कि 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए। उन्होंने कहा कि इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपये), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। असम के सीएम हेमंत बिश्वा शर्मा भी मौजूद रहे।

### गृहमंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे।

# श्रीलंका में क्यूआर कोड से वाहनों को अब मिलेगा ईंधन

**कोलंबो।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति मार्गों में आए व्यवधानों को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने रविवार से देश भर में वाहनों के लिए अनिवार्य क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ईंधन वितरण शुरू कर दिया है। ऊर्जा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम देश के ईंधन भंडार का कुशल प्रबंधन करने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आज सुबह से प्रभावी हो गई है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना पंजीकृत क्यूआर कोड के वाहनों को ईंधन जारी नहीं किया जाएगा। सरकार ने इस प्रणाली के साथ-साथ वाहनों के लिए साप्ताहिक ईंधन कोटा भी निर्धारित किया है। इसके तहत बसों को 60 लीटर, कारों को 15 लीटर, मोटरसाइकिल को 5 लीटर, वैन को 40 लीटर और भारी वाहनों (लॉरी) को 200 लीटर ईंधन आवंटित किया गया है। इसके अलावा थ्री-व्हीलर्स के लिए 15 लीटर और विशेष प्रयोजन वाहनों के लिए 40 लीटर की सीमा तय की गई है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति में बाधा और घरेलू मांग में अचानक आई तेजी के कारण मौजूदा स्टॉक का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जरूरी हो गया था।

# पश्चिम बंगाल में पुजारियों और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाया

कोलकाता, एजेंसी

- विधानसभा चुनाव के एलान के पूर्व ममता बनर्जी ने की घोषणा



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में वृद्धि की घोषणा की और कहा कि यह कदम राज्य की आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को बनाए रखने में उनकी भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

बनर्जी ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल पर एक संदेश में कहा कि पुजारियों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल मानदेय 2,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राज्य सरकार विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार कर रही है।

राज्य की व्यापक कल्याणकारी पहलों के अंतर्गत बनर्जी के कार्यकाल में धार्मिक पदाधिकारियों के लिए मानदेय योजना शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पंजीकृत हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों को सरकार से मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की सहायता करना है जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए समुदाय के मामूली योगदान पर निर्भर रहते हैं। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता बनर्जी ने कहा कि यह निर्णय सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य में सामाजिक सद्भाव एवं समावेशिता के प्रति उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल का राजनीतिक माहौल गरमा रहा है और पार्टियां विभिन्न सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हर संभव प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना धार्मिक सेवा प्रदाताओं के लिए कल्याणकारी सहायता के रूप में बनाई गई है जबकि विपक्ष ने अतीत में इस नीति पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया है कि राज्य के धन का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं होना चाहिए। हालांकि, इस योजना के समर्थकों का कहना है कि मानदेय एक छोटा लेकिन सार्थक उपाय है।

# उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी हुआ ढेर

श्रीनगर, एजेंसी



- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किया एके राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए रात भर चले अभियान के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। कश्मीर पुलिस (जेकेपी) की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने केन्द्र शासित प्रदेश में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की पहली कोशिश शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर इलाके में विफल करने में सफलता हासिल की है।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिग्गी 2 उरी नामक ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ की कोशिश की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, 14-15 मार्च की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सतर्क सैनिकों ने झाड़ियों में एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। घात लगाकर किए गए हमले की रणनीति में बदलाव किया गया और आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने एके राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद किया है।

# राष्ट्र के सर्वोच्च हित में कार्य कर रही है केंद्र की सरकार

**समालखा (हरियाणा)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को विश्व में शांति की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार राष्ट्र के सर्वोच्च हित में सभी कदम उठा रही है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की तीन दिवसीय बैठक पर प्रेसवार्ता के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर आरएसएस पदाधिकारी ने कहा कि हम दुनिया में शांति चाहते हैं। आम लोगों का जीवन शांतिपूर्ण और सुखमय होना चाहिए, और हम भी यही चाहते हैं।

आरएसएस के शीर्ष नेता ने कहा कि वे युद्ध के कारणों का विश्लेषण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश की जनता के हित में हरसंभव प्रयास कर रही है। होसबाले ने यहां पत्रकारों से कहा कि देश के सर्वोच्च हित में जो उचित है, वही वे (भारतीय सरकार) कर रहे हैं तथा उनका कदम सही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद भारत के कुछ हिस्सों में भड़के विरोध प्रदर्शनों के बारे में पूछे जाने पर होसबाले ने कहा कि लोग किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन यह शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए।

# यूरोपीय यूनियन से अपने द्विपक्षीय संबंध को और मजबूत करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिवसीय यात्रा पर ब्रसेल्स के लिए रवाना हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं, जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे। मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है।

### जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक युर्गेन हाबरमास का निधन

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक और सामाजिक विचारक युर्गेन हाबरमास का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी शनिवार को उनके प्रकाशक सुह्रकैंप वर्लाग ने दी। जर्मनी के डसेलडोर्फ में 1929 में जन्मे हाबरमास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के दौर में जर्मनी के सबसे प्रभावशाली दार्शनिकों और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों में गिने जाते थे। उन्होंने 1960 के दशक में फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र का अध्यापन शुरू किया और उस समय पश्चिम जर्मनी के विश्वविद्यालयों में हुए छात्र आंदोलनों का समर्थन किया। हाबरमास को फ्रैंकफर्ट स्कूल का प्रमुख विचारक माना जाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। बनते कार्यों में विघ्न आने की संभावना है। अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

**कर्क** – आज मन में संदेह की भावना न आने दें। परिजनों की चिंता हो सकती है। खर्चों को लेकर अत्यंत चिंतित रहेंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य कर सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनाएंगे।

**कन्या** – आज गृह कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शांतिपूर्ण तरीके से आपके काम होंगे।

**तुला** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु** – आज संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। भविष्य के विषय में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे।


**मकर** – आज अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। किसी मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** – आज दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बिताएंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षमता में कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 09 .40 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- धनिष्ठा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

### सुडोकू -90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

## साक्षरता शिविर

### न्यायमूर्ति सूर्यकांत बोले-लोग राहत और न्याय पाने की उम्मीद में आते हैं अदालत

# सेवाभाव से काम करें न्यायिक प्रणालियां : सीजेआई

मंडी (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं।

मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है।

### लोक अदालतों में 5.5 लाख लंबित वाद निपटे

उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

# अरावली पहाड़ियों के लिए बनाई गई समिति के नामों को केंद्र ने दी मंजूरी

- परिभाषा तय करने के लिए गठित की गई है उच्चाधिकार समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है। शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है। इस समिति में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण(जीएसआई) और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं। हलफनामे में कहा गया है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निवेदन करता है कि उच्च-स्तरीय समिति के गठन के लिए सुझाए गए उपरोक्त नामों पर यदि यह न्यायालय विचार करता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।



> सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है। पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं। जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वालों की कड़ी मेहनत शामिल है।
>
> –रोहित शर्मा

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर नगर, सोमवार, 16 मार्च 2026

## हाईलाइट

### मर्सीडीज के किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में दर्ज की पहली जीत



**शंघाई।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया संन्यास

**कराची।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। उन्होंने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की।

### बंगलादेश ने पाकिस्तान को हराकर वनडे सीरीज 2-1 से जीती

**मीरपुर।** आगा सलमान (106) का शतक गया बेकार, बंगलादेश ने तंजिद हसन (107) और मो. तौहीद हृदोय (नाबाद 48) की शानदार पारियों के बाद तस्कीन अहमद की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। 291 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने 17 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान की पूरी टीम सिर्फ 279 रन ही बना पाई।

### गुलवीर न्यूयॉर्क सिटी हॉफ मैराथन में तीसरे स्थान पर रहे

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के स्टार धावक गुलवीर सिंह ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रविवार को प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क सिटी हॉफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में दुनिया के लंबी दूरी के शीर्ष धावक हिस्सा लेते हैं। सेना के इस 27 वर्षीय धावक ने कड़े अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और 59 मिनट 42 सेकेंड में दौड़ पूरी की। वह दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन वाइल्डशट से पीछे रहे जिन्होंने 59 मिनट 30 सेकेंड के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकता है मैच : गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया।

गंभीर ने कहा हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और



89 रन बनाए। गंभीर ने कहा मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था।

उन्होंने कहा मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हम बस और अधिक आक्रामक होना चाहते थे। पिछले डेढ़ साल से हमारी मानसिकता यही रही है कि मैदान पर उतरकर हम जितना हो सके उतना आक्रामक प्रदर्शन करें।

संजू को टीम में लाने का कारण दूसरे छोर से ऑफ-स्पिनर को नियंत्रित करना नहीं बल्कि इस बात पर आधारित था कि क्या हम पहले छह ओवरों में और अधिक आक्रामक हो सकते हैं। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं।



# गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया

## रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया।

गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। गिल ने कहा, मैं सबसे पहले यह पुरस्कार देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद करना चाहता हूं। भारतीय क्रिकेट के कई महान और दिग्गज खिलाड़ी पहले यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इसलिए यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल हमने भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में जो हासिल किया, पांच आईसीसी ट्रॉफियां जीतना, वह वास्तव में शानदार था। मुझे नहीं लगता कि पहले ऐसा कभी हुआ होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी।



नमन अवार्ड्स के दौरान टी-20 विश्व कप विजेता टीम के साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं। मंधाना ने कहा मैं इस पुरस्कार के बारे में बात कर सकती हूं, लेकिन टीम का जिक्र किए बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में बात करना संभव नहीं है। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं।

### मैदान पर अब दिख रही है भारतीय क्रिकेट की असली क्षमता : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि देश की समृद्ध क्रिकेट प्रतिभा अब मैदान पर असली सफलता में बदल रही है और वैश्विक टूर्नामेंटों में लगातार मिल रही जीत भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से मौजूद प्रतिभा को दर्शाती है। पिछले दो वर्षों में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पुरुषों के पिछले दो टी20 विश्व कप, महिला वनडे विश्व कप, पुरुष अंडर-19 विश्व कप और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीते हैं। बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा यह सब कुछ सही लग रहा है, है ना? उन्होंने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अपार क्षमता रही है और अब वह मैदान पर भी दिखाई दे रही है। मैदान के बाहर हमारे पास वह सबकुछ था जिसकी हमें जरूरत थी और अब मैदान पर भी उस क्षमता का साकार होते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। द्रविड़ ने कहा कि यह सफलता कई कारकों के एक साथ आने का परिणाम है, खिलाड़ियों से लेकर प्रशासकों और प्रशंसकों तक, सभी ने इसमें योगदान दिया है। उन्होंने 1996 में अपने पदार्पण के समय को याद करते हुए कहा यह अभूतपूर्व रहा है। पिछले तीन दशकों में भारतीय क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ा है, उसे देखना वाकई कमाल का रहा है। भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अद्भुत प्रतिभा रही है। हमारे पास हमेशा बहुत अच्छे प्रशासक रहे हैं। हमारे पास हमेशा बहुत अच्छे कोच रहे हैं और हम अविश्वसनीय बुनियादी ढांचे के साथ उनका सहयोग करने में सक्षम रहे हैं। हमारे पास हमेशा एक शानदार घरेलू क्रिकेट प्रणाली और एक बहुत अच्छी जूनियर क्रिकेट प्रणाली रही है। उन्होंने कहा, और दुनिया के कुछ सबसे अद्भुत प्रशंसक भी हमारे पास हैं। जिस तरह के समर्थक और प्रशंसक हमारे पास हैं, वे सब इसके हकदार थे कि मैदान पर सफलता मिले।

### भारत अब ऐसा बार-बार करेगा : संजू सैमसन

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 विश्व कप खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने रविवार को कहा कि देश आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक क्रिकेट पर राज करने के लिए तैयार है। यहां बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 के मौके पर सैमसन ने भारत की जीत के सफर के दौरान अपने प्रदर्शन की तुलना एक फिल्म से की और कहा कि उन्हें अब भी इस पर यकीन नहीं हो रहा है। पिछले रविवार की जीत के बारे में पूछे जाने पर सैमसन ने कहा अब भी जब मैं सुबह उठता हूं तो सोचता हूं कि क्या सच में ऐसा हुआ है? ईमानदारी से कहूं तो यही अहसास है। उन्होंने कहा लेकिन मुझे लगता है कि हमारे देश में जिस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह जीत बार-बार दोहराई जाएगी। जिस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए भारत निश्चित रूप से अब ऐसा बार-बार करेगा। टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद सैमसन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने सिर्फ पांच पारियों में लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाया।

### लक्ष्य है आईपीएल ट्रॉफी जीतना : सूर्यवंशी

**नई दिल्ली।** अंडर-19 विश्व कप विजेता और युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि उनका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए ट्रॉफी जीतना है। सिर्फ 14 साल की उम्र में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले इस बल्लेबाज ने आईपीएल 2025 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। इस साल अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी 80 गेंद में 175 रन की पारी ने भारत को रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अब उनका पूरा ध्यान आईपीएल पर है। सूर्यवंशी ने रविवार को यहां बीसीसीआई नमन पुरस्कारों के दौरान ''स्टार स्पोर्ट्स'' से कहा इस आईपीएल सत्र में मेरा लक्ष्य टीम के लिए ट्रॉफी जीतना है क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं ताकि मेरी पारी से पूरी टीम को फायदा मिले। मेरा उद्देश्य राजस्थान रॉयल्स की जीत में योगदान देना और फ्रेंचाइजी के लिए ट्रॉफी जीतना है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सूर्यवंशी ने पुरस्कार समारोह में अपने विश्व कप विजेता साथियों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा बहुत अच्छा लग रहा है। विश्व कप में भारत के लिए ट्रॉफी भी जीती। इस पुरस्कार समारोह की वजह से यहां अपने साथियों और कोचों से फिर से मिलकर बहुत अच्छा लग रहा है।

## 2027 में विश्व कप जीतना लक्ष्य : गिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल ने रविवार को कहा कि 2027 एकदिवसीय विश्व कप जीतना उनकी टीम का सबसे बड़ा लक्ष्य है, विशेषकर तब जब 50 ओवर के इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में वे ट्रॉफी जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे।

लगातार 10 मैच जीतने के शानदार रिकॉर्ड के बावजूद भारत को 2023 एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। जब गिल से पूछा गया कि क्या वे अगले एकदिवसीय विश्व कप के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने कहा बिल्कुल, मैं सोचता हूं। यही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। उन्होंने कहा हमें लगा था कि पिछली बार जब हम भारत में (फाइनल में) थे तो हम जीत के करीब पहुंच गए थे।

> देश के लिए किसी भी प्रारूप में विश्व कप जीतना ही सबसे बड़ा लक्ष्य होता है इसलिए बेशक यह बात कभी-कभी मेरे मन में आती रहती है।
>
> –शुभमन गिल

### 2023 विश्व कप का फाइनल दोबारा खेलना चाहूंगा : सूर्यकुमार

सूर्यकुमार यादव ने कहा कि अगर कोई ऐसा मैच है जिसे वे दोबारा खेलना और जीतना चाहेंगे तो वह 2023 एकदिवसीय विश्व कप का फाइनल मैच है। अहमदाबाद में हुआ 2023 विश्व कप का फाइनल मैच। मैं उसे दोबारा खेलना और जीतना चाहूंगा। भारत की 2024 टी20 विश्व कप जीत ने एक चिंगारी का काम किया, जिसकी वजह से हाल के वर्षों में अलग-अलग लिंग और उम्र की भारतीय टीम ने कई खिताब जीते हैं।



महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेह राणा, रेणुका सिंह, शेफाली वर्मा और क्रांति गौड़।

## रिकॉर्ड

16 वर्ष के विंगर मैक्स डोमैन ने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम के लिए स्टॉपेज टाइम में किया गोल

# प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने मैक्स डोमैन

लंदन, एजेंसी

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।



### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची

1. **मैक्स डोमैन :** 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)
2. **जेम्स वॉन :** 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)
3. **जेम्स मिलनर :** 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड)
4. **वायने रूनी :** 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल)
5. **रियो न्गुमोहा :** 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)

